आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 23°C | 8°C |

इनसाइड न्यूज

महाकुंभ के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 11 दिसंबर, 2024 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 60 www.janexpresslive.com/epaper




राहुल ने पार्टी के सांसदों को दी नसीहत... 12

# फतेहपुर में 185 साल पुरानी मस्जिद पर चला बुलडोजर

## हाईवे के रास्ते में थी, 25000 लोग नजरबंद, 500 मीटर एरिया सील, ड्रोन से निगरानी की

- जिला प्रशासन के अनुसार, नूरी जामा मस्जिद को अतिक्रमण वाली संरचना को हटाने के लिए नोटिस दिया गया था
- यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ जब मस्जिद समिति ने राहत की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

यूपी के फतेहपुर में 185 साल पुरानी नूरी मस्जिद का अतिक्रमण ढहाया गया। हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर 5 बुलडोजर ने करीब 7 घंटे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान नूरी मस्जिद का कुछ हिस्सा भी तोड़ा गया। सुबह 8 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर करीब 3 बजे तक चली। इसके बाद अतिक्रमण के मलबे को हटवाया गया। बांदा-कानपुर मार्ग को करीब 6 घंटे के बाद फिर से चालू किया गया। मौके पर डीएसपी समेत कई थानों की फोर्स तैनात रही। आरएएफ की टीम भी पहुंच गई है। इस दौरान ललौली कस्बे के 25000 लोगों को हाउस अरेस्ट किया गया। 500 मीटर एरिया को सील कर दिया गया। किसी को आने-जाने की इजाजत नहीं दी गई। ड्रोन कैमरे से इलाके की निगरानी की गई। हालांकि अब प्रशासन की कार्रवाई खत्म हो गई है।



### मस्जिद का हिस्सा बनने वाले ढांचे को हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया

पीडब्ल्यूडी ने सभी इमारतों के अतिक्रमित हिस्से को चिह्नित किया था। नोटिस पाने वाले सभी लोगों ने सितंबर में अतिक्रमण हटा लिया। मस्जिद समिति ने मस्जिद के बगल में बनी दुकानों के अतिक्रमित हिस्सों को भी ध्वस्त कर दिया। समिति ने मस्जिद का हिस्सा बनने वाले ढांचे को हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मस्जिद समिति के सदस्य इस मामले पर बोलने के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### विध्वंस के दौरान कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ

पीडब्ल्यूडी ने मस्जिद के कथित अतिक्रमण वाले ढांचे को गिराए जाने के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रशासन से मदद मांगी थी। त्रिपाठी ने कहा कि मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था, उन्होंने कहा कि विध्वंस के दौरान कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ।

### पीडब्ल्यूडी ने सड़क को मजबूत करने और नालियों के निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की मांग की थी

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दुकानदारों, मकान मालिकों और मस्जिद समिति सहित 139 लोगों को अगस्त में सड़क पर अतिक्रमण करके बनाए गए ढांचों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। पीडब्ल्यूडी ने सड़क को मजबूत करने और नालियों के निर्माण का काम शुरू करने के लिए अतिक्रमण हटाने की मांग की थी।

### क्यों ढहाया जा रहा मस्जिद का हिस्सा

फतेहपुर के बिंदकी से बांदा तक बांदा-बहराइच हाईवे का चौड़ीकरण होना है। नूरी मस्जिद भी हाईवे के रास्ते में आती है। पीडब्लूडी ने 17 अगस्त को मस्जिद कमेटी को नोटिस भेजा था। कमेटी ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 1 महीने का समय मांगा था, लेकिन कमेटी ने अतिक्रमण नहीं हटवाया। इसके बजाय मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें कहा कि मस्जिद 1839 में बनी थी। हमने कोई अतिक्रमण नहीं किया है। इस केस पर 6 दिसंबर को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई टल गई। अब 13 दिसंबर को सुनवाई होगी।

### एडीएम ने कहा, एक माह पहले नोटिस जारी किया गया था

फतेहपुर एडीएम अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि ललौली कस्बे में स्थित नूरी मस्जिद का जितना हिस्सा अतिक्रमण के दायरे में आ रहा था उसको तोड़ने के लिए एक माह पहले नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद मस्जिद कमेटी के लोगों ने अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा था। जब समय पूरा हो गया तो आज पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवानों को लगाकर अतिक्रमण के हिस्से को तोड़ा जा रहा है।

### नूरी मस्जिद का पूरा हिस्सा नहीं गिराया जाएगा -एई

फतेहपुर जिले के पीडब्ल्यूडी के एई एके गुप्ता ने बताया कि ललौली कस्बे में सड़क के दोनों ओर 12-12 मीटर का हिस्सा अतिक्रमण के दायरे में है। नूरी मस्जिद का पूरा हिस्सा नहीं गिराया जाएगा। मस्जिद के टूटने के बाद नाप कराकर सड़क के हिस्से में लिया जाएगा।

### सभी लोग सहयोग कर रहे हैं: अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया- बांदा-चिल्ला मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग व तहसील प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आज अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हमारे 5 सीओ, 10 थाना प्रभारी, 40 सब इंस्पेक्टर, 200 कॉन्स्टेबल-हेड कांस्टेबल, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून एआरएफ तैनात की गई है। सुरक्षा के इंतजाम चाक-चौबंद हैं और बड़े सद्भाव पूर्ण वातावरण में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सभी लोगों का हमें सहयोग मिल रहा है।

# नए साल में चलेगी पुलिस अफसरों की ट्रांसफर-प्रमोशन 'एक्सप्रेस'

## *करीब एक सैकड़ा पुलिस अफसरों के ट्रांसफर किए जा सकते हैं, इनमें डीजी रैंक से लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक तक शामिल*

- गृह विभाग और डीजीपी हेडक्वाटर का कार्मिक विभाग दोनों इसकी तैयारी में जुटे हैं
- जिन अफसरों के ट्रांसफर होने हैं उनमें 22 पीपीएस का नाम भी है जो प्रमोशन के बाद आईपीएस बने हैं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

साल के आखिरी दिनों में पुलिस महकमे में बड़े फेरबदल की तैयारी है। नए साल की शुरुआत में करीब एक सैकड़ा पुलिस अफसरों के ट्रांसफर किए जा सकते हैं। इनमें डीजी रैंक से लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक तक शामिल हैं। गृह विभाग और डीजीपी हेडक्वाटर का कार्मिक विभाग दोनों इसकी तैयारी में जुटे हैं। जिन अफसरों के ट्रांसफर होने हैं उनमें 22 पीपीएस का नाम भी है जो प्रमोशन के बाद आईपीएस बने हैं। इनको जिलों में तैनाती दी जाएगी।

### इस साल 67 अफसरों का प्रमोशन होना है

दिसंबर के आखिरी में आइपीएस अफसरों का प्रमोशन होता है। इस साल 67 अफसरों का प्रमोशन होना है। जिसमें 2019 बैच के 10 एएसपी से एसपी बनेंगे, जबकि 2012 बैच के 15 आईपीएस एसपी से प्रमोट होकर एसएसपी बनेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के 27 अफसरों को एसएसपी से डीआईजी, 2007 बैच के 12 अफसरों को डीआईजी से आईजी बनाया जाएगा। यही नहीं, 2000 बैच के 3 ऐसे आईपीएस भी हैं जिनको आईजी से एडीजी के पद पर प्रमोशन मिलेगा।




### ये प्रमोशन के बाद डीआईजी बनेंगे

2011 बैच के कुल 6 ऐसे अफसर हैं जो जिलों के कप्तान के तौर पर तैनात हैं। इनमें मथुरा एसएसपी शैलेंद्र पांडेय, झांसी एसएसपी सुधा सिंह, मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक सिंह, शाहजहांपुर एसएसपी राजेश एस, जौनपुर के कप्तान अजय पाल शर्मा और फतेहपुर के कप्तान आलोक प्रियदर्शी का नाम शामिल है। ये सभी अफसर प्रमोशन के बाद डीआईजी बनेंगे। यानी इनकी जगह नए कप्तान बनाए जाएंगे।

### इनका एडीजी रैंक में प्रमोशन होगा

2000 बैच के तीन आईजी अफसरों का एडीजी रैंक में प्रमोशन होगा। इनमें लक्ष्मी सिंह गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त रेंज आईजी प्रशांत कुमार द्वितीय और एटीएस आईजी नीलाब्जा चौधरी का नाम शामिल है। इसके अलावा 1991 बैच के आईपीएस दीपेश जुनेजा एडीजी रैंक से डीजी रैंक में प्रमोट होंगे।

## केंटर ने मारी मैजिक को टक्कर, सात की मौत

जन एक्सप्रेस । हाथरस

मथुरा-बरेली राजमार्ग पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव जैतपुर के निकट केंटर व मैजिक की भिडंत साढ़े तीन माह के बच्चे सहित सात की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर व अन्य वाहनों की मदद से घायलों को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर, लोडर वाहनों व एंबुलेंस से मृतकों के शवों को लाया गया। इस सवारी मैजिक वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं। सवारी मैजिक में करीब 21 लोग बैठे हुए थे। यह मैजिक हाथरस से सिकंदराराऊ की ओर जा रही थी। वहीं केंटर सिकंदराराऊ से हाथरस की ओर आ रहा था। आमने सामने की भिड़ंत में दोनों वाहन पलट गए। एक ही परिवार के करीब 10 लोग एटा में गांव नगला इमलिया में कैंसर पीड़ित को देखने के लिए जा रहे थे।

## हिंदू दंपति को तीन बच्चे पैदा करने चाहिए : प्रवीण तोगड़िया

जन एक्सप्रेस । बरेली




बरेली के आंवला में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि रक्षामंत्री के इशारे की देर है, बांग्लादेश का नामोनिशान मिट जाएगा। इसलिए समय रहते बांग्लादेश अपने यहां के हालात सुधार ले। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हालात काफी चिंतनीय हैं। मंगलवार को आंवला पहुंचे प्रवीण तोगड़िया ने विसौली रोड स्थित एक बरातघर में आयोजित हिंदू समरसता सभा को संबोधित किया। तोगड़िया ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वाले पत्थरबाजों के होश ठिकाने लगाने के लिए योगी जैसे नेता की जरूरत है, इसलिए योगी का समर्थन सभी हिंदुओं को करते रहना होगा। उन्होंने अब पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तोगड़िया ने बुलडोजर को शांति का प्रतीक बताया। प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हो सकता है कि हम चुनाव में जाति पंथ के कारण किसी का समर्थन करते हों, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद हम सब को हिंदू बनकर रहना होगा। कहा कि विश्व के जिन कटरपंथी देशों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं वहां का बहुसंख्यक समाज उन पर अत्याचार कर रहा है। तोगड़िया ने कहा कि प्रत्येक हिंदू दंपती को कम से कम तीन बच्चे जरूर पैदा करने होंगे।

## बॉलीवुड एक्टर मुश्ताक खान का अपहरण, इवेंट के बहाने बुलाकर फिरौती वसूली... बिजनौर में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । बिजनौर

कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण करने से पहले बिजनौर का गिरोह बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान से भी वसूली कर चुका है। लोगों को सम्मानित कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाने के बहाने मुश्ताक खान को बुलाया गया। बाकायदा मुंबई से दिल्ली तक का फ्लाइट टिकट भी कराया। दिल्ली एयरपोर्ट से लेने के लिए बिजनौर की स्कॉर्पियो पहुंची थी। मंगलवार को अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान के इवेंट मैनेजर शिवम यादव निवासी जोगेशपुरी वेस्ट मुंबई की तहरीर पर शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसमें कहा गया कि 15 अक्तूबर को मेरठ से राहुल सैनी ने मुश्ताक मौहम्मद खान से वरिष्ठ लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बात की। उक्त कार्यक्रम के लिए राहुल सैनी ने रकम का भुगतान किया और 20 नवंबर का मुंबई से दिल्ली के लिए एक फ्लाइट टिकट बुक कराया। 20 नवंबर को मुश्ताक खान को दिल्ली एयरपोर्ट से राहुल सैनी द्वारा बुक कराई गयी गाड़ी से रिसीव किया गया। उक्त गाड़ी मेरठ लेकर आने वाली थी। कैब में ड्राइवर के साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। उधर जैन शिकंजी के पास ड्राइवर ने गाड़ी रोक ली और दूसरी गाड़ी में बैठा लिया। हालांकि उक्त गाड़ी को भी पहली गाड़ी का ड्राइवर ही चला रहा था। गाड़ी के कुछ दूर चलने के बाद दो अन्य लोग भी सवार हो गए, जिसका मुश्ताक मौहम्मद खान ने विरोध किया। मगर आरोपियों ने आतंकित करते हुए अपहरण कर लिया और अज्ञात जगह पर ले गए। इसके बाद उनका मोबाइल लेकर एकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर लिए।



### अपहरण कर मुश्ताक को लाया गया बिजनौर

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुश्ताक खान का अपहरण करने के बाद बिजनौर लाया गया। यहां पर उन्हें दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह छूटकर मुश्ताक 23 नवंबर को भाग गए। मोहल्ला चाहशीरी में मुश्ताक खान को रखा गया था, जिनसे दो लाख रुपये वसूले गए।

### स्कॉर्पियो की तलाश में लगी है पुलिस


पुलिस सूत्रों की मानें तो मुश्ताक खान को स्कॉर्पियो गाड़ी से लाया गया था। फिर इसी गाड़ी का इस्तेमाल मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण करने के लिए भी किया गया। पुलिस उक्त स्कॉर्पियो की तलाश में लगी है।

**रिपोर्ट** पुलिस से स्पा सेंटरों को संरक्षण देने के बदले एक सेंटर से 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपए प्रति माह की वसूली करते हैं पुलिस वेशधारी दलाल

# राजधानी में हुस्न की मंडी बने स्पा सेंटरों में होता है जिस्म का सौदा...!

- स्पा सेंटर्स में चल रहे काले कारोबार पर रोक लगाने में नाकाम है बावन थानों की पुलिस!
- पांच हजार से लेकर पंद्रह हजार तक चौकी तो दस से तीस हजार रुपए में सेट होते हैं थाने
- लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के कई थाने स्पा सेंटरों से वसूलते हैं मोटी रकम!



जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। इसमें कोई संदेह नहीं कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बीते सात सालों में लगभग हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लेकिन राजधानी में मसाज सेंटर और नेचुरल थेरेपी के नाम पर संचालित स्पा सेंटरों में जिस तरह जिस्मफरोसी का गंदा खेल खेला जा रहा है, उससे वह दिन दूर नहीं जब अदब और तहजीब के शहर के नाम से मशहूर लखनऊ अय्याशी का पर्याय बन जाएगा। जहां प्राकृतिक चिकित्सा और नेचुरल मसाज का प्रयोग अक्सर लोग अपनी थकान दूर करने व ताजगी महसूस करने के लिए करते थे, वहीं ज्यादातर स्पा सेंटर और मसाज पार्लर में इस काले धंधे की एंट्री होते ही अब ये बदनाम जगह में तब्दील होने लगे हैं। सबसे ज्यादा दुख की बात यह है कि प्रशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने वाली प्रदेश की पुलिस भी इस खेल में बराबर की हिस्सेदार होती जा रही है। एक केंद्र की पूर्व संचालिका ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर कई बड़े राज से पर्दा उठाया है। सूत्रों की मानें तो पक्ष विपक्ष के कई माननीय भी इस धंधे में अपना हाथ डाल चुके है जिनमे कुछ वर्तमान विधायक व सांसद भी शामिल हैं।

### कई कथित बड़े नेता सहित पुलिस के नुमाइंदे बने हैं कलंकित स्पा सेंटरों के सरपरस्त

लखनऊ के पुलिस कमिश्नरेट में पांच जोन हैं। पश्चिमी जोन में 13 थाने, उत्तरी जोन में 11 थाने, मध्य जोन में 10 थाने, पूर्वी जोन में 9 थाने, दक्षिणी जोन में 9 थाने। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में कुल 52 पुलिस थाने हैं। इनमें से दो महिला थाने हैं। एक शहरी क्षेत्र के लिए और एक ग्रामीण क्षेत्र के लिए। लखनऊ ग्रामीण के बख्शी का तालाब, इटौंजा, मलिहाबाद, माल, रहीमाबाद, निगोहां थाने को भी कमिश्नरेट में शामिल किया गया है। जिनमे से कृष्णानगर, गोमतीनगर, पारा, नाका हिंडोला, आलमबाग, इंदिरा नगर, सरोजनीनगर, हजरतगंज, हुसैनगंज, आशियाना थानों में सबसे ज्यादा स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं, जबकि कई सेंटर ऐसे हैं जो थानों के सामने ही बेखौफ होकर संचालित हो रहे हैं, ऐसा लगता है मानो इन्हें न पुलिस का खौफ है न सरकार का। सबसे दिलचस्प बात ये है कि थाने के पुलिस कर्मी बराबर स्पा सेंटर संचालकों के संपर्क में रहकर उन्हें समय समय पर आगाह भी करते रहते हैं। वहीं कृष्णा नगर थाने के दो सौ मीटर के अंदर तीन तो आलमबाग थाने के पांच सौ मीटर के दायरे में पांच ऐसे मसाज सेंटर हैं जहां मसाज के नाम पर जिस्म फरोसी का धंधा चलाया जाता है। इसी प्रकार आशियाना थाने के पांच सौ मीटर के दायरे में चार सेंटर संचालित होते हैं। इसके बावजूद चंद पैसों की खनक के आगे कई जिम्मेदार अपने घुटने टेकने को मजबूर नजर आते हैं।

### दलालों के माध्यम से बाहर से लखनऊ लाई जाती हैं लड़कियां!

सूत्रों की मानें तो लखनऊ के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों की छात्राओं के साथ ही हैदराबाद, बैंगलोर, मुंबई, दिल्ली, असम, कोलकाता, पटना, आंध्र प्रदेश व नेपाल जैसे शहरों से दलालों के माध्यम से लड़कियों की खरीद फरोख्त की जाती है। जिसमें कुछ बड़े घरानों की लड़कियां अपनी पॉकेट मनी के लिए स्वेक्षा से इस काम में शामिल होती हैं। यदि कोई लड़की या महिला बाद में इस गंदे काम से निकलना भी चाहे तो उन्हें बदनामी का डर दिखाकर ब्लैकमेल किया जाता है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो इस काले धंधे में सफेदपोश भी शामिल हैं, जिसके कारण इस गंदे कारोबार को खत्म करने में अक्सर पुलिस व प्रशासन भी बौना साबित होता नजर आ रहा है।

> इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है लेकिन सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी।
> – डीसीपी दक्षिण जोन लखनऊ कमिशनरेट

### ग्लैमर और पैसों का लालच देकर इस धंधे में धकेली जाती हैं लड़कियां!

जानकारों की माने तो कहीं पैसों की जरूरत तो कहीं महिलाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें इस धंधे में उतारा जाता है। कई बार बाहर की लड़कियों को ऑफिस वर्क बताकर लाया जाता है और उन्हें जिस्म फरोशी के दलदल में फेंक दिया जाता है। जबकि उन्हें जबतक इस बात का पता चलता है तबतक उनकी आईडी व जरूरी दस्तावेज सिंडिकेट द्वारा जप्त कर लिए गए होते हैं।

### कुछ इस तरह फसाए जाते हैं ग्राहक!

शौकीन मिजाज लोग ऑनलाइन के साथ ही जस्ट डायल जैसी ऑनलाइन सेवा प्रदाता कंपनियों का सहारा लेकर क्वॅरी करते हैं, उसके बाद विभिन्न सेंटर्स से ग्राहकों के पास फोन कॉल आने शुरू हो जाते हैं। टेलिकालर द्वारा ग्राहकों से पहले थेरेपी की बात की जाती है, उसके बाद सर्विस की बात बताई जाती है। सेक्स के लिए सर्विस शब्द जैसे कोड वर्ड का प्रयोग किया जाता है। टेलिकालर द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए शहर के प्रतिष्ठित स्कूल और कॉलेज की लड़कियों का भी जिक्र किया जाता है। ग्राहक द्वारा मांग करने पर फोटो भी भेज दी जाती है, ताकि वे अपनी पसंदीदा लड़की का चुनाव कर सकें। यदि उम्र की बात करें तो ज्यादातर इस धंधे में सोलह वर्ष से तीस वर्ष की लड़कियों और महिलाओं का स्टाफ रखा जाता है। एक हजार से तीन हजार रुपए प्रति ग्राहक से चार्ज वसूल किया जाता है, जिसमें मसाज के साथ अन्य अनैतिक कार्य का शुल्क भी शामिल होता है।

### सरकार के लिए चुनौती बने स्पा सेंटर्स के नाम पर फैली गंदगी!

पूर्व संचालिका ने आगे बताया कि कई बड़े नेता हैं जो इन्हीं सेंटर की लड़कियों का इस्तेमाल पहले खुद करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपने खास मेहमानों के लिए भी मंगवाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि कई बड़े अधिकारी व कई पुलिस अधिकारी भी चोरी छिपे रासलीला करने पहुंच जाते हैं। पूर्व संचालिका ने आगे कहा कि शहर में स्पा सेंटर के नाम पर हो रहे देह व्यापार की गंदगी ने इस कदर अपनी जड़ जमा ली है कि वर्तमान सरकार के लिए इसे साफ कर पाना नामुमकिन है।

### जिम्मेदारी से क्यों भागते है अफसर!

पहला कारण साफ करते हुए एक पुलिस अधिकारी के अनुसार ऐसी बदनाम जगह पर छापेमारी के दौरान जो महिलाएं पकड़ी जाती हैं उनकी पुनर्वास की पूरी जिम्मेदारी उठानी पड़ती है, जिसके कारण ज्यादातर अधिकारी खुद को बचाते हुए झंझट मोल नहीं लेना चाहते। वहीं दूसरा कारण यह है कि स्थानीय पुलिस टीम की संलिप्तता के कारण बाहरी छापेमारी की सूचना पहले ही सेंटरों तक पहुंचा दी जाती है, जिससे ज्यादातर सेंटर संचालक पहले ही सचेत हो जाते हैं और छापेमारी करने वाली टीम खाली हाथ लौट जाती है।

### कैसे होता है स्पा सेंटर का संचालन...!

पहचान गोपनीय रखने कि शर्त पर एक स्पा सेंटर की पूर्व संचालिका ने बताया कि एक मसाज सेंटर शुरू करने के लिए पांच से सात लाख रुपए का एक बार खर्च आता है, जिसमें फर्नीचर व डेकोरेशन के साथ ही अन्य चीजें शामिल होती हैं। जिसके बाद मसाज पार्लर या नेचुरल थेरेपी का एक लाइसेंस लेना होता है और इसी लाइसेंस की आड़ में जिस्म के सौदे का काला खेल शुरू होता है। वहीं महिला स्टाफ के लिए प्रतिदिन के हिसाब से एक हजार से पंद्रह सौ रुपए एक स्टाफ को देना होता है, जिसमें एक स्टाफ को एक दिन में न्यूनतम छः सर्विस देनी होती है। जबकि सेंटर के मैनेजर को एक हजार रूपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है। साथ ही सहुलियत से काम करने के लिए एक सेंटर से स्थानीय थाने चौकी को दश हजार रुपए से लेकर पचास हजार रुपए तक प्रतिमाह दिया जाता है, जिसमें थाने व चौकी का हिस्सा अलग अलग जाता है, ताकि पुलिस का खतरा न रहे। पूर्व संचालिका ने कहा कि सेंटर पर बैठने वाले लोग नाम मात्र के संचालक होते हैं बाकी सारी बागडोर बड़े लोगों के हाथ में होती है। एक तथा कथित बड़े नेता का नाम लेकर बताया कि उनकी सरपरस्ती में लखनऊ के करीब बीस से ज्यादा सेंटर संचालित हो रहे हैं। जबकि पूरे लखनऊ में पांच सौ से ज्यादा स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं, जिनमे कई सिर्फ कथित नेताओं और स्थानीय पुलिस के संरक्षण से बिना लाइसेंस के ही संचालित हो रहे हैं।

# बच्चों के पोषण में नहीं होनी चाहिए लापरवाही

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने बच्चों के पोषण से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारियों से वीएचएसएनडी सेशन में सैम-मैम बच्चों की संख्या की जानकारी लेते हुए खंड विकास अधिकारी रामनगर, पहाड़ी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत कार्यक्रम कराकर उपभोग प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित कराए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन ब्लॉक में पोषाहार वितरण बचा है, वहां समय से वितरण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से शासकीय व गैर शासकीय भवन में संचालित होने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी लेते हुए सभी संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र पर सभी बच्चों को भोजन देते रहने के निर्देश दिए। कहा कि जो आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं हो रहे साथ ही जिनमें बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा, ऐसे केन्द्रों के पत्र मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से शासन को भेजे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 190 आंगनबाड़ी केन्द्र निजी भवन में संचालित हो रहे है। इस पर डीएम ने कहा कि इन केन्द्रों को सरकारी भवन में शिफ्ट करने के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजें। साथ ही पहले भेजे गए प्रस्ताव की स्थिति भी जानी। कहा कि जिन स्कूलों में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है, वहां पर जमीन चिन्हित करें। इसमें जहां ज्यादा बच्चे ज्यादा हो, वहां प्राथमिकता के आधार पर कराए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारियों को सूची देते हुए लगकर लेखपाल के साथ भूमि चिन्हित कराए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि हॉटकुक्ड मील योजना के अंतर्गत उपस्थिति की सूची बनाकर शासन को भेजें। उन्होंने सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को निर्देशित किया की नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए फंड से स्वीकृत बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्रों में दो दिवस के अंदर कार्य प्रारंभ कराते हुए 15 दिनों के अंदर बचे हुए कार्य को पूर्ण कराकर आईसीडीएस को हस्तांतरित करें, अन्यथा संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही पैसा भी वापस लिया जाएगा। साथ ही सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्तापूर्ण को देखते रहें। उन्होंने आरबीएसके एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बच्चे टीकाकरण से छूटे हैं या उनके अभिभावक टीकाकरण नहीं कराते हैं, उनकी सूची तैयार कर टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पोषण वाटिका, रेन वाटर, हार्वेस्टिंग, आरो वॉटर, एलइडी टीवी आदि की लिस्ट ब्लॉक वार आंगनबाड़ी के नंबरिंग के साथ सूची रखने को निर्देशित किये। कहा कि जिन आंगनबाड़ी केंद्र में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, पुनः लेटर जारी करें। सैम-मैम बच्चों का पोषण ट्रैकिंग पर फिडिंग कम है इसको बढाएं। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों पर वजन मशीन, इनफैक्टोमीटर, स्टेडियोमीटर की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में कार सवार दो लोगों में एक की मौत, दूसरा रेफर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर में घुस गई। जिसमें कार पर सवार दो लोगों में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के कुठौंदा बुजुर्ग गांव निवासी यतेंद्र कुमार 24 वर्ष अपने साथी अटराकलां निवासी निशांत के साथ सोमवार को जालौन रोड स्थित दिवोलिया रिसोर्ट में शादी समारोह में शामिल होने कार से आए थे। बताया गया कि वह रिश्तेदारों को छोड़ने के बाद जैसे ही चुर्खी रोड होते हुए वापस घर जा रहा था। तभी कार की अधिक रफ्तार होने से कार चला रहा यतेंद्र अपना संतुलन खो बैठा और कार पास ही स्थित एक घर में घुस गई। हादसे में यतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निशांत घायल हो गया। तभी स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज कानपुर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक की शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों को जानकारी दी। मामले की खबर मिलते ही परिजनों रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह दो भाईयों में बड़ा था और मदारीपुर महाविद्यालय में बीटीसी का छात्र था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जनसुनवाई आज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल 11 दिसंबर बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व जनसुनवाई कलेक्टरेट सभागार में करेगी। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस समीक्षा व महिला जनसुनवाई में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# आयुष्मान कार्ड के लिए अब बुजुर्गों को नहीं होने पड़ेगा पेरशान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत मंगलवार को विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही वृद्धजनों को स्वेटर व फल का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी अपना इलाज आबद्ध सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में करा सकते है। इसके अतिरिक्त सभी 70 वर्ष के ऊपर बृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाये जाने के निर्देश दिये। बताया कि सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड निकट सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं पंचायत भवनों में बनाया जा रहा है। वद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैम्प लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया एवं 34 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 85 वृद्धजनों को स्वेटर व फल का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, नोडल अधिकारी डॉ दयाशंकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, डीपीसी ज्ञानचन्द्र शुक्ला, जिला समन्वयक डॉ राजकमल मिश्र, जिला शिकायत निवारण दीपक गौतम, कामता प्रसाद द्विवेदी, शशिकान्त द्विवेदी, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# सीएमएस का चार्ज संभालते ही एक्शन में दिखे डॉ. आंनद उपाध्याय, वार्डो का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



डॉक्टर आनंद उपाध्याय ने जिला अस्पताल के सीएमएस का चार्ज संभाल लिया। इसके बाद वह इमरजेंसी सहित कई वार्डो का निरीक्षण करने निकले। व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शहर के राजमार्ग स्थित जिला अस्पताल पुरुष के डॉ. आनंद उपाध्याय ने मंगलवार को इमरजेंसी वार्ड का गहनता से निरीक्षण किया।इसके बाद उन्होंने ओपीडी में पहुंचकर ऑर्थो वार्ड, सर्जिकल वार्ड, मेडिकल वार्ड, सहित ओटी में पहुंचकर मरीज से बात की। वहीं स्टॉफ को भी कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया से बात करते हुए नवनियुक्त सीएमएस डॉ. आंनद ने बताया कि व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं है।साफ-सफाई की काफी दिक्कत है। कई अन्य समस्याएं भी मिली है। जिनको ठीक कराने के लिए काम किया जाएगा। इंजेक्शन कक्षा में फार्मासिस्ट न रहने के सवाल पर बोले कि इस संबंध में अभी जानकारी नहीं है। आज पहला दिन है। जल्द ही फार्मासिस्टो से संवाद स्थापित कर समस्या हल की जाएंगी। प्रयास करेंगे कि अस्पताल में सभी डॉक्टर कार्य करे। जिससे मरीजों को बेहतर लाभ मिल सके।

# धान खरीद केन्द्र में किसानों को उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं– निगम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिले में कुछ धान खरीद में अब तक एक भी खरीद न होने पर अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने नाराजगी जाहिर की है। तीन दिन के अंदर प्रगति में सुधार न होने पर उन्होंने सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिला खरीद अधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में धान खरीद की समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें जनपद में सबसे कम खरीद करने वाले पीसीएफ संस्था के केंद्र प्रभारियों को विशेष रूप से चिन्हित करते हुए उनकी गति वर्ष के सापेक्ष कम खरीद पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही तीन दिन के भीतर खरीद में तेजी लाने की चेतावनी दी गई। एडीएम ने कहा कि प्रगति में सुधार न होने पर सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बताया कि गतवर्ष में पीसीएफ के केंद्रों पर 274 मी. टन खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष मात्र 145 मी. टन की खरीद हुई है। बीते सात दिनों में सभी आठ केंद्रों पर मात्र 45 मी. टन की खरीद की गई है। जिसमें ऐंचवारा, खंडेहा और रामनगर ने शून्य खरीद की है। उन्होंने अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए। मीटिंग में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक पीसीएफ, केंद्र प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर लोहा पीटा की झोपड़ी में घुसी कार, मासूम सहित दो घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा थाना क्षेत्र में जोल्हूपुर हमीरपुर हाइवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बनी लौह पीटा की झोपड़ी में घुस गई। जिसकी चपेट में आने से एक मासूम पर महिला सहित दो लोग घायल हो गए।

कदौरा थाना क्षेत्र में जोल्हूपुर हमीरपुर हाइवे पर नगर के बस स्टैंड पर हाइवे किनारे लौह पीटा की झुग्गी बनी हुई है। तभी शराब ठेका के पास अत्यधिक भीड़ होने से एक एक्सयूवी तेज रफ्तार कार अचानक अनियन्त्रित होकर लौह पीटा की झुग्गी में जा घुस गई। जिससे झुग्गी झोपड़ी में खेल रही एक वर्षीय मासूम काजल पुत्री माधव व खाना बना रही उसकी मामी सीमा पत्नी शनि 22 वर्ष दोनों घायल हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों को उपचार के लिए सीएचसी पहुचाया। जहां पर महिला की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए कार को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि एक अनियन्त्रित कार अचानक सड़क किनारे झुग्गी में घुस गई। जिससे एक मासूम सहित महिला घायल हुई है। जिन्हें उपचार के लिए भेज दिया गया है आगे की कारवाई की जा रही है।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर लगने से ट्रेक्टर कई हिस्से में बंटा

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** मंगलवार की भोर सुबह कालपी – जोल्हूपुर मोड़ हाइवे रोड में ट्रैक्टर में बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी इस दुर्घटना में ट्रैक्टर कई हिस्से में बटकर टूट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोगनीपुर से उरई की ओर ट्राली में ईट लोडककर जा रहा था।हाईवे रोड में एक ट्रक ने ट्रैक्टर की ट्राली में चौरासी गुंम्बद के पास पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर कई हिस्सों में बट कर क्षतिग्रस्त हो गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे तीन युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये।तीनों घायल व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कर करके इलाज कराया गया है। प्राप्त जानकारी केअनुसार अनुज कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम तिरिया व संजय कुमार निवासी मध्य प्रदेश तथा नरेंद्र कुमार 18 वर्ष निवासी ग्राम उरकरा कला गाड़ी से बैठकर शादी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। तीनों घायल व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गए हैं।

# डीएम ने स्वच्छता को लेकर लोगों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । उरई**



मानवाधिकार दिवस पर उरई के कलेक्ट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने ने 5 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय वाले लाभार्थी व 9 सबसे अच्छे सामुदायिक शौचालय वाली ग्राम पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत सहित 50 लोगों को सम्मानित किया। मंगलवार को उरई के कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों संबोधित करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि इस वर्ष विश्व शौचालय दिवस को हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान नाम से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि 19 नवम्बर को इसकी शुरुआत हुई थी और इसका समापन मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर को किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं मानवाधिकार में गहरा सम्बन्ध है और यह महिलाओ की निजता के सार्वभौमिक अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण को शौचालय सुविधा की उपलब्धता के उचित उपयोग को आन्तरिक रूप से जोड़ती है। शौचालय आमजन के स्वास्थ्य रक्षा तथा बीमारियों को रोकने विशेषकर शौचालय न होने की स्थिति में महिलाओ एवं किशोरियों की निजता एवं असुरक्षित जोखिम को भी नियंत्रण करने में मददगार साबित हुआ है। यह सामान्य मानवाधिकार एवं एसडीजी 6 को भी आपस में जोड़ता है एवं स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण की परिकल्पना में सहायक होगा, जो मानवाधिकार दिवस के अवसर को सार्वभौमिक स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता तथा बेहतर मानव जीवन की गरिमा बनाए रखने में उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवधि में जनपद की ग्राम पंचायतों द्वारा सामुदायिक शौचालयों का सौंदर्यीकरण व विधिवत संचालन तथा व्यक्तिगत शौचालय लाभार्थियों के द्वारा अपने शौचालयों में आकर्षक रंगाई-पुताई कराकर जनसमुदाय को प्रेरित किए जाने का उत्कृष्ट कार्य किया गया है। जिन्हें आज जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चयनित समस्त सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों एवं सामुदायिक शौचालयों वाले ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत लाभार्थियों सहित 50 लोगों को स्वच्छता के प्रति सम्बोधित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद जीबी मौजूद रहे।

# काम न करने वाली आशाओं की समाप्त करें सेवाएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला स्वास्थ्य समिति की शाषी निकाय की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने स्वास्थ्य से सम्बन्धित कार्यों की जांच कर सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन आख्या की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन करें। साथ ही पिछड़े उपकेंद्रों का पर्यवेक्षण योजना बनाकर कराए। कहा कि सिजेरियन प्रसव को रेफर न करें, सभी प्रसव जनपद में ही कराए। डीएम ने जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों एव गर्भवतियों की सभी जांच कराने एवं कार्य न करने वाली आशाओं के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को पोषण दिया जाए तथा फ्री अल्ट्रासाउंड व नियमित जांच की व्यवस्था की जाए। जिला क्षयरोग अधिकारी को निर्देशित किया कि टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाया जाए एवं शत-प्रतिशत भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद व जनपद के बाहर होने वाली इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की सूची बनाएं। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा व एएनएम से सही से कार्य कराएं। मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रसव लाभार्थियों के भुगतान के संबंध में निर्देशित किया कि जिसकी डिलीवरी हो गई है, उनका समय से भुगतान कराए। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि डाटा का विश्लेषण करते हुए कार्य को बेहतर किया जाए। कहा कि केंद्रों के लिए नामित की गई आशाओं के केन्द्र में उपस्थित न होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्साधिकारी की होंगी।

# नहर पुलिया के डिवाइडर से भिड़ी बाइक, एक की मौत दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक नहर पुलिया से टकराने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया।हमीरपुर के तोला मजगांव निवासी लखन निषाद 50 वर्ष अपने साथी झांसी जिले के मछरीकाछ निवासी रघुनाथ 35 वर्ष के साथ सोमवार की रात शहर के किरन गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मंगलवार की सुबह विदाई होने के बाद दोनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक डकोर के नहर पुलिया के पास पहुंची कि बाइक चला रहा रघुनाथ अपना संतुलन खो बैठा और बाइक पुलिया से टकराकर डिवाइडर में जा गिरी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मेडिकल कालेज भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद रघुनाथ को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार किया जा रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित की गई संस्कृत पद गायन प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



रणछोड़दास महराज द्वारा जानकीकुण्ड में स्थापित रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) के तत्त्वावधान में श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत पद गायन प्रतियोगिता का आयोजन सदगुरु सभागार में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्कृत पद गायन प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में विकास पयासी एवं जयसूर्या दुबे ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अनुज पाण्डेय एवं तृतीय स्थान श्रीधर गौतम ने प्राप्त किया। वही वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान सूरज शुक्ल, द्वितीय स्थान भरतदेव मिश्र एवं तृतीय स्थान शिवनरेश शुक्ल ने प्राप्त किया। कार्यक्रमों का संयोजन प्राचार्य डॉ. तुषारकान्त शास्त्री एवं सुरेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के अंत में विजयी विद्यार्थियों को सदगुरु शिक्षा समिति अध्यक्ष ऊषा जैन एवं ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ कमलेश थापक एवं सदुरु पब्लिक स्कूल के संस्कृत शिक्षक राधाकान्त त्रिवेदी रहे। कार्यक्रम का संचालन देवभाषा संकृत में आचार्य पंकज कुमार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर गुरुकुल के आचार्य डॉ. प्रेमप्रकाश पाण्डेय, शशिशेखर शुक्ल, देवदत्त शुक्ल, बालगोविन्द उपाध्याय, ओमप्रकाश तिवारी, सानन्त कुमार गर्ग, वागीशदत्त त्रिवेदी, हरिओम द्विवेदी, धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाने के उपनिरीक्षक राज्श कुमार राय व उनकी टीम आरक्षी शक्ति सिंह, सतीश कुमार ने आरोपी संतोष कुमार सिंह निवासी ग्राम महुआ थाना राजापुर को 25 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ व उपनिरीक्षक मुन्नीलाल व उनकी आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, दीपांकर सिंह ने आरोपी सुनील सिंह को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सरुधवा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# शुरुआती दौर से कार्य पूर्ण होने तक चकबंदी प्रक्रिया में बनाए रखे पारदर्शिता– राजेश प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने विशेष ग्राम चकबंदी अदालत का आयोजन कर राजापुर तहसील के डुडौली और भदेहदू बांगर गांव में काश्तकारों की समस्याएं सुनी। साथ ही अपनी मौजूदगी में ही चकबंदी समितियों का गठन कराया।

प्रदेश के चकबंदी आयुक्त और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर जिले में चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों में चकबंदी कार्ययोजना 2024-25 के अनुरुप कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से उपसंचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में विशेष ग्राम चकबंदी अदालत का आयोजन राजापुर तहसील के डुडौली और भदेहदू बांगर गांव में किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन गांवों में सर्वे कराकर नक्शा तरमीम कराने के बाद कानूनगो द्वारा पड़ताल का काम शुरु किया जाएगा। इस पर क्षेत्रीय काश्तकारों ने कहा कि गुपचुप तरीके से चकबंदी समितियों का गठन विभागीय कर्मचारी कर लेते है और अपने चहेतों को इस समिति में सदस्य बना लेते है। जिससे शुरुआती दौर से ही चकबंदी प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ जाती है। काश्तकारों द्वारा यह मुद्दा उठाएं जाने पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोगों के सामने सर्वसम्मति से चकबंदी समिति का गठन किया जाए। जिससे चकबंदी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बरकरार रहे। इसके बाद उन्होंने अपनी मौजूदगी में दोनों ग्राम पंचायतों में सर्वसम्मति से सदस्यों का चयन कराया। इस मौके पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी शैलेन्द्र द्विवेदी, सहायक चकबंदी अधिकारी रामराज, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



**अभूतपूर्व आपदा थी कोरोना महामारी...**

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोरोना महामारी एक ऐसी आपदा थी, जैसे पहले कभी नहीं देखी गई और टीकाकरण ने लाखों लोगों की जान बचाई। सरकार ने यह जवाब तब दिया, जब जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ दो... पढ़ें पेज 12 पर...

# महाकुंभ के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाकुंभ-2025 में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। महाकुंभ में इस बार लगभग 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। हमें अपनी तैयारी दुरुस्त रखनी है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना है। उन्होंने मंगलवार को एनेक्सी सभागार में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों एवं प्रयागराज के स्वास्थ्य अफसरों को वर्चुअल बैठक में निर्देशित किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने महाकुंभ को लेकर कमर कस ली है। इस वर्ष मेला स्थल का क्षेत्रफल भी बढ़ा है। प्रयागराज में सरकारी एवं प्राइवेट स्तर पर करीब छह हजार बेडों की व्यवस्था की गई है। इनमें 360 बेड मेला स्थल पर, 25-25 बेड के दो अस्पताल अरैल और झूसी में, 20-20 बेड के दो अस्पताल एवं दस-दस बेड के अतिरिक्त अस्पतालों की स्थापना की गई है। मेला स्थल के अलावा तीन हजार बेड सरकारी अस्पतालों में और इतने ही बेड प्राइवेट अस्पतालों में जरूरत पड़ने पर उपलब्ध करेंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि अस्पतालों में इलाज से इतर टेली आईसीयू के माध्यम से भी मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

### 125 एंबुलेंस की होगी तैनाती

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि मेलास्थल पर 125 एंबुलेंसों की तैनाती की गई है। इनकी 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। पहली बार महाकुंभ में अस्पताल प्रबंधकों की तैनाती की जा रही है, जो मरीजों की सेवा में हर समय उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि मेला परिसर के सभी सेक्टरों में चिकित्सकीय हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जा रही है।

### 24 घंटे चिकित्सक रहेंगे तैनात

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इन अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सकों की तैनाती रहेगी। 291 एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ डॉक्टर, 90 आयुर्वेदिक एवं यूनानी तथा 182 स्टाफ नर्सों को तैनात किया जाएगा। अस्पतालों में महिला, पुरुष एवं बच्चा वार्ड अलग-अलग तैयार किए जा रहे हैं। महाकुंभ में नेत्र कुंभ का भी आयोजन किया जाएगा जिसके तहत तीन लाख से अधिक जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा।

### डिजास्टर कंट्रोल रूम की होगी स्थापना

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 125 एंबुलेंसों के अलावा सात रिवर एंबुलेंस एवं एक एयर एंबुलेंस भी मेला स्थल पर तैनात रहेगी। डिजास्टर कंट्रोल रूम की भी स्थापना होगी। 15 दिसंबर से मॉक ड्रिल कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्गों के लिए मेलास्थल पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। हर तरह की दवाएं इन अस्पतालों में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

### चिकित्सकों की विशेष ट्रेनिंग

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ के लिए चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ की विशेष ट्रेनिंग कराई जा रही है। पहली बार चिकित्सकों की एक टीम को नरौरा स्थित एटॉमिक पावर स्टेशन पर केमिकल, बायलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लीयर एवं एक्सप्लोसिव (सीबीआरएनई) की ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ की भी ट्रेनिंग कराई जा रही है।

# शिक्षा से वंचित 7 लाख बच्चे

## उत्तर प्रदेश सबसे पीछे, केंद्र ने जारी किए राज्यवार आंकड़े

- देश में 11.70 लाख बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित, शिक्षा की बड़ी चुनौती

जन एक्सप्रेस। अरुण चौरसिया



देशभर में स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या 11.70 लाख तक पहुंच गई है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में अब भी बड़ी चुनौतियां सामने आ रही हैं। संसद में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे चिंताजनक स्थिति में है, जहां 7.85 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इसके अलावा झारखंड और असम जैसे राज्यों में क्रमशः 65 हजार और 64 हजार बच्चे स्कूल से बाहर हैं।

### समृद्ध राज्यों में भी शिक्षा की कमी

गुजरात जैसे आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य में भी 54,500 से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मध्य प्रदेश और हरियाणा में यह संख्या 30-40 हजार के बीच है। बिहार, जो शिक्षा के मामले में पहले से ही पिछड़ा हुआ है, वहां 25 हजार बच्चे स्कूल से वंचित हैं। दिल्ली में भी 18,300 बच्चों का स्कूल से बाहर होना चिंता का विषय है।

### बेहतर प्रदर्शन वाले क्षेत्र

जहां कई राज्यों में शिक्षा की स्थिति चिंताजनक है, वहीं लद्दाख और लक्षद्वीप जैसे केंद्र शासित प्रदेशों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन क्षेत्रों में एक भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं है। पांडिचेरी में केवल चार और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में मात्र दो छात्र स्कूल से वंचित हैं, जो शिक्षा में बेहतर प्रयासों को दर्शाता है।

### शिक्षा क्षेत्र में सुधार की जरूरत

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में होने के कारण केंद्र और राज्य सरकारों का समान दायित्व है। हालांकि, शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन डैशबोर्ड के जरिए जुटाए गए आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में योजनाओं और प्रयासों के बावजूद लाखों बच्चे अभी भी शिक्षा से दूर हैं। यह स्थिति शिक्षा के क्षेत्र में अधिक समन्वय और सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रोजगार मेले में 310 प्रशिक्षार्थी चयनित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राजकीय आईटीआई, अलीगंज में 9 और 10 दिसंबर को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में पहले दिन 9 दिसंबर को आयोजित लिखित परीक्षा में 1125 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 453 प्रशिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।10 दिसंबर को इन प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार कंपनी की पांच टीमों द्वारा लिया गया। साक्षात्कार के बाद 310 प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। चयनित प्रशिक्षार्थियों को 28,000 रुपये मासिक वेतन पर जॉब ऑफर किया गया।संस्थान के ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए मेहनत और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। यह उपलब्धि संस्थान के गौरव को और बढ़ाएगी।रोजगार मेले को सफल बनाने में कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह, अनुदेशक जेड. रहमान, मकबूल कादिर और अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

### पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। इंदिरा भवन स्थित उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय में अध्यक्ष राजेश वर्मा ने विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई करते हुए कई अहम निर्णय लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए।डॉ. पारूल सिंह द्वारा उनके पति डॉ. आनंद कुमार को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में सहायक आचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण न कराने की शिकायत पर आयोग ने त्वरित कार्रवाई की। निर्देशों के तहत कार्यभार ग्रहण करा दिया गया। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि अब कोई शिकायत शेष नहीं है। मामला निस्तारित कर दिया गया। बाराबंकी के शिव कुमार की शिकायत पर सुनवाई के दौरान रामसनेहीघाट के उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गई। आयोग ने एसडीएम का स्पष्टीकरण मांगा और 23 दिसंबर को उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिए।सीतापुर की रेखा देवी का जाति प्रमाण पत्र जारी न होने के मामले में जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी महमूदाबाद की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई गई। आयोग ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी, महमूदाबाद के विरुद्ध शासन को निर्देशों की अवहेलना के संबंध में पत्र भेजने का निर्णय लिया।रामजी के पुत्र के गलत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी होने के मामले में आयोग ने गहरी नाराजगी जताई। सही प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 23 दिसंबर की तिथि तय की गई। सीएमओ को निर्देश दिया कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में न हो और ऐसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए।दीपक कुमार की शिकायत पर सुनवाई के दौरान बागपत पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने के मामले को गंभीरता से लिया गया। आयोग ने पुलिस अधीक्षक, बागपत को निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराने का निर्देश दिया। जल्दबाजी में चार्जशीट दाखिल न करने और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश की गई।आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### दिव्यांगों की शिक्षा और पुनर्वास पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर आधारित तीन दिवसीय उन्मुखीकरण और इन सर्विस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। उद्घाटन डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह और राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का राज्य आयुक्त कार्यालय दिव्यांगजनों को सुगम वातावरण और सेवायोजन के उचित अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. हिमांशु शेखर झा ने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं हो सकता; इसके लिए संस्थानों और समुदायों को भी आगे आना होगा।इस कार्यक्रम का आयोजन गोरखपुर, मेरठ और बाराबंकी जिलों में किया जा रहा है। प्रशिक्षण में दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास से जुड़े विशेष शिक्षक, बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत इटिनेरेंट टीचर और विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर प्रदान करना और उनके सशक्तीकरण के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करना है। इस अवसर पर डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय और सोनकर भी उपस्थित रहे।

# जितना मजबूत बूथ और मण्डल की ईकाई उतनी ही मजबूत होगी बीजेपी : धर्मपाल

- संगठनात्मक चुनाव को लेकर हुई अवध क्षेत्र की कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के 'संगठन पर्व' के तहत प्रदेश में हो रहे पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के संदर्भ में आज विश्वेश्वरैया सभागार लखनऊ में अवध क्षेत्र की कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मंडल अध्यक्षो के चुनाव की प्रक्रिया और संगठनात्मक चुनाव से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, प्रदेश की सह चुनाव अधिकारी रंजना उपाध्याय, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन ने संगठन पर्व के तहत हुई अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित किया। पूरे प्रदेश में प्राथमिक सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान पूरा हो चुका है। बूथ समितियों के गठन और मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। जितना मजबूत बूथ और मण्डल की ईकाई होगी भाजपा भी उतनी ही मज़बूत होगी। मजबूत बूथ और मण्डल ईकाइयाँ ही 2027 के चुनावों में भाजपा की तीसरी बार लगातार सरकार बनाने में सहयोगी होंगी। बूथों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। शक्तिकेंद्र स्तर पर विस्तारक तय किए जाएँगे जो तीन दिन तक स्थानीय स्तर पर प्रवास कर बूथ समितियों का सत्यापन करेंगे। मण्डल अध्यक्षों के निर्वाचन की भी प्रक्रिया चल रही है। निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि 45 वर्ष की आयु तक के कार्यकर्ता ही मण्डल अध्यक्ष बने। विधानसभा और जिले में जो मण्डल अध्यक्ष निर्वाचित हो रहे हैं। चयन में सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी सिद्धांत के तहत प्रत्येक सामाजिक वर्ग को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। महिलाओं की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित हो। संगठन सशक्त बने इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रमुख और वरिष्ठ लोगों से भी विचार विमर्श करना चाहिए ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। भाजपा में श्रेष्ठता ही पैमाना है, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल लोग इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि उन्हें निर्णय अपनी पसंद नापसंद से नहीं बल्कि संगठन हित को ध्यान में रखते हुए लेना है। मण्डल अध्यक्षों का निर्वाचन 15 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। इसके बाद 30 दिसंबर तक ज़िलाध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया चलेगी। अवध क्षेत्र की कार्यशाला में संगठनात्मक चुनाव के जिला चुनाव अधिकारी-सहचुनाव अधिकारी, मंडलो के चुनाव अधिकारी सहित जिलाध्यक्ष, जिलाप्रभारी सम्मिलित हुए।

# जेल में लोग सुरक्षित नहीं : सुमन

## भाजपा शासित राज्यों में मानवाधिकार का हो रहा घोर उल्लंघन-भाकपा

- पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यह संत सरकार है। इसके नेताओं के उकसावा पूर्ण भाषणों की वजह से बहराइच में एक नौजवान की हत्या हो जाती है और संभल में सरकार द्वारा गोली चलाने से पांच नौजवानों की मृत्यु हो जाती है। प्रदेश में ऑपरेशन लंगड़ा चल रहा है जिसमें नौजवानों को पकड़कर पैरों में गोली मारी जा रही है। जेल में लोग सुरक्षित नहीं है, किसी को जहर पिलाया जा रहा है, और हत्याएं हो रही हैं। बाराबंकी में भाकपा की मीटिंग में यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि इस प्रदेश में न्यायमूर्ति संविधान और कानून के अनुसार न चलने की बात कहकर कहते हैं कि बहुतसंख्यक वाद के भावनाओं के आधार पर चलना चाहिए। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अडानी का वारंट अमेरिकी अदालत अमेरिकी अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में किया है,वहीं सरकार भ्रष्टाचार की जांच न करा कर उनके समर्थन में खड़ी है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है। प्रेस का गला घोटा जा रहा है ।पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि किसान परेशान है नौजवान बेरोजगार है प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है ।कम्युनिस्ट पार्टी किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने जुलूस भी निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी दिया ।प्रदर्शन में राजेंद्र बहादुर सिंह ,श्याम सिंह अंकुर वर्मा, रुबी सिंह चंदेल,अलाउद्दीन, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा , शिव दर्शन वर्मा,सच्चिदानंद श्रीवास्तव, महेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, अमर सिंह, कल्लू राम, प्रेमचंद , जियालाल वर्मा ,बालकृष्ण शुक्ला, नैमिष सिंह ,धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू भैया आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

## कार्यवाही नहीं, विधानसभा सत्र करीब आते ही शुरू हो जाती चर्चा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी की 10 राज्यसभा सीटों पर हुए चुनाव को 10 महीने बीत गए हैं। लेकिन सवाल बराबर उठ रहा है कि सपा बागियों पर कार्रवाई करेगी या नहीं। 16 दिसंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने वाला है और सपा के अंदर बागी विधायकों पर कार्रवाई का दबाव बन रहा है और अखिलेश यादव चुप हैं।यूपी में राज्यसभा की 10वीं सीट के लिए सपा और बीजेपी में कड़ी टक्कर हुई थी।आंकड़े सपा के पक्ष में थे लेकिन बीजेपी ने ऐसा दांव खेला कि अखिलेश के तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन चुनाव हार गए। सपा के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी, जिसमें ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय, गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह, कालपी से विधायक विनोद चतुर्वेदी, चायल से विधायक पूजा पाल, जलालाबाद से विधायक राकेश पांडेय और बिसौली से विधायक आशुतोष मौर्य शामिल थे।

## मेनका गांधी को हराने वाले सपा सांसद रामभुआल निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गोरखपुर के बड़हलगंज निवासी और सुल्तानपुर में भाजपा की मेनका गांधी को हराकर सांसद बने रामभुआल निषाद 9 साल पुराने मामले में फंस गए हैं। न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी करने के बावजूद कोर्ट के समक्ष उपस्थित न होने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए ज्ञानेंद्र कुमार ने बड़हलगंज क्षेत्र के दवनाडीह निवासी और सुल्तानपुर से सपा सांसद रामभुआल निषाद के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कर दिया।न्यायालय ने उनके विरुद्ध धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता की कार्यवाही भी की है। साथ ही साथ एसएचओ बड़हलगंज को गैर जमानती वारंट एवं धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता का तामीला कराकर 10 जनवरी को न्यायालय के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया है। 2015 में मुकदमा अपराध संख्या 78/2015 के मृतक का शव पुलिस की देखरेख में दाह संस्कार के लिए लाया जा रहा था। अभियुक्त रामभुआल निषाद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने शव को पटना चौराहे पर सड़क के बीचोबीच रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया था। इससे सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रभातेश कुमार और उनके हमराहियों द्वारा जाम खुलवाने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त और उनके सहयोगी फौजदारी पर आमादा हो गए। उपरोक्त लोग मौके पर पुलिस के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने इसे शांति व्यवस्था भंग करने का कृत्य माना। रामभुआल निषाद सपा के निषाद बिरादरी के चेहरे हैं। उनके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। लोकसभा चुनाव में रामभुआल निषाद ने बीजेपी की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। मेनका गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनकी सांसदी को चुनौती दे रखी है। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

# नेपाल पहुंचा उत्तर प्रदेश पर्यटन, महाकुंभ का दिया आमंत्रण

- प्रथम इंडिया-नेपाल टूरिज्म मार्ट में प्रदेश के पावन स्थलों के बारे में दी गई जानकारी
- भारत और नेपाल के बीच होगा सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक आस्था का संगम -जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नेपाल में 07 से 10 दिसंबर तक प्रथम 'इंडिया-नेपाल टूरिज्म मार्ट' का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारी, टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स की टीम नेपाल गई थी। दल ने 07 से 09 दिसंबर के बीच पशुपतिनाथ मंदिर, दरबार स्क्वायर, चंद्रगिरि हिल्स, जनकपुर में भ्रमण किया। भारत और नेपाल के बीच सदियों से सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक आस्था का संगम होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के मद्देनजर आगंतुकों के लिए कई विशेष पैकेज तैयार किए गए हैं। ये पैकेज न केवल प्रयागराज बल्कि वाराणसी, अयोध्या और चित्रकूट जैसे अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा की सुविधा प्रदान करेंगे। श्रद्धालुओं को अखाड़ा अनुभव, कल्पवासी अनुभव और योग व ध्यान सत्र जैसे अद्वितीय अनुभव प्राप्त होंगे, जो एक संपूर्ण आध्यात्मिक यात्रा का एहसास देंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की जा रही है। टेंट सिटी तैयार हो रही है, जहां पर्यटकों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। हवाई दृश्य दिखाने के लिए रोमांचक हेलीकॉप्टर जॉयराइड की सुविधा उपलब्ध कराने की भी तैयारी है। संगम क्षेत्र में हम दो बड़े फूड कोर्ट स्थापित कर रहे हैं। ये फूड कोर्ट घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की पसंद के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न व्यंजन पेश करेंगे। एक डिजिटल कुंभ संग्रहालय विकसित किया जा रहा है, जहां आगंतुक समुद्र मंथन जैसी घटनाओं के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को जान सकेंगे। इसके अलावा, संगम के पास वॉटर लेजर शो और नैनी ब्रिज पर भव्य रोशनी की योजना पर भी काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, कृष्ण और भगवान बुद्ध की धरती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यहीं भगवान शिव के त्रिशूल पर विराजमान काशी है। चित्रकूट, नैमिषारण्य जैसे अनेक पावन तीर्थ स्थल हैं, जहां कम से कम एक बार अवश्य भ्रमण कर अपना जीवन धन्य करना चाहिए। इस दौरान नेपाल सरकार से आग्रह किया गया, कि अपने यहां से टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स के दल को उत्तर प्रदेश भेजें, ताकि वह नजदीक से इन अद्भुत स्थलों को अनुभव करें और आइटनरी में इन स्थलों को शामिल करें। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 10 दिसंबर को आयोजित इवेंट में पर्यटन उद्योग से जुड़े नेपाल के उद्यमी समेत अन्य महत्वपूर्ण लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान महाकुंभ- 2025 पर बनी दो शार्ट फिल्में दिखाई गईं। महाकुंभ पवित्र शहर प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच आयोजित होगा। इसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। हमारी तैयारियां आगंतुक के दिव्य अनुभव को बढ़ाने के साथ विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

# महाकुम्भ में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में रहेगी तैनात

## जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओं की राह सुगम करने के लिए है विशेष तौर पर है प्रशिक्षित

- भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का करेंगे काम
- कुम्भ मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों की डाइट व चिकित्सकीय सुविधा का रखा जा रहा खास ध्यान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



महाकुम्भ में क्राउड कंट्रोल के लिए योगी सरकार की खास प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस मेले में तैनात रहेगी। महाकुम्भ में जल और थल दोनों स्थानों में उत्तर प्रदेश की प्रशिक्षित माउंटेड पुलिस करोड़ों श्रद्धालुओं की राह सुगम करने के लिए खास ट्रेंड है। पुलिस के जवान जहां पैदल नही पहुंच पाएंगे, वहां माउंटेड पुलिस जाकर श्रद्धालुओं की राह आसान करेगी। इसके लिए 130 घोड़े और 166 पुलिस कर्मी व स्टाफ तैनात किये गए है। इसमें भारतीय ब्रीड के घोड़ों के साथ अमेरिकन और इंग्लैंड ब्रीड के घोड़े भी महाकुम्भ में भीड़ नियंत्रण का काम करेंगे। मेले की ड्यूटी में तैनात घोड़ों के डाइट का और उनकी चिकित्सकीय सुविधा का खास ध्यान रखा जा रहा।

### घुड़सवार पुलिस देगी सुरक्षा का भरोसा

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माउंटेड पुलिस की भूमिका अहम होगी। भीड़ नियंत्रण और कठिन क्षेत्रों में गश्त के लिए माउंटेड पुलिस का उपयोग कुशलता और प्रभावशीलता का प्रतीक है। इनके मजबूत प्रशिक्षण और शानदार घोड़ों की सहायता से, कुम्भ मेला पुलिस बल न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि कुम्भ के विशाल आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। घुड़सवार पुलिस की मौजूदगी भीड़ में अनुशासन बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षा का भरोसा देने का काम करेगी। घुड़सवार पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक प्रेम बाबू ने बताया कि महाकुम्भ मेले के लिए सेना से अमेरिकन बाम ब्लड, इंग्लैंड का थ्रो नस्ल का घोड़ा खरीदा गया है। इसके अलावा भारतीय नस्ल के घोड़े भी है। इनमें से कुछ घोड़े सेना से भी खरीदे गए है। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि रोजाना घोड़ों को महाकुम्भ मेला क्षेत्र की भौगोलिक स्थितियों से परिचय कराने के लिए घुड़सवार पुलिस सुबह और शाम मेला क्षेत्र में गस्त पर निकलती है।

### घोड़ों को विशेष तरीके से किया गया प्रशिक्षित

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि घोड़ों को विशेष तरीके से ट्रेंड किया गया है। घोड़ों को मुरादाबाद और सीतापुर ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित किया गया है। महाकुम्भ को देखते हुए माउंटेड पुलिस को खास ट्रेनिंग कराई गई है, जिससे ये श्रद्धालुओं को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचा सकें, बल्कि भीड़ को नियंत्रित करते हुए उनके लिए सुगम राह बनाएं। माउंटेड पुलिस थल के साथ ही पानी मे भी जाकर क्राउड मैनेजमेंट करने में दक्ष है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शमशाद अली आयु लगभग 72 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सफदर हुसैन निवासी ग्राम टेडवा पोस्ट व थाना ककोरी जनपद लखनऊ अपने पुत्र इरशाद हुसैन के गलत चाल चलन व बुरी संगति से तंग आकर मैं व मेरा पूरा परिवार इरशाद हुसैन से सारे संबंध समाप्त कर लिए हैं तथा इरशाद हुसैन को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद से उसके द्वारा किए गए किसी कृत से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

सूचनाकर्ता
शमशाद अली

## श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा सावित्री बालिका इंटर कालेज में रजाई वितरण किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रायबरेली द्वारा आज दिनांक 8 दिसंबर 2024 को सावित्री बालिका इंटर कॉलेज छतोह के प्रबंधक श्री अभिषेक विक्रम सिंह के सानिध्य में 100 रजाई का वितरण किया गया। सर्वप्रथम परम् पूज्यअघोरेश्वर महाप्रभु एवं परम पूज्य गुरुपद बाबा जी के तैल चित्र पर आश्रम के छोटे साधु जी द्वारा पूजन, अर्चन, आरती, के पश्चात श्री चंद्रकांत द्विवेदी श्री रविंद्र सिंह ने अघोरेश्वर महाप्रभु के विचारों पर प्रकाश डाला तथा 19 सूत्री कार्यक्रमों के बारे में प्रकाश डाला रजाई वितरण का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में छोटे साधू जी श्री रमेश कुमार सिंह, श्री अभिषेक विक्रम सिंह, बृजेश कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, रवीन्द्र सिंह, शैलेंद्र सिंह ,महेंद्र बहादुर सिंह, अनुपम सिंह, रणविजय सिंह चंद्रकांत द्विवेदी इस विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती दीपिका तिवारी, रामबरन त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, सुभाष चंद्र शुक्ला, नरेंद्र सिंह पवन कुमार यादव ,कुमारी प्रीति यादव,आदि लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

### हेल्थ वेलनेस सेंटर निर्माण पर विवाद को लेकर ग्रामीणों ने की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

# निर्माण को लेकर विधायक के दबाव और निजी प्रयोजन का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिले के जगदीशपुर क्षेत्र अंतर्गत मंगौली गांव में प्रस्तावित हेल्थ वेलनेस सेंटर के निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की नामांकित भूमि,जो ग्रामसभा मंगौली के बीच एनएच 330 अयोध्या रोड पर स्थित है,वहीं सेंटर का निर्माण किया जाए।यह भूमि सभी ग्रामीणों के लिए सुलभ और उपयुक्त है।स्वास्थ्य विभाग के नाम पर दर्ज गाटा संख्या-890 जोकि 0.038 हेक्टेयर और गाटा संख्या 891 जोकि 0.021 हेक्टेयर मुख्य सड़क से सटी हुई हैं।ग्रामीणों का मानना है, कि इस स्थान पर हेल्थ वेलनेस सेंटर बनने से मंगौली,बुबूपुर,पीरपुर, साहब का पुरवा और जंगलपुरवा के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने चार दिसंबर को उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना को पत्र लिखकर इस भूमि की पैमाइश कर निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक के दबाव में स्वास्थ्य विभाग की भूमि को छोड़कर ग्रामसभा के बाहरी क्षेत्र में,जो मुख्य सड़क से लगभग 500 मीटर अंदर है,सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि यह निर्णय न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता को बाधित करेगा,बल्कि यह स्थान सुरक्षा और पहुंच के लिहाज से भी उपयुक्त नहीं है।ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य को निजी स्वार्थ से प्रेरित होकर विधायक समर्थकों की जमीन के पास किया जा रहा है।ताकि उनकी भूमि की कीमत बढ़ सके और विकास का लाभ केवल चंद लोगों तक सीमित रहे।इस बाबत सोमवार को ग्रामीण प्रतिनिधि राम गोपाल तिवारी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की नामांकित भूमि पर ही सेंटर निर्माण की मांग की।डीएम ने आश्वासन दिया कि इस मामले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान निकाला जाएगा। निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को राम गोपाल तिवारी ने एसडीएम मुसाफिरखाना से भी मुलाकात की।एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग की दर्ज भूमि पर ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।साथ ही ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में स्थित जर्जर एएनएम सेंटर को भी इसी भूमि पर स्थानांतरित कर पुनर्निर्माण कराने की मांग दोहराई।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया,तो वे न्यायालय का सहारा लेंगे।और बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करेंगे।उनका कहना है कि यह केवल भूमि का मुद्दा नहीं है,बल्कि क्षेत्र के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकार की लड़ाई है।तथा ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि विधायक के दबाव में आकर गलत निर्णय न लें।और क्षेत्रीय विकास तथा जनहित को प्राथमिकता दें।

## जनकपुर से अयोध्या पहुंची रामबारात, खूब फूटे पटाखे

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जनकपुर गई राम बरात मंगलवार को अयोध्या पहुंची तो उसका भव्य स्वागत किया गया। माता जानकी के साथ श्रीराम अयोध्या पहुंचे तो उनकी एक झलक पाने के लिए अयोध्यावासी दौड़ पड़े। साकेत महाविद्यालय से दोपहर एक बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। राम जन्मभूमि पथ के सामने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से राम बरात का भव्य स्वागत हुआ। फूलों की बारिश हुई तो खूब पटाखे फोड़े गए। भक्तों ने जमकर नृत्य किया। बारातियों पर पुष्प वर्षा की गई। प्रख्यात आध्यात्मिक धर्मगुरु मिथिलेश नंदनी शरण, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव, एसएसपी राजकरण नय्यर, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे भाव विभोर होकर बारातियों पर पुष्प वर्षा करते रहे।

## बुशरा शेख ने पुन: गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जनपद स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में संपन्न हुई जिसमें सलोन क्षेत्र के ग्राम पूरे रामप्रसाद (पूरे जोधी) मजरे खतियारा निवासी बुशरा शेख पुत्री मोहम्मद वसीम ने पुनः गोल्ड मेडल जीतकर सलोन क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्टेडियम में प्रतियोगिता का शुभारंभ रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा किया गया। समापन अवसर पर ताइक्कांडो संघ के जिला सचिव मोहम्मद परवेज खान एवं जिला अध्यक्ष रणंजय सिंह एवं रायबरेली स्काउट कमिश्नर लक्ष्मीकांत शुक्ल द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में रायबरेली की विभिन्न तहसीलों से लगभग ढाई सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया था, बुशरा शेख़ भी उन्हीं में से एक है। बुशरा शेख की जीत पर सलोन क्षेत्र के समाजसेवियों एवं शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए बेटी के साथ-साथ उसके पिता, जो कि गौवा बाजार प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें भी मुबारकबाद दी।

## तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



हरचंदपुर गंगागंज कस्बा स्थित बाल विद्या मंदिर ग्रुप आफ स्कूल में आज तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पांडेय रामेंद्र पूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी) फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली एवं स्काउट-गाइड के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ जिसमें 1500 मीटर एवं 3000 मीटर की रेस लंबी कूद, क्रिकेट एवं 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर बालक एवं बालिका के फाइनल मैच खेले गए। स्लो साइकलिंग रस्सा-कसी, रिले रेस आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। रस्साकसी जूनियर बालक वर्ग में बाल विद्या मंदिर गंगागंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बालिका वर्ग में एसबीएस पब्लिक स्कूल गंगागंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकलिंग में एसबीएस पब्लिक स्कूल के छात्र हर्ष गौतम प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर बाल विद्या मंदिर गंगागंज के छात्र अंश पांडे विवेकानंद हाउस से एवं तृतीय स्थान पर बाल विद्या मंदिर राधा कृष्णन हाउस के छात्र आयुष रावत ने प्राप्त किया। 100 मीटर फाइनल रेस में बाल विद्या मंदिर सब जूनियर बालक वर्ग में अमन प्रथम, द्वितीय शिवजल एवं तृतीय स्थान पर एसबीएस पब्लिक स्कूल के रानी लक्ष्मीबाई हाउस से ईशांत ने कब्जा जमाया। जूनियर वर्ग 100 मीटर फाइनल में एसबीएस पब्लिक स्कूल कलाम हाउस से छात्र तुषार यादव प्रथम, बाल विद्या मंदिर के छात्र प्रिंस यादव आजाद हाउस से द्वितीय एवं बाल विद्या मंदिर के ही छात्र शिवेंद्र सुभाष हाउस से तृतीय स्थान पर रहे। क्रिकेट के फाइनल मैच में एसबीएस हाउस बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगागंज विजयी रहा। मुख्य अतिथि डॉ. पांडेय रामेंद्र एवं लक्ष्मीकांत शुक्ला को बाल विद्या मंदिर ग्रुप आफ स्कूल्स की प्रबंध कारिणी समिति ने अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक एमपी वर्मा को विद्यालय प्रबंधन समिति ने कर्मयोगी पुरस्कार के रूप में अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया एवं विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने अपने कर-कमलों से मेडल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौधरी, लेखा-पर्यवेक्षक जीपी सोनकर, प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य राम शंकर सिंह, महादेव मिश्रा, कुंवर बहादुर सिंह प्रधानाचार्य, दिनेश प्रताप सिंह, सुनीता सिंह, एमपी वर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षक, वीरेंद्र बहादुर सिंह, राधेश्याम सिंह पूर्व शिक्षक, बिंदा प्रसाद मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, कामद मिश्र प्रवीण सिंहअवनीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सबसे अच्छे व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय के लाभार्थियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान के तहत सबसे अच्छे व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के लाभार्थियों को मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम अन्तर्गत उत्कृष्ट व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय के लाभार्थियों को जिलाधिकारी निशा अनंत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।जिसमें विकास खण्ड बहादुरपुर से व्यक्तिगत शौचालय हेतु ग्राम पंचायत फरीदपुरपरवर से गया प्रसाद,ग्राम पंचायत मवई आलमपुर से आशीष कुमार एवं गायत्री देवी व माधुरी देवी विकास खण्ड-भादर की ग्राम पंचायत मंगरा से नेहा वर्मा को सम्मानित किया गया।इसी प्रकार सबसे अच्छे सामुदायिक शौचालय हेतु विकास खण्ड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत मवई आलमपुर के ग्राम प्रधान रामसेवक व लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह,ग्राम पंचायत खरौली के ग्राम प्रधान शिवदेवी व दीपा महिला स्वयं सहायता समूह,ग्राम पंचायत सरवन के ग्राम प्रधान संगीता देवी व लकी महिला स्वयं सहायता समूह तथा विकास खण्ड मुसाफिरखाना की ग्राम पंचायत भनौली ग्राम प्रधान हुसैन हैदर व राधा महिला स्वयं सहायता समूह व विकास खण्ड भादर की ग्राम पंचायत-भादर के ग्राम प्रधान रामचन्द्र सिंह व दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आर पी सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## राहुल गांधी के सवाल से सरकार की खुली पोल एम्स रायबरेली में 500 से अधिक पद खाली

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में एम्स रायबरेली में स्टाफ की कमी से मरीज को होने वाली समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया श्री गांधी द्वारा पूछे गए सवालों के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए गए जवाबो से एम्स रायबरेली में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खुल गई। सरकार ने खुद माना कि एम्स से रायबरेली में संकाय और गैर संकाय के 600 से अधिक पद खाली चल रहे हैं। इन पदों पर भारती की प्रक्रिया जारी है राहुल गांधी द्वारा 6 दिसम्बर को अतारांकित प्रश्न संख्या 1862 के माध्यम से पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप सिंह जाधव द्वारा दिए गए जवाब में कहा गया है कि एम्स में फैकल्टी के 201 पद स्वीकृत है लेकिन अभी 106 पदों पर ही नियुक्ति हो पाई है इसी तरह नाम फैकल्टी के 500 से अधिक पदों पर भर्ती शेष है स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने बताया कि पदों का सृजन और भर्ती एक सतत प्रक्रिया है विभिन्न एम्स में रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने के लिए गैर-संकाय पदों के लिए केंद्रीय कृत नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा (NORCET) और सामान्य भर्ती परीक्षा (छ्रत्रक्ष) एम्स दिल्ली ?द्वारा आयोजित जाती है उन्होंने बताया कि एम्स रायबरेली में 84 टाइप-द्यद्यद्य, 28 टाइप-द्वड्ड और 28 टाइप-ड्ड आवासीय क्वार्टरों के निर्माण के प्रस्ताव को 97.61करोड़ रू की परियोजना को मंजूरी दी गई है कुछ सवालों का जवाब भी नहीं दे पाई सरकार नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में पूछे गए कुछ सवालों का तो मोदी सरकार जवाब भी नहीं दे पाई। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था कि एम्स रायबरेली में रिक्त पदों की वजह से मरीजों के इलाज में क्या कठिनाई आ रही है।

## तालाबी नंबरों पर अवैध कब्जा कर दबंग बने काश्तकार

- ग्राम पंचायत ब्रह्मनी स्थित तालाब की भूमि पर बड़ी तादात में कब्जा
- राजस्व कर्मियों की अनदेखी से हो रहा कब्जा, उच्चाधिकारी मौन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



एक ओर जहां योगी सरकार की मंशा है,कि तालाब,पोखरों,चारागाहों आदि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए,वहीं दूसरी ओर दबंगों के आगे यह आदेश बौने साबित हो रहे हैं।तिलोई तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों में लोगों ने तालाबों पर कब्जा कर अपनी काश्तकारी बना लिया है।साथ ही गांव समाज की सुरक्षित भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करवा रहे हैं।शिकायत ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन से की जाती है।लेकिन लेखपाल को जांच मिलती है,और लेखपाल सांठ- गाठ कर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं।

तिलोई तहसील क्षेत्र के ब्रह्मनी गांव में इन दिनों गांव के बाहर स्थित तालाब पर दबंग परिवार कब्जा कर खेती किसानी कर रहा है।कई सालों से तालाबी भूमि पर अपना कब्जा जमाए है।इसके साथ ही गांव के पास स्थित ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर भी कब्जा जमाकर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर शिकायत तहसील प्रशासन से कई बार की गई।लेकिन राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से विभागीय जांच में अवैध कब्जा धारकों को क्लीनचिट मिल जाती है।ग्रामीणों ने मांग की है, कि दबंगों के कब्जे से सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराया जाए।इस बावत हलका लेखपाल जितेन्द्र कुमार से लगातार कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होने रिसीव नही किया। एसडीएम तिलोई अमित सिंह का कहना है कि तहसील क्षेत्र के ब्रह्मनी ग्राम सभा में तालाबी नंबरों पर यदि अतिक्रमण किया गया है तो जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बारात गए युवक का खेत में मिला गला कटा हुआ शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जामो थाना अंतर्गत पूरे परमेश्वरी शिवपुर गांव के खेत में मंगलवार को एक युवक का शोक खून से लथपथ शव मिला।सूत्रों के मुताबिक सोमवार देर रात गांव में ही आई एक बारात में शामिल होने गए युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई।हत्यारों ने युवक का शव उसके खेत में ही फेंक दिया।जामो थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला संजीव मिश्र उम्र लगभग 27 वर्ष देर रात गांव में ही आई एक बारात में शामिल होने गया था।युवक जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

परिजन मंगलवार सुबह युवक को खोजते खोजते खेतों की तरफ पहुंचे तो खेत के बीच में युवक का शव पड़ा था।और गला कटा हुआ था।युवक के मौत की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए।और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुंची।और विधिक कार्रवाई करने के साथ ही मामले की जांच में जुट गई।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की पूरी जानकारी ली।बताया जा रहा है कि हत्यारो ने उसकी हत्या किसी और जगह पर की।तथा शव को लाकर उसी के खेत में फेंक दिया।पूरे मामले पर जामो एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

परिजनों की तरफ से एक व्यक्ति से विवाद होने की जानकारी दी गई है।हर दृष्टिकोण से मामले की जांच की जा रही है।मृतक संजीव मिश्र के पिता रजनीश मिश्र केनरा बैंक की जामो शाखा में कैशियर के पद पर तैनात हैं।रजनीश के मुताबिक चार पांच दिन पहले उनके बेटे का एक व्यक्ति से विवाद हुआ था।और उसी व्यक्ति ने उनके बेटे की हत्या की है।

## छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पंख करियर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी और कॉलेज की प्रधानाचार्या कुसुम लता पांडेय ने छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए और छात्राओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया। एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एम.एस. जावेद, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा के प्रबंधक अभिनव श्रीवास्तव और सब इंस्पेक्टर चेतना पांडेय ने छात्राओं को अपने-अपने क्षेत्रों में करियर बनाने के बारे में जागरूक किया। शिक्षा विभाग से बसंत कुमार ने करियर निर्माण की दिशा में आवश्यक कदमों पर चर्चा की। जबकि कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिमा शुक्ला ने छात्राओं को नई कौशल अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

## एनएसपीएस त्रिपुला में उत्साहपूर्वक मनाया गया मानवाधिकार दिवस




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों को बनाये रखने की शपथ ली। छात्रा अंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिसंबर 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था ,ये अधिकार हम सभी में निहित हैं ,फिर चाहे हमारी स्थित कैसी भी हो ,ये सबसे बुनियादी अधिकार है जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं। घोषणापत्र में मानवाधिकार प्रणाली की विभिन्न श्रेणियों और सिद्धांतों की रूपरेखा दी गयी है। इनमें नागरिक और राजनीतिक अधिकार; आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक और एकजुटता अधिकार की श्रेणियां हैं प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने मानवाधिकार दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी देश के नागरिकों के वे अधिकार जो संविधान में वर्णित हैं और कानून द्वारा लागू किए जाते हैं मौलिक अधिकार कहलाते हैं वहीं मानवाधिकार वे सुरक्षा उपाय हैं जिनके माध्यम से एक इंसान सम्मान और समानता के साथ जीता है, इसमें जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार,गुलामी और यातना से मुक्ति,राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता,काम एवं शिक्षा के अधिकार सहित और भी बहुत कुछ शामिल है।

## दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण 19, 26 दिसम्बर एवं 02, 09, 16 व 23 जनवरी को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि समेकित शिक्षा योजनान्तर्गत दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र/यू0डी0आई0डी0 निर्गत करने हेतु मेडिकल एसेसमेंट कैम्प 23 जुलाई 2024 से 22 अगस्त 2024 तक आयोजित किये गये थे। जिनमें परीक्षणोंपरान्त दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में दिव्यांग बोर्ड द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभिन्न परीक्षण हेतु रेफर किया गया है, रेफर किये गये दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय परीक्षण एम्स, रायबरेली/जिला चिकित्सालय, रायबरेली में 19, 26 दिसम्बर 2024 एवं 02, 09, 16, व 26 जनवरी 2025 को किये जाएगे। पूर्व में मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांग जनों को परीक्षण हेतु लखनऊ जाना पड़ता था जिससे उन्हें अत्यन्त परेशानी का सामना करना पड़ता था मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अर्पित उपाध्याय ने इसको संज्ञान में लेकर संवेदनशीलता के साथ जनपद रायबरेली में ही मानसिक मंदित/मूक बधिर दिव्यांगजनों का परीक्षण कराने के लिए एम्स रायबरेली में व्यवस्था कराई।

## मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पांच जिलों के बच्चों ने दिखाया दम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान, मकबरा में मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को भी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अयोध्या समेत अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी और बाराबंकी अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी और बाराबंकी जिले के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल स्पर्धा में भागीदारी कर रहे हैं। विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।

## विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा तहसील-महराजगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड-बछरावाँ में विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गयाइस कार्यक्रम में अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा बताया गया कि मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा मनाया जाता है। यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। 2024 के मानवाधिकार दिवस की थीम है, %हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, बिल्कुल अभी' हैं। मानवाधिकार व्यक्तियों और समुदायों को बेहतर कल बनाने के लिए सशक्त बनाता हैं। मानवाधिकारों की पूरी शक्ति को अपनाकर और उस पर भरोसा करके, जिस दुनिया को हम चाहते हैं, उसके मार्ग के रूप में, हम अधिक शांतिपूर्ण, समान और टिकाऊ बन सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में बताया गया कि इस वर्ष का विषय हमारे दैनिक जीवन में मानवाधिकारों के महत्व और प्रासंगिकता को स्वीकार करने का आह्वान है। हमारे पास घृणास्पद भाषण के खिलाफ़ आवाज़ उठाने, गलत सूचना को सही करने और गलत सूचना का मुकाबला करके धारणाओं को बदलने का अवसर है। यह मानवाधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन को फिर से जीवंत करने के लिए कार्रवाई को संगठित करने का समय है

इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल के द्वारा बताया गया कि मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की एक विस्तृत श्रृंखला निर्धारित की गई है, जिसके हम सभी हकदार हैं। यह राष्ट्रीयता, निवास स्थान, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति के अधिकारों की गारंटी देता है। उक्त कार्यक्रम में मानवाधिकार कार्यकर्ता अखिल सिंधू, आशा जी, शिवलाल बौद्ध, अतीक अहमद, ग्राम प्रधान सरौरा पूर्णमासी दीन, ग्राम प्रधान व प्रधान संघ अध्यक्ष विकास खण्ड बछरावा अरुण नरायण वर्मा, ग्राम प्रधान बन्नावाँ रामनरेश व पराविधिक स्वयं सेवक रामकुमारसरिता जलिपा सरिता देवी व करुणा सिंह उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर तहसील-सदर स्थित राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली व तहसील ऊँचाहार के कमालपुर गांव में वृहद शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव उपप्रधानाचार्य प्रत्यूष शिक्षकगण धर्मेन्द्र शुक्ला, ज्ञान प्रकाश, राजेन्द्र कुमार, रामकृपाल द्विवेदी व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तवपूनम सिंह पम्मी देवी व जितेन्द्र कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।



**बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदेश...**

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के टबिजली कर्मियों के समर्थन में पंजाब और महाराष्ट्र में हुए प्रदर्शन11 दिसंबर को बिजली के निजीकरण के विरोध में लखनऊ में तय... शेष पेज 07 पर...

# 12 साल के बच्चे को तीस हजार में खरीदा, कारोबारी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में मानव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इसमें एक 12 वर्षीय बालक को कारोबारी के द्वारा ऑनलाइन तीस हजार रुपये में खरीदा गया। बालक से टॉयलेट साफ कराने, घर की साफ-सफाई आदि काम करवाए जाते थे। घर जाने की बात करने पर बेरहमी से पीटा जाता था। बच्चे ने इसकी सूचना घर पर दी, जिसके बाद पिता ने पुलिस को जानकारी दी।

पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। कारोबारी पर किशोर न्याय अधिनियम, बंधुआ मजदूरी प्रणाली उन्मूलन अधिनियम और मानव तस्करी की धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गोविंदनगर थाना प्रभारी ने बताया कि 12 साल के बच्चे को बंधक बनाकर मजदूरी कराने और पीटने के मामले में आरोपी कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।

### लखनऊ में काम करने के लिए छोड़ दिया था

मासूम ने पूछताछ में बताया कि मेरा नाम बाबुल है। मेरे पापा का नाम श्रीभगवान मेहतो उर्फ रामू है। मैं जनपद मोतीहारी पूर्वी चंपारन बिहार का रहना वाला हूं और अपने मां-बाप के साथ गुडगांव में रहता था। लगभग तीन महीने पहले मुझे पैसे कमाने का लालच देते हुए पप्पू यादव ने मुझे और मेरे चचेरे भाई दिव्यांशू (8) को लखनऊ के आलमबाग के सुनील मलिक के घर पर काम करने के लिए छोड़ दिया था।

### एक माह पहले गोविंदनगर लाया गया था

यहां मुझसे घर का टॉयलेट साफ करवाया जाता था। साथ ही, घर की साफ-सफाई कराई जाती थी, जिसका मुझे एक भी रुपया नहीं दिया जाता था। करीब एक माह पहले मुझे लखनऊ से कानपुर गोविंद नगर में इसी मकान मे काम के लिए छोड़ गए थे, तब से मैं साक्षी आनंद व अंकित आनंद के बच्चों की लैट्रिंग साफ करता हूं व घर में साफ-सफाई करता हूं।

### दस साल की मासूम को दिन दहाड़े किया अगवा

कानपुर के रेलबाजार थाना क्षेत्र सुजातगंज स्थित सुनहरी मस्जिद के सामने गली में 10 वर्षीय छात्रा के अपहरण और उससे जुड़ी घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। छात्रा के परिजनों के अनुसार, जब वह मदरसे जा रही थी, तब दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे नशीला स्प्रे सुंघाकर बेहोश कर दिया और मारुति वैन में डालकर बाबूपुरवा स्थित एक कमरे में ले गए।

होश में आने पर छात्रा ने देखा कि वहां कई अन्य बच्चे भी बेहोशी की हालत में थे। उसने हिम्मत जुटाकर अपहर्ताओं के चंगुल से भागने में कामयाबी पाई और राहगीरों की मदद से परिजनों को सूचना दी।

परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और इसे संदिग्ध मानकर बंद कर दिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी अकील अहमद ने पीड़ित परिवार वालो व बच्ची का नाम ना बताते हुए घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें मदद का भरोसा दिया। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि परिजन मदद की अपील करेंगे, तो वे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।



समाजसेवी अकील अहमद

### घर पर बताने पर बेरहमी से पीटा

मासूम ने ये भी बताया कि मुझको होली पर मेरे घर जाने के लिए बताया गया था, लेकिन कल साक्षी दीदी के द्वारा मुझे घर जाने से मना करने पर मैंने अपने घर बता दिया था, तो साक्षी के द्वारा मुझे मारा पीटा गया था। इसी दौरान मौके पर एक व्यक्ति आए, पूछने पर अपना नाम अंकित आनंद पुत्र सतीश आनंद निवासी 124/278 बी ब्लॉक गोविंद नगर कानपुर नगर बताया।

### पप्पू यादव को 30,000 रुपये दिए थे

बच्चे को बंधक बनाने के संबंध में पूछने पर बताया कि मेरे ससुर सुनील मलिक के घर से करीब एक महीने पहले यह लड़का हमारे घर काम करने के लिए आया था। इसके लिए मेरी पत्नी के द्वारा पप्पू यादव को 30,000 रुपये दिए गए थे। पप्पू यादव गुड़गांव में रहता है। बाबुल मेरे घर में छोटे मोटे काम किया करता है और इसका एक चचेरा भाई दिव्यांशू भी मेरे ससुर के यहां आलमबाग लखनऊ में रहता है।

# भाजपा का संगठन महापर्व 2024 शुरू: भूपेंद्र सिंह चौधरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बीते दिन क्षेत्रीय मुख्यालय में पत्रकार साथियों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन महापर्व 2024 शुरू किया है। पहले चरण में ढाई करोड़ साधारण सदस्य बनाए गए प्रदेश में दो लाख सक्रिय सदस्य अगले चरण में बनाए गए वहीं 1.62 लाख स्थानीय समितियों का बूथ गठन का कार्य पूर्ण हो गया है। 15 तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव व 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है 15 जनवरी तक प्रदेश अध्यक्ष व फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। हम लोकतांत्रिक तरीके से गठन करते हैं। बूथ पर 11 लोग रहेंगे। साधारण छह, सक्रिय तीन व संगठन का अलग है। अबकी बार 1.83 से आगे ढाई करोड़ सदस्य बन बन चुके है। क्षेत्रीय बैठक में मंडल व जिलों के चुनाव पर चर्चा करेंगे। प्रदेश सह प्रभारी मुकुट बिहारी वर्मा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का संगठन चुनाव देख रहे है।

पत्रकार साथियों के सवालों का जवाब देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि एक देश एक चुनाव का बिल पास होने वाला है, इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपनी बात रखी है। प्रयास है कि एक चुनाव हो एक समय में।

सीसामऊ में बार-बार हार देखनी पड़ रही है का जवाब देते हुए कहा कि हम जनादेश का सम्मान करते है हम हार के कारणों छानबीन की है अगली बार हम सीसामऊ को ठीक करेंगे और जीतेंगे उपचुनाव में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा हैं।

सरकार के काम लेकर जनता के बीच जाएंगे। 2027 में हम सीसामऊ सहित उत्तर प्रदेश की सभी सीटें जीतेंगे। मुझे कार्यकाल के बीच मे काम मिला था। इसलिए बढ़ाया गया। 2023 में चुनाव, फिर 2024 लोकसभा के कारण बढ़ा। स्वतंत्रदेव जी का कार्यकाल मानते हुए चुनाव कराया जा रहा। किसी जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल दो बार से ज्यादा नहीं रहेगा।

संभल में हुए उपद्रव पर सपा मुखिया के बयान का जवाब देते हुए कहा कि वहां हिन्दू पक्ष का कहना है कि वहां हरिहर मंदिर है। उसे तोड़कर मस्जिद बनाई गई। एक वर्ग ने सर्वे टीम का घेराव कर पथराव किया। वर्चस्व की राजनीति संभल के दो परिवारों का हिस्सा है।

सम्भल के लोगों को उसका दर्द झेलना पड़ रहा है सपा मुखिया संभल को लेकर केवल राजनैतिक रोटियां सेक रहे है जिसको जनता समझ रही है। वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह मौजूद रहे।

### भाजपा नेता वीरेंद्र दुबे पर पंद्रह दिन में तीसरा मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भाजपा नेता व डीएवी कॉलेज छात्र संघ के पूर्व महामंत्री वीरेंद्र दुबे व उनके साथियों के खिलाफ कोतवाली थाने में एक और एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर सिविल लाइंस निवासी गीता गुप्ता ने दर्ज कराई है। आरोप है कि वीरेंद्र दुबे ने उनके प्लाट पर कब्जा कर छोड़ने के एवज में रंगदारी मांगी। इन्कार पर जान से मारने की धमकी दी। गीता के अनुसार वर्ष 2012 से 2015 के बीच उन्होंने भाजपा नेता वीरेंद्र दुबे की पत्नी सरोज दुबे से दो प्लाट खरीदे, जिनका रजिस्टर्ड बैनामा भी करा लिया। इसके बाद उन्होंने उस प्लाट पर बाउंड्रीवॉल कराकर पेड़, पौधे व बोरिंग करने के साथ टीनशेड डलवा दिया। डेढ़ महीने पहले वह निजी काम से शहर के बाहर गई हुई थीं। आरोप है कि इस बीच वीरेंद्र दुबे ने अपने साथियों की मदद से उनके प्लाट से पेड़ पौधे कटवा, बोरिंग व टीन शेड गायब कर दिया। वापस आने पर जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वीरेंद्र ने प्लाट में आधा हिस्सा व लाखों रुपये की रंगदारी मांगी।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वतंत्रता संग्राम सैनानी हमीद खान का 51वां निर्वाण दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक हमीद खान ताऊजी के 51वें निर्वाण दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी में वक्ताओं ने हमीद खान को एक समर्पित कर्मयोगी नायक बताते हुए उनके समर्पित जीवन से प्रेरणा लेने का आवाहन करते हुए उनके भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में विगत लगभग 13 वर्षों का कारावास भुगतने के साथ ही विधायक रहने पर भी एक फकीरी जीवन बिताने तथा महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर जीवन पर्यंत चलते रहने के कारण उन्हें कानपुर का गांधी कहलाने लाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वर्गीय हमीद खां जो की कानपुर देहात की डेरापुर तहसील में पैदा होने के बाद न केवल स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े बल्कि अपने संपूर्ण जीवन में लगभग 13 वर्ष तक जेल यातना सहने के बाद आजादी मिलने के बाद भी महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अंगीकार करते हुए कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल को ही अपना निवास बनाए रखा। स्वर्गीय हमीद खां के त्यागपूर्ण समर्पित देशभक्ति को झुठलाया नहीं जा सकता जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। पुष्पांजलि संगोष्ठी का संचालन शंकर दत्त मिश्रा व संयोजन तथा धन्यवाद दिलीप शुक्ला ने दिया। पुष्पांजलि संगोष्ठी में प्रमुख रूप से सर्वश्री डॉ.हलीमुल्लाह खान, पवन गुप्ता, राजेंद्र मिश्रा बब्बू, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, निजामुद्दीन खां, चंद्रमणि मिश्रा, अबरार अहमद, जावेद जमील उस्मानी, रामगोपाल उत्तम, रवि शंकर तिवारी, राज किशोर वर्मा, राजेश सोनकर, हीरालाल निषाद, राधेश्याम कश्यप, संजय सोनकर, बैतूल खां मेवाती, रामचंद्र गुप्ता राजेंद्र वाल्मीकि, दीपक धवन, मनोज दुबे पिंकू, पप्पू नेता आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पूज्य संतों के नेतृत्व में बांग्लादेशी हिन्दुओं की रक्षा हेतु समग्र हिन्दू समाज ने भरी हुंकार, महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के आह्वान पर पूज्य संतों के नेतृत्व में हिन्दू समाज ने बांग्लादेशी हिन्दुओं की रक्षा हेतु आज बड़े चौराहे स्थित जी एन के विद्यालय में विशाल धरना दिया। धरने के पश्चात भारी संख्या में समग्र हिन्दू समाज ने धरने में उमड़ कर बांग्लादेशी हिंदू पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध में पदयात्रा निकालते हुए मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन सहायक मंडलायुक्त सुश्री रेणु सिंह जी को सौंपा।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सोमवार को बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के आह्वान पर जी एन के कालेज परिसर में आयोजित धरने का नेतृत्व पूज्य सन्त गण पनकी श्रीहनुमान मन्दिर के पूज्य महंत श्री जितेंद्र दास,श्री कृष्ण दास, बाबा सिद्धनाथ धाम महंत बालयोगी श्री अरुण चैतन्य पुरी, बाबा आनंदेश्वर मन्दिर महंत श्रीअरुण भारती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मा0 वीरेंद्र जीत सिंह, मा0 भवानी भीख, आदरणीय श्रीराम जी, मा0 डा श्याम बाबू गुप्ता ने किया।

पूज्य संतों ने, हिन्दू समाज के विभिन्न धार्मिक सामाजिक आर्थिक वैचारिक संगठनों ने आए हुए हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए अपने उद्गार प्रकट किए।

पूर्व क्षेत्र संघचालक आदरणीय श्री वीरेंद्रजीत सिंह ने कहा कि, बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में हिन्दू समाज द्वारा धरना दिया जा रहा है।

बांग्लादेश में 5 अगस्त से हिंदुओं ईसाइयों और बौद्धों पर हमले हो रहे हैं। मंदिर चर्च और मठ गिराए जा रहे हैं इस्कॉन के स्वामी चिन्मय कृष्णा दास के द्वारा हिंदुओं के विशाल विरोध प्रदर्शन को संबोधित करने के आधार पर उनको गिरफ्तार किया गया। उनको जमानत भी नहीं मिल सकी अब उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जा रहा है। वहां शासन का दमन चक्र हिंदू संगठनों की आवाज कुचलने में लगा है। यह भी स्पष्ट है कि हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों का बांग्लादेश में सुनियोजित तरीके से उत्पीड़न कराया जा रहा है। बांग्लादेश के फासीवादी शासन ने ही आतंकियों व कट्टर पंक्तियों को बे रोक- टोक धार्मिक उन्माद फैलाने दिया है। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी भारत में राजनीतिक शरण ली है। बांग्लादेश की स्थिति पर भी यू.न.ओ का सत्र बुलाया जाना चाहिए जहां मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों को हर मंच पर यह विषय उठाना चाहिए। बांग्लादेश, पाकिस्तान व अन्य पड़ोसी देश जो 20 वी शताब्दी में भारतवर्ष के ही हिस्से थे वहां हिंदू अल्पसंख्यकों बड़ी संख्या में रहते है। उन पर अत्याचार होना उसे देश का आंतरिक मामला नहीं है। बांग्लादेश सरकार का यह कथन अस्वीकार्य है। वे अपने नागरिकों को सुरक्षा नहीं प्रदान कर रहे। शेख हसीना को भी भारत के समर्थन से यू.न.ओ की सिक्योरिटी काउंसिल में यह विषय उठाना चाहिए। अमेरिका के जिन लोगों ने बांग्लादेश में उथल-पुथल मचाई है उन पर भी अमेरिका सरकार को अंकुश लगाना जाना चाहिए। उन्होंने श्री ब्रह्मावर्त सनातन धर्म महामंडल की ओर से बांग्लादेश में हिंदू धर्म पर हो रहे सुनियोजित प्रहार का घोर विरोध किया। जितेंद्र दास जी महाराज, पूज्य अरुण पुरी जी समेत संतगणों ने कहा कि, संपूर्ण विश्व की स्थिति काफी चिंताजनक है। इतिहास गवाह है जिस देश में या जिस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी बढी है वहां पर दंगे हुए हैं और हिंदुओं को टारगेट किया गया है। मुसलमान बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं को टारगेट करके उनके प्रतिष्ठान मंदिर एवं घरों को नष्ट कर रहे हैं तथा हिंदुओं का कत्ल कर रहे हैं। यह घटना लगभग एक महीने से हो रही है, इस जघन्य अपराध पर ना तो मानवाधिकार आयोग आवाज उठा रहा है और ना ही संयुक्त राष्ट्र संघ। धरने में बड़ी संख्या अधिवक्ता बन्धु भी उपस्थित रहे। कानपुर बार एसोसियेशन के महामंत्री श्री अमित सिंह ने कहा कि, पूर्व वक्ताओं द्वारा दिए आंकड़ों से यह समझने की अत्यंत आवश्यकता है की यदि हिंदू जनमानस एकजुट नहीं हुआ एवं सशक्त नहीं हुआ तो निश्चित रूप से हम सब प्रताड़ित एवं ऐसे कुत्सित अपराधियों द्वारा शिकार होते रहेंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्री प्रकाश शर्मा जी ने रखी, मंच संचालन गौरांग जी ने किया। धरने में रामानन्द आश्रम जी, रंगनाथाचार्य जी, मधुर जी, इस्कॉन से श्याम प्रभु दास जी, महंत कृष्णा पुरीजी, मौजूद रहे।

# लुढ़का पारा, धूप हुई कम, सात साल बाद सबसे ठंडा 10 दिसंबर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सात साल बाद इस बार 10 दिसंबर का दिन सबसे ठंडा रहा है। 24 घंटे में अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस गिरा। इसके पहले वर्ष 2016 में 10 दिसंबर को अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री रहा था। अधिकतम तापमान कम होने से गलन बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि हवाओं में निरंतरता रही तो ठंडक बढ़ेगी। हिमालय की पहाड़ियों पर बर्फबारी से ठंड मैदानी इलाकों में शीतलहर जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। इसके अलावा धूप की अवधि औसत एक घंटे कम हो गई है। सीएसए की मौसम वेधशाला के मुताबिक सन शाइन आवर सामान्य सात के स्थान पर इस वक्त औसत छह घंटे रह रहे हैं।

मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि बादल रहने पर धूप के घंटे कम हो जाते हैं। एक सप्ताह की धूप का प्रतिदिन का औसत छह घंटे निकल रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है। उन्होंने बताया कि रात में बादल रहे हैं। इससे न्यूनतम तापमान सामान्य औसत से थोड़ा सा अधिक रहा है। वातावरण की नमी में भी पांच फीसदी का इजाफा हुआ है।

### हिमालय पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में आईं ठंडी हवाएं

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की गति भी बढ़ी हुई है। साथ ही निरंतरता भी है। इसकी वजह से हिमालय की चोटियों पर बर्फबारी और बारिश हुई है। हवाएं वहां की ठंडक लेकर मैदानी इलाकों में आ रही हैं। इन हवाओं की वजह से कानपुर परिक्षेत्र समेत पूरे प्रदेश में ठंडक का माहौल बन गया है। साथ ही हवाओं ने धुंध भी कम की है। मंगलवार सुबह दृश्यता 1500 मीटर रही। उन्होंने बताया कि जेट स्ट्रीम भी नीचे आ गई हैं। इससे भी माहौल में ठंडक बढ़ेगी। हवाओं में निरंतरता बनी रही तो 14 दिसंबर के बाद शीतलहर जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी।

# हिजबुल आतंकी को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने हिजबुल मुजाहिद्दीन के जिस आतंकी कमरुज्जमा उर्फ डॉ. हुराय उर्फ कमरुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, उसने शहर के तीन धार्मिक स्थलों को उड़ाने की साजिश रची थी। इसका खुलासा उसके पास मिले मोबाइल की फोटो गैलरी के जरिए हुआ था। मूलरूप से असम के जिला होजाई के जमुनामुख हॉस्पिटल, डेली बाजार इराकापिली निवासी कमरुज्जमा को एटीएस ने चकेरी क्षेत्र से 12 सितंबर 2018 को गिरफ्तार किया था। इसके मोबाइल फोन में कानपुर के घंटाघर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर, जेके मंदिर और एक अन्य गणेश मंदिर के अलावा एयरपोर्ट की भी फोटो मिली थी। तीनों ही धार्मिक स्थलों को हिजबुल आतंकी ने उड़ाने की साजिश रची थी। आतंकी को गिरफ्तार करने के बाद लखनऊ के एटीएस थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में गृह मंत्रालय के आदेश पर केस एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया। 24 सितंबर 2018 को एनआईए ने केस को री रजिस्टर किया और मामले में विवेचना शुरू की थी। हिजबुल के आतंकी कमरुज्जमा की एके 47 के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसी के बाद से वह सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। कश्मीर के किश्तवाड़ से वह लखनऊ और फिर कानपुर के शिवनगर आ पहुंचा, जहां उसने पुजेरी लाल यादव का मकान किराए पर लिया।

# सपा महानगर ने सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का जाजमऊ नये गंगापुल आगमन पर भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मंगलवार समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री श्याम लाल पाल का आज दिन में 2.00 बजे लखनऊ से कानपुर कृष्णा नगर में आयोजित यादव सम्मेलन को संबोधित करने जाने पर जाजमऊ गंगापुल पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू व अपने संगठन के साथियों तथा पीडीए मिशन की युवा टीम के साथ भव्य स्वागत कर फूल मालाओं के भेंट के साथ किया।

इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कानपुर महानगर में सविनय अवज्ञा आंदोलन के साथ बिजली के निजीकरण का विरोध खाद्य पदार्थों में मिलावट दूषित पेयजल के कारण बढ़ती बीमारियों को लेकर मलिन बस्तियों के साथ अन्याय व्यवहार को लेकर पीडीए मिशन की युवा टीम 312 मतदान केंद्रों के परिवारों के बीच पीडीए युवा टीम जनसंपर्क कर आकंलन रिपोर्ट तैयार कर धरने की तैयारी आरंभ करने की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष

माननीय श्री श्याम लाल पाल को महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सौपी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पीडीए मिशन को और अधिक मजबूत कर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव की नीतियों को प्रसार प्रचार कर युवाओं को प्रशिक्षण देने का आवाहन किया। स्वागत करने वालो मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, रमेश यादव, इशरत इराकी, राजेंद्र जयसवाल, संजय निषाद, सुलेखा यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# इमरान ने गोल्डी बनकर ब्यूटी पार्लर संचालिका से किया दुष्कर्म



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

परमपुरवा निवासी युवक ने ब्यूटी पार्लर संचालिका से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। फिर फोटो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया और गायब हो गया। उसे खोजते हुए युवती घर पहुंची तो आरोपी गोल्डी का असली नाम इमरान निकला। एडिशनल सीपी के आदेश पर जूही पुलिस ने केस दर्ज किया है।

जूही निवासी ब्यूटी पार्लर संचालिका के मुताबिक 4 वर्ष पहले जूही परमपुरवा निवासी गोल्डी से मुलाकात हुई थी। वह ब्यूटी पार्लर के पास बेल्ट का काम करता था। गोल्डी ने नजदीकियां बढ़ा कर शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद शादी का झांसा देकर परमपुरवा धर्मकांटा के पास स्थित होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने दो दोस्तों को बुलाकर उनसे भी संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध पर अश्लील फोटो खींच लेने की जानकारी दी और अंजाम भुगतने को तैयार रहने को कहा।

फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी उसे अलग-अलग होटलों में ले गया और जबरन संबंध बनाए। इसके बाद से वह लापता हो गया। 7 नवंबर को संचालिका गोल्डी के बताए पते जूही परमपुरवा हाशमी हॉस्पिटल के पीछे पहुंची तो गोल्डी का नाम इमरान होने की जानकारी मिली। उसके भाई गुड्डू ने इमरान के विवाहित होने की जानकारी दी। इस बीच गोल्डी भी पहुंच गया और धमकी दी। पीड़िता ने एडिशनल सीपी हरीश चंदर से गुहार लगाई। मंगलवार को एडिशनल सीपी के आदेश पर जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?

**वादा करने के बावजूद छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल को हटाकर टीएस सिंहदेव को मुख्यमंत्री नहीं बना पाए। मध्य प्रदेश में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी से अपने सबसे करीबी नेता रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को बचा नहीं पाए। राहुल गांधी अशोक गहलोत से लेकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा तक किसी भी क्षेत्रीय क्षत्रप से अपनी बात मनवा नहीं पाते हैं। जिस तरह से अड़ कर उन्होंने गांधी परिवार से अलग हटकर मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवाया, उस तरह की जिद वह पार्टी के अन्य मामलों में कर नहीं पाते हैं।**

*2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकर्ताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी। लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरुआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं। उनके चाचा रामगोपाल यादव ने तो राहुल गांधी पर खुलकर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि वे इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उद्धव ठाकरे, पहले से ही राहुल गांधी से नाराज हैं कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस नेता ने विधानसभा चुनाव के समय उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। दरअसल, इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने अस्तित्व का डर सताने लगा है। उनके मन में यह बात बैठती जा रही है कि राहुल गांधी लड़ नहीं पाते हैं। राहुल गांधी न तो पीएम नरेंद्र मोदी से लड़ पा रहे हैं और ना ही साये की तरह अपने साथ चलने वाले उन कांग्रेस नेताओं से लड़ पा रहे हैं जो उन्हें अनाप-शनाप सलाह देते रहते हैं। यह बात कुछ हद तक सही भी है। राहुल गांधी चाहकर भी अपने करीबी युवा नेता सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं बना पाए। सर्वे रिपोर्ट के बावजूद राजस्थान विधानसभा चुनाव के समय अशोक गहलोत के करीबियों का टिकट नहीं काट पाए।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बड़ा सवाल यह है कि पैसा कब मिलेगा? घटनाक्रम यह है कि भाजपा की एक बड़े नेता जिसका नाम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी है ने 2013 में 5 करोड रुपये की एफडी पंजाब नेशनल बैंक नई दिल्ली में कराई थी। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो उन्होंने यानी मिथिलेश कुमार जी ने मौका मुनासिब समझ कर और अपनों की सरकार को ध्यान में रखकर नारद मीडिया नाम की एक संस्था बनायी ताकि भाजपा के पक्ष में माहौल बनता रहे और चलता रहे। लेकिन शायद कुदरत को कुछ और ही मंजूर था इसलिए जब 2024 की 23 जुलाई को उनकी एफडी परिपक्व हुई यानी मेच्योर हुई तो उनको पैसे नहीं मिले।**

# अब बैंक में भी पैसा सुरक्षित नहीं ?



**डॉ0 ओम प्रकाश मिश्र**

**पता यह चल कि बैंकों के अधिकारियों की मिली भगत से एक नया खाता मिथिलेश कुमार त्रिपाठी के नाम खोलकर एफडी उसमें कैश कर ली गई। अब त्रिपाठी जी दिल्ली हाई कोर्ट की शरण में है जहां से बैंक के वकील तारीख पर तारीख ले रहे हैं और अदालत तारीख पर तारीख दे रही है। साथ ही यह कह रही है कि कुछ एक्शन लेना ही पड़ेगा।**

आज हम बात करेंगे पब्लिक सेक्टर की बैंकों के बारे में। उन बैंकों के बारे में जहां सीनियर सिटीजन अपनी गाढी कमाई फिक्स डिपाजिट के रूप में इस उम्मीद के साथ रखते हैं कि गाढे वक्त में काम आएगा। हम चर्चा करेंगे उन नेशनललाइज बैंकों के बारे में जहां सब कुछ विश्वास पर चलता है और जब विश्वास डगमगाता है तो इसका मतलब होता है अब अमानत में खयानत होना। प्राइवेट सेक्टर के बैंकों पर तो बहुत जल्दी सरकार और रिजर्व बैंक कड़ी कार्रवाई कर देती है। लेकिन जब मामला राष्ट्रीयकृत बैंकों का हो तो न केवल बैंक बल्कि रिजर्व बैंक और सरकार कन्नी काटने लगते हैं। कन्नी काटने वाली बात, धोखा देने वाली बात तथा बैंकों में पैसा जमा करने वालों के साथ चीट करने की बात मैंने हवा में नहीं कहीं। बल्कि यह बात मैं पुख्ता सबूत के आधार पर कह रहा हूं। और यह साबित करने का प्रयास भी करूंगा कि बैंकों में भ्रष्टाचार होता है। जमा करने वालों के साथ धोखाधड़ी की जाती है तथा उनके पैसे हडपे जाते हैं। इतना ही नहीं धनवानो के तो कर्ज माफ कर दिये जाते हैं, रिटन ऑफ कर दिया जाता है। लेकिन आम आदमी और कभी-कभी खास आदमी तक इतना ही नहीं तमाम भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं तक के पैसे अब तक। वह भी मोदी सरकार के कार्यकाल में हडपे जा चुके हैं। या यूं कहें तो डूब चुके हैं। तभी तो पिछले दिनों मुंबई हाई कोर्ट ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि इस तरह की घटनाओं से बैंकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। लोगों का विश्वास डगमगाता ही नहीं बल्कि विश्वास खत्म होता है। मैं अपनी बात को आगे बढ़ाऊ तथा बैंकों के भ्रष्टाचार की चर्चा करूं उससे पहले एक मशहूर किताब द प्रिंस की कुछ बातों का जिक्र करना आवश्यक समझता हूं- पुस्तक के लेखक निकोला मैकियावेली लिखते हैं कि एक राजा न केवल धोखा दे सकता है, विश्वासघात कर सकता है और ठग सकता है या ठगी करने वालों का साथ दे सकता है। क्योंकि ऐसा करना उसके लिए अपेक्षित है। क्योंकि वही एक सफल शासन काल का मार्ग है और एक राज्य या राष्ट्र को प्राप्त करने और उसे सुरक्षित बनाए रखने का एकमात्र रास्ता है। किताब में आगे लिखा गया है की राजनीति में नैतिक होना सदा आवश्यक नहीं है। और इस



**आप सबको जानकर हैरत होगी कि जिस डिजिटल सिस्टम को लेकर अब तक बड़े-बड़े दावे किए गए उसी डिजिटल सिस्टम के जरिए अकेले नवंबर 2024 तक साइबर फ्रॉड अर्थात डिजिटल फ्रॉड के 2 लाख 92 हजार 800 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें कितने पैसों का नुकसान हुआ है उसका आंकड़ा तो अभी रिजर्व बैंक ने उपलब्ध नहीं कराया है।**

प्रकार यह राजनीति की वास्तविक प्रवृत्ति ही है जो नैतिकता के साथ समझौते करने की मांग करती है। इस प्रकार सत्ता को प्राप्त करना और उसका उपयोग करना राजा का धर्म है और शायद यही इस समय भारत में हो रहा है। वह भी उस देश में हो रहा है जहां के प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। लेकिन भाई लोग धड़ल्ले से खा रहे हैं और सत्ता प्रतिष्ठान भ्रष्टाचार को राष्ट्रवाद से जोड़कर नित नई परिभाषा गढ़ रही है। तभी तो इस देश की संसद में 50 हजार की गड्डी मिलने पर तो बहस होती है, गंभीर मसला बताया जाता है, एक दूसरे को कटघरे मे खड़ा किया जाता है। लेकिन 2 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार पर चर्चा की अनुमति नहीं होती है। हर सवाल के जवाब में नथिंग ओन रिकॉर्ड कहा जाता है। मैं समझ नहीं पाता हूं कि 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद फाइनेंशियल फ्रॉड को रोकने के लिए स्विस बैंक में पैसा जाने से रोकने के लिए तथा स्विस बैंक से पैसा वापस लाने के लिए जो एस आई टी बनी थी उसने अब तक क्या किया? क्या सिर्फ भ्रष्टाचार को राष्ट्रवाद से ही जोड़ने में सफलता मिली या कुछ और हुआ? मैं यहां बैंक में जमा पैसे की सुरक्षा की बात कर रहा था इसलिए फिर उसी पर आता हूं। और बताता हूं कि कानपुर के जिस बैंक के लाकर से जेवरात वगैरा गायब हुए थे क्या वे वापस उनको मिले? शायद नहीं। आप सबको जानकर हैरत होगी कि अकेले उत्तर प्रदेश में मार्च 2024 तक 30 हजार 135 बैंकों में फ्रॉड के मामले दर्ज हुए हैं। इसमें 12हजार 448 करोड रुपये आम आदमी के गायब हुए। इन आम आदमियों में सत्ता दल यानी भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल है। लेकिन चुप्पी इसलिए साधे हैं कि सरकार की बदनामी होगी। क्योंकि यह सारे फ्रॉड पब्लिक सेक्टर की बैंकों में हुए हैं। यानी सरकारी बैंकों में। आज मैं एक बड़े भाजपा नेता के साथ हुए बैंक फ्रॉड का जिक्र करना आवश्यक समझता हूं ताकि आम आदमी यह समझ सके की उसका हस्र क्या होता? वह तो मर जाता शायद। ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि भ्रष्टाचार सिस्टम का हिस्सा बन चुका है तो गलत नहीं होगा। आदमी किस पर विश्वास करें क्योंकि भ्रष्टाचार तो शायद खून में शामिल हो चुका है, कोई सुनने वाला नहीं है, कहीं से न्याय मिलने वाला नहीं है शायद। तभी तो आम आदमी को इधर-उधर के मुद्दों में उलझाया जा रहा है, भरमाया जा रहा है, राष्ट्रवाद का छौका लगाकर बड़े-बड़े घोटाले किए जा रहे हैं। अमृत काल की दुहाई दी जा रही है। विश्व गुरु का सपना बेचा जा रहा है और 2047 में भारत विकसित बनेगा और उससे पहले हिंदू राष्ट्र बनेगा का दिवा स्वप्न संजोया जा रहा है। आप सबको जानकर हैरत होगी कि जिस डिजिटल सिस्टम को लेकर अब तक बड़े-बड़े दावे किए गए उसी डिजिटल सिस्टम के जरिए अकेले नवंबर 2024 तक साइबर फ्रॉड अर्थात डिजिटल फ्रॉड के 2 लाख 92 हजार 800 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें कितने पैसों का नुकसान हुआ है उसका आंकड़ा तो अभी रिजर्व बैंक ने उपलब्ध नहीं कराया है। लेकिन पता चला है कि कई अरब रूपये की ठगी हुई है। इन मामलों पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है यह बताने वाला कोई नहीं है और ना यह बताने वाला कोई है कि क्या इन मामलों में बैंक कर्मियों की संलिप्तता है।

### एक्सप्रेस कविता

*उनकी बीमारी से ज्यादा एहसास, उनके चुपचाप रहने का था , खरी खरी बातें सुनाने के आदी, दर्द से चुप, उनकी चुप्पी से हम लोग असहय दर्द में थे , कभी रात के तीसरे पहर, गहरी नींद के किनारे, गुनगुनाते बोल, नींद को और गुनगुना कर देते। मां करवट बदलकर पानी के लिए पूछती, झिंगुरों से आती आवाजों से लगता, गहरी रात है कहीं बाहर, मेरे पलंग के आसपास सुबह, दस बजे ही झांकती , पिताजी लानत सलामत भेजते, आने वाली शंकाओं को जन्म देते, और निकम्मेपन की मिसालें देते, ताजपोशी के लिए कई लिजलिजी उपमा परोसी जाती, जो खिड़की के रास्ते बाहर चली जाती, खामियांजे में मुझे तुरंत उठकर हाथ मुंह धोना पड़ता, अम्मा मुस्कुराती चाय के लिए पतीली चढ़ाती, ज्यादातर काढ़ा कम दूध की चाय नसीब होती।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**सपने देखते हो तो उसे पूरा करो नींद से झागना होगा तब ही उस पर कार्य कर पाओगे**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 25:07 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 06:56 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | वरीघा, 18:39 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 17:20 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 12:13-13:30 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## ब्लड प्रेशर की समस्या में फायदेमंद हो सकते हैं अलसी के बीज



**सेहतमंद** रहने के लिए डाइट में ध्यान देने की आवश्यकता होती है। साथ ही, बाहर का तला भुना खाना और जंक फूड से भी दूरी बनाने की सलाह दी जाती है। डॉक्टर और एक्सपर्ट बताते हैं कि नियमित रूप से सीड्स यानी बीजों को डाइट में शामिल करने से शरीर की कई जरूरतें पूरी होती है और व्यक्ति की इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे आपको बार-बार बीमार होने का जोखिम कम होता है। ब्लड प्रेशर को कम करने या कंट्रोल करने के लिए आप अलसी के बीज का सेवन कर सकते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व आपको हृदय रोगों से बचाने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं।

**फाइबर से भरपूरः** अलसी में घुलनशील और अघुलनशील फाइबर दोनों मौजूद होते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है और धमनियों में रुकावट को रोकता है। फाइबर हृदय को स्वस्थ बनाए रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी सहायक होते हैं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिडः** अलसी के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, जो दिल और धमनियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के साथ-साथ धमनियों को लचीला बनाए रखता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

**पोटेशियमः** पोटेशियम, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है और यह अलसी के बीज में अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह शरीर से अतिरिक्त सोडियम को बाहर निकालने में मदद करता है और ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखता है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स से युक्तः** अलसी के बीज में लिग्नान नामक एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं। ये ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं और हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं।

**सूजन कम करने में सहायकः** अलसी के बीज में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और लिग्नान एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं। ये नसों में सूजन को कम करते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और दिल पर दबाव कम होता है।

अलसी के बीज खाने का सही तरीका

अलसी के बीज को हल्की आंच पर भूनकर स्नैक की तरह खा सकते हैं। इन बीजों को पीसकर पाउडर बना लें और इसे दही, सलाद, या स्मूदी में मिलाएं।

सुबह खाली पेट 1 चम्मच अलसी पाउडर को गुनगुने पानी के साथ लें। आटे में अलसी पाउडर मिलाकर रोटी या पराठा बनाएं।

### एक्सप्रेस विशेष

# मानवता के लिए सार्थक बने मानवाधिकार दिवस



**रमेश सर्राफ धमोरा**

**आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जाति के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है।**

**पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मो-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं।**

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर, 2024 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 76वीं वर्षगांठ है। 2024 में मानवाधिकार दिवस की थीम असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है। कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है, क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राजनेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी।

हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं। मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत में 28 सितम्बर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24 ,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के टबिजली कर्मियों के समर्थन में पंजाब और महाराष्ट्र में हुए प्रदर्शन~11 दिसंबर को बिजली के निजीकरण के विरोध में लखनऊ में तय होगी राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आज प्रदेश के सभी जनपदों परियोजनाओं और राजधानी लखनऊ में बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार बिजली कर्मियों ने कार्य नहीं प्रभावित होने दिया किंतु काली पट्टी बांधकर अपनी फौलादी एकता का परिचय दिया और निजीकरण के विरोध में निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया । मुख्य अभियंताओं ने भी बांधी काली पट्टी।11 दिसंबर को लखनऊ में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स एन सी सी ओ ई ई ई की मीटिंग हो रही है जिसमें उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। एन सी सी ओ ई ई ई बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति है जिसमें देश के सभी प्रमुख बिजली कर्मचारी फेडरेशन तथा पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन और आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन सम्मिलित हैं। लखनऊ में हो रही मीटिंग में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमेन शैलेंद्र दुबे सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, नेशनल कनफेडरेशन ऑफ ऑफिसर्स एसोसिएशन के के अशोक राव और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के सेक्रेटरी जनरल मोहन शर्मा सम्मिलित होंगे। एनसीसीओईईई बिजली कर्मचारियों, डिप्लोमा इंजीनियरों और इंजीनियरों के फेडरेशन की अपेक्स बॉडी है। उत्तर प्रदेश में एक तरफा ढंग से किए जा रहे बिजली के निजीकरण को लेकर देश भर में बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त है इसीलिए कोऑर्डिनेशन कमिटी की मीटिंग लखनऊ में हो रही है जिसमें राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के समर्थन में आज महाराष्ट्र और पंजाब के बिजली कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किए और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि कर्मचारी और उपभोक्ता विरोधी निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाये।उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित प्रत्येक जिले में बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मुख्य अभियन्ता स्तर तक के अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर एकजुटता दिखाई। भोजन अवकाश में और कार्यालय समय के बाद बिजली कर्मचारियों ने कार्यालय के प्रांगण में निजीकरण के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो0 इलियास, श्री चन्द, सरयू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, ए.के. श्रीवास्तव, के.एस. रावत, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जी.पी. सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय एवं विशम्भर सिंह ने एक बार पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर कर्मचारी विरोधी निजीकरण निरस्त करने की कृपा करें। संघर्ष समिति ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों ने देश में सबसे अधिक 30000 मेगावाट तक बिजली आपूर्ति करके एक रिकॉर्ड बनाया है और आगे भी और बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए बिजली कर्मी संकल्पबद्ध है, ऐसे में निजीकरण उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों पर न थोपा जाए।

## आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर चले रहे श्री राम लीला मेला के अंतर्गत आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। आदर्श सामूहिक विवाह में गायत्री परिवार के दयाशंकर, गूना देवी ने सनातनी परंपरा से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह करवया,वहीं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता रविन्द्र यादव ने बताया कि विवाह एक ऐसा स्वैच्छिक बंधन है जिसमें वर, वधू,आज से बंधकर पति पत्नी के रूप में एक हो जाते हैं यह विवाह दो आत्माओं का संगम है शरीर तो दो हैं पर आज से पति पत्नी दोनों को आत्मा मिलकर एक हो गई।इस आदर्श सामूहिक विवाह में पंकज कुमार इमलिया संग, गीतांजली हथियाबोझ,मुकेश कुमार चंदनपुरवा संग पुष्पा देवी ठाकुरपुरवा, संतोष कुमार भजनपुरवा संग लवली मौर्या नैनानपुर परौरी, सुधीर कुमार बसहा पतरासी संग पंछी सेमरापुरवा, मुकेश कुमार छीटनपुरवा संग रोहिणी गुलरीपुरवा,वीरू परागीपुरवा संग अनीता सुजानपुर, श्यामू चिल्लापुरवा संग रूपा देवी रामनगर धौरहरा, चन्दन बिनौरा संग राधा धानुक जम्हौरा, दीपू धौरहरा संग सुमन देवी धरौरा बख्शी तालाब लखनऊ, संतोष कुमार प्रीतमपुरवा निघासन संग खुशबू निघासन, अवधराम जम्हौरा ढखेरवा संग गायत्री देवी पचपेड़ा बम्हनपुर सहित 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक हुए।इस सामूहिक विवाह के आयोजक के.के.मौर्या, मेला कमेटी महामंत्री, मनोज वर्मा मेला कमेटी कोषाध्यक्ष ने बताया कि आदर्श सामूहिक विवाह में सभी जोड़ो को चांदी की पायल, नाक की कील, चांदी की बिछिया, एक बड़ा बक्सा सिंगल बेड गद्दा रजाई,वर वधू के पहनने वाले आवश्यक कपड़ों के साथ गृह गृहस्थी से संबंधित आवश्यक सामग्री, बर्तन आदि मेला कमेटी की तरफ से दिया गया।इस आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन में मेला कमेटी के अध्यक्ष दयाशंकर मौर्या चेयरमैन प्रतिनिधि, प्रदीप गुप्ता मेला मुख्य आयोजक, दिनेश शुक्ला अधिशाषी अधिकारी,जयेश कुमार सिंह खण्ड विकास अधिकारी, जगन्नाथ प्रसाद मौर्य, बाबूराम मौर्या सभासद, डॉ.आशीष गुप्ता,रामकिशोर मौर्या बजाज, त्रियुगी नारायण मौर्य डॉ.ध्रुव गिरी, सहजराम मौर्या, ऊषा विश्वकर्मा भूपेन्द्र मौर्या जिला पंचायत सदस्य, डॉ.पंकज मौर्य, मोनू दीक्षित, पूजा त्रिपाठी सी.डी.पी.ओ सहित सभी पत्रकार बंधु व सैकड़ों की संख्या में पधारे क्षेत्रवासियों ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

## शिक्षक नेता वीएस श्रीवास्तव बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर

जन एक्सप्रेस । बहराइच। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता तथा प्रबुद्ध समाजसेवी वीएस श्रीवास्तव को नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष प्रमिता सिंह की ओर से स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया है। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी की ओर से उन्हें अपने कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि शिक्षक नेता श्री श्रीवास्तव लंबे समय तक राजकीय इंटर कालेज बहराइच में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं देने के बाद सेवा निवृत हुए हैं और अभी भी राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता के रूप में शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत हैं। श्री श्रीवास्तव ने घसियारी पुरा मोहल्ले को जलभराव मुक्त कराए जाने के लिए बहराइच में नगर पालिका तथा कलेक्ट्रेट से लेकर लखनऊ में सत्ता के गलियारे तक जोरदार पैरवी की और लाइलाज हो चुकी समस्या से मोहल्लावासियों को मुक्त कराया। इसके अतिरिक्त मोहल्ले की जर्जर विद्युत व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करने के साथ शासन स्तर पर पैरवी की और इस दिशा में भी अपेक्षित सफलता प्राप्त की।

# विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए सैकड़ों ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । बहराइच

- सेमरहना में आयोजित शिविर में 6660 से अधिक लोगों का हुआ संतृप्तिकरण

जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत शनिवार को विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 558 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 126 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 76 लोंगो को आयुष्मान कार्ड, आर.बी.एस.के./आर.के.एस.के. टीम द्वारा 115 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 120 लोंगो का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरण, 114 लोंगो को परिवार नियोजन संसाधनों का वितरण, गैर संक्रामक रोगों के लिए 406 के स्वास्थ्य की जांच, 83 लोंगो की पैथालोजी जांच, वीएचएसएनडी सत्र अन्तर्गत 16 की जाचं, 123 लोगों की आभा आई.डी. बनायी गयी तथा किशोर/किशोरी कार्यक्रम अन्तर्गत 240 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फेलिक एसिड का वितरण किया गया।

शिविर के दौरान पुलिस विभाग द्वारा पिंक बूथ के माध्यम से 252 महिलाओं को जागरूक किया गया, राजस्व विभाग द्वारा निर्विवाद वरासत के 05, आईजीआरएस के 01, धारा-24 के 07, आय के 17, जाति के 08 व निवास के 10, फार्मर रजिस्ट्री के 06 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया तथा 06 खाताधारकों को खसरा का वितरण किया गया। महिला कल्याण (प्रोबेशन) विभाग द्वारा निराश्रित महिला पेंशन व बेबी किट वितरण योजना से 42 लोंगो को लाभान्वित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत मीटर बदलने, बिल संशोधन तथा ओटीएस से सम्बन्धित 17 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 85 नवीन आधार निर्गत करने के साथ-साथ 138 लोंगो के मोबाइल नम्बर को आधार से लिंक किया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत 620 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 07 समूहों के गठन, 01 को आर.एफ. प्रपत्र, 02 को प्रशस्ति पत्र व 02 को सीसीएल जारी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 04 की फार्मर रजिस्ट्री, 73 को पीएम किसान सम्मान निधि व 04 कृषकों को बीमा योजना से आच्छादित किया गया। बैंकिंग सेवा अन्तर्गत इण्डियन बैंक व आर्यावत बैंक के द्वारा 58 लोंगो के नवीन खाता खोलने व जेजेवाई व केवाईसी से सम्बन्धित कार्यवाही की गई। ई-डिस्ट्रिक्ट अन्तर्गत 15 लोंगो के आधार अपडेट करने के साथ-साथ मोबाइल से लिंक करने की कार्यवाही की गई। श्रम विभाग द्वारा 108 मनरेगा मज़दूर सहित 25 अन्य को श्रमिक कार्ड जारी किये गये, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड के सम्बन्ध 23 व यूनिट वृद्धि हेतु 25 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा केवाईसी व पेंशन से सम्बन्धित 24 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवासीय योजना से सम्बन्धित 752 आवेदन प्राप्त किये गये तथा 46 लोंगो को फैमली आईडी व 152 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 59 लोंगो को जाबकार्ड का वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 208 लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई तथा स्वच्छ शौचालय हेतु 66, जन्म प्रमाण-पत्र हेतु 65 व मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु 35 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। पशुपालन विभाग द्वारा 493 पशुओं का टीकाकरण, 580 का उपचार एवं औषधि का वितरण, 04 का कृत्रिम गर्भाधान किया गया, केसीसी के सम्बन्ध में 28, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 18 व पशुधन बीमा के समबन्ध में 15 आवेदन प्राप्त किये गये। लघ सिंचाई विभाग द्वारा उथले बोरिंग योजना के तहत 14 आवेदन प्राप्त किये गये। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा 207 की पोषण काउन्सलिंग, 87 का आधार पंजीकरण, 130 का वज़न, 15 को सामुदायिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई तथा 106 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी के धौरहरा में मंगलवार को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता ईसानगर के हसनपुर कटौली होकर सिसैया चौराहा पर एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए पैदल धौरहरा तहसील पहुंचे, जहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए ईसानगर के हसनपुर कटौली, ईसानगर होकर सिसैया चौराहा पहुंचे। धौरहरा कस्बे के श्री राम नवमी मंदिर में सभा के बाद पूरे कस्बे में पैदल मार्च किया। तहसील गेट पर बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार को सौंपा।

# बिना अनुमति पत्र निराश्रित गोवंश को गौशाला न ले जायें



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना ईसानगर के सभागार में प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामप्रधानों के साथ बैठक कर निराश्रित गोवंश के समायोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे। मंगलवार को सभागार में ग्रामप्रधानों की एक बैठक में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने कहा कि निराश्रित गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान या गौशाला में ले जाने के लिए एसडीएम व बीडीओ की अनुमति पत्र लेना जरूरी है, साथ ही पुलिस को सूचित करके ले जाया जा सकेगा। अक्सर देखा गया है कि गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान या गौशाला ले जाते समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कुछ लोग बिना अनुमति व बगैर पुलिस सूचना के जानवरों को गौशाला ले जाते है ऐसे मे गौशाला मे पशुओं के समायोजन में काफी दिक्कत आती है । साथ ही विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। प्रभारी निरीक्षक ने गांव सिरसी व लौकाही, मल्लापुर, महरिया में गोवंश की छोड़ने पर विवादों का उदाहरण दिया।

उन्होने गैर जनपद वाहनों से गोवंश को ले जाने के लिए अनुमति पत्र होना आवश्यक बताया। बिना अनुमति पत्र व सूचना के गोवंश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामप्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर को

जन एक्सप्रेस । बहराइच। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### कोतवाली नगर की पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार को गिरफ्तार किया

जन एक्सप्रेस । बहराइच। कोतवाली नगर की पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि उनके? द्वारा अपराध नियंत्रण व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के निर्देशन में मंगलवार को उप निरीक्षक शिवम कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शाहरुख पुत्र इस्माइल निवासी चिकमण्डी मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को पेशी के लिए कोर्ट रवाना किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया।

### किसानों से साफ सुथरा गान्ना लाने को कहा गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। रमिया बेहड गोविंद शुगर मिल ऐरा के उच्च अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा हौंकना मटेरा किसानों से साफ सुथरा गान्ना लाने को कहा गया व सेंटरों पर किसानों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए कॉल सेंटर बना दिया गया यदि दिक्कत होती है तो तत्काल कॉल करके अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं अधिकारियों ने बताया आप लोगों को भुगतान एक हफ्ते के अंदर ही इस बार दे दिया जाएगा इसलिए आप लोगों से हमारा निवेदन है कि गाना साफ सुथरा लेकर के आए मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों ने किसानों से रूबरू होकर उनकी हर समस्या को सुना और समझा और सभी किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह से इस बार आपका गन्ना भुगतान सही-सही टाइम से दिया जाएगा इस दौरान मौजूद रहे काफी गांव के किसान व मिल के उच्च अधिकारी गन्ना प्रबंधक श्री वाली पी . राव व पप्पू कश्यप और नाहर सिंह की सराहनीय उपस्थित रही।



# 402 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई रू.86.52 लाख की सहायता राशि

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 402 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 86 लाख 52 हज़ार 144 सम्बन्धित के बैंक खातों में 10 दिसम्बर 2024 को हस्तान्तरित की गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत बाढ़ आपदा के सम्बन्ध में नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 285 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 22 लाख 65 हज़ार 827, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 10 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 02 लाख 27 हज़ार 047 तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 15 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 01 लाख 19 हज़ार 770 इस प्रकार 310 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 26 लाख 12 हज़ार 644 कृषि निवेश अनुदान सहायता के रूप अन्तरित की गई है। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत अग्निकाण्ड के सम्बन्ध में 05 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 29 हज़ार, तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 16 हज़ार, तहसील नानपारा अन्तर्गत 01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 05 हज़ार तथा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 26 हज़ार कुल 13 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 76 हज़ार की धनराशि अहेतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में अन्तरित की गई है। इसके अलावा तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत अन्य आपदा के सम्बन्ध में 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 12 लाख 52 हज़ार, कैसरगंज अन्तर्गत 19 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 09 लाख 68 हज़ार 500, मिहींपुरवा अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 14 लाख 16 हज़ार, महसी अन्तर्गत गृह अनुदान सहायता के रूप में 12 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 48 हज़ार व तहसील पयागपुर अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 21 हज़ार, तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत 24 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 22 लाख 58 हज़ार कुल 79 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 59 लाख 63 हज़ार 500 की धनराशि अन्तरित की गई है।

# सिपाही ने ड्राइवर से मांगी 2000 रुपए रिश्वत, नहीं दी तो काट दिया 10500 का चालान

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर में एक प्राइवेट वाहन हरदोई निवासी एक व्यक्ति की कार से टच हो गया तो कार मामूली क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक में जीआईसी चौकी में शिकायत की तो दो सिपाहियों ने प्राइवेट वाहन तथा चालक को जीआईसी चौकी बुलाया। वहां प्राइवेट वाहन चालक ने कार मालिक से विनती की और माफी मांगी। थोड़ी देर के बाद कर मलिक में प्राइवेट वाहन चालक को माफ कर दिया और अपनी गाड़ी लेकर चला गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस से कहा कि अब कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। जब शिकायत कर्ता चला गया तो चौकी के सिपाही आदित्य सिंह ने प्राइवेट वाहन चालक से ?2000 रिश्वत मांगी। चालक के पास मात्र डेढ़ सौ रुपए थे जिसे देना चाहा तो सिपाही ने उसे भद्दी भद्दी गाली दी और चार-पांच थप्पड़ मारे। इस घटना से आहत वाहन चालक ने पुलिस अधीक्षक शुक्ला से लिखित शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं।

शिकायतकर्ता वाहन चालक गुड्डु पुत्र राम भरोसे सिंह निवासी मोहिनीपुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती ने बताया कि वह शहर के डिगिहा फ्रीगंज निवासी एक ट्रांसपोर्टर के वाहन चालक का ड्राइवर है।

# सड़क हादसे में एक वर्ष के भीतर 283 लोगों ने गंवाई जान, 610 लोग हुए घायल

- 14 दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र निर्धारित, डीएम के निर्देश के बावजूद नहीं लगाए गए जागरूकता संदेश

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले में सड़क हादसों का ग्राफ काफी बढ़ गया है। जिसके चलते एक वर्ष में 283 लोगों की मौत हो गई। वहीं 610 लोग घायल हुए हैं। इसका मुख्य कारण ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने के बाद भी संकेतांक न लगना है। लेकिन यातायात और सहायक संभागीय परिवहन विभाग सिर्फ कागजों पर ही हादसे रोकने के उपाय करता दिख रहा है।

तराई बहराइच जनपद हादसों का जिला बनता जा रहा है। जिसका नतीजा है कि बीते एक वर्ष में 283 लोग काल के मुंह में समा गए। किसी ने बेटा तो किसी ने अपना भाई तो किसी ने पिता तो किसी ने अपना पति सड़क हादसो में खो दिया। इतना ही नहीं एक वर्ष में सड़क हादसों 610 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। इनमें कुछ लोग पूरी तरह से अपाहिज बन गए हैं। लेकिन हादसों पर अंकुश के लिए सिर्फ कागजों पर ही कार्रवाई चल रही है। यह हम नहीं बल्कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट बता रहे हैं।

ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर लिए गए हैं, लेकिन वहां पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का जागरूकता बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके चलते हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिले में 23 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर 14 दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं। लेकिन डीएम के बार बार संदेश के बाद भी यहां पर जागरूकता बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं।

ऐसे में सड़क हादसे कैसे रुके, यह सवाल सभी के मन में उठ रहा है।

इस मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा लोगों को निर्धारित स्पीड में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही नशे में लोग वाहन न चलाएं इसके लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

### ब्लैक स्पॉट की चल रही जांच

जिले के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जांच की जा रही है। इसके बाद जागरूकता बोर्ड व अन्य कार्य संबंधित विभाग द्वारा करवाए जाएंगे जल्द ही सुधारात्मक परिणाम मिलेंगे। हादसे रोकने के लिए हरसंभव प्रयास हो रहा है। जागरूकता बोर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगवाया जाएगा।

राजीव कुमार एआरटीओ।

## शहर में अराजक तत्व और उचक्के हावी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। शहर में अराजक तत्व और उचक्के हावी होते जा रहे हैं। खुटार रोड पर महिलाओं और युवतियों का निकलना मुश्किल हो गया। एक युवक नशे की हालत में बीच सड़क पर आपत्तिजनक हालत में दिख रहा था। उसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामला रविवार की शाम का है। मोहम्मदी रोड निवासी एक युवक नशे की हालत में खुटार रोड पर पहुंच गया और बीच सड़क पर वह खड़े होकर लघु शंका करने लगा। रास्ते से निकल रहीं युवतियां और महिलाएं असहज हो गईं। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, तब तक युवक आगे बढ़ चुका था। पुलिस बेरंग लौट आई जिसकी चर्चाएं हो रही हैं।

# शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का नुक़सान

जन एक्सप्रेस । बहराइच

मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 जरही के मोहल्ला जरही रोड पर उत्सव वस्त्रालय के नाम से संचालित दुकान में मंगलवार सुबह 8~30 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे कपड़े जलने लगे। सूचना पाकर दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दमकल वाहन मौके पर एक घंटे बाद पहुंचा जिसके चलते सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के जरही निवासी मोहम्मद रफीक के कपड़े की दुकान में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार सुबह आग लग गई। आसपास के लोगों ने दुकान से निकल रहे धुएं को देखकर दुकान मालिक मोहम्मद रफीक को फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर जब तक दुकान पर पहुंचते तब तक दुकान में रखा कपड़ा काफी मात्रा में जल चुका था। दुकान मालिक के मुताबिक लगभग आठ लाख की संपति का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। राजस्व कर्मियों ने भी मौके का मुआयना कर रिपोर्ट तहसील को दी है। अग्निकांड पीड़ित मोहम्मद रफीक का कहना है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सच्चाई

## अग्नि कुंड में बिना अग्नि के किए फेरे, दो कन्याओं के साथ पांच दुल्हे को पढ़ाई गई निकाह

जन एक्सप्रेस । देवरिया

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित षमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाष् के अंतर्गत जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें 221 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। 210 जोड़ों का विवाह पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के साथ तथा 11 जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति के अनुसार सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम्य एवं समग्र विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम उपस्थित रहीं, साथ ही रामप्रकाश यादव प्रतिनिधि सांसद, सलेमपुर, नवीन शाही प्रतिनिधि कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, राजू मणि प्रतिनिधि एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और संबंधित खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### गरीब मां बाप के सपना हो रहा साकार, बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी उठा रही सरकार - राज्यमंत्री

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गौतम ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना की वजह से गरीब अभिभावकों को भी अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने का अवसर मिल रहा है। आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस योजना के चलते कई गरीबों के सपने साकार हुए हैं। योजना के तहत खुशी व गाजे-बाजे व भव्य आयोजनों के साथ उनकी भी शादी हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने नव दंपतियों के मंगलमय जीवन की कामना की तथा अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, और सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर ?51,000 व्यय किए जाते हैं। इसमें ?35,000 कन्या के खाते में अंतरित किए जाते हैं, ?10,000 गृहस्थी सामग्री, वस्त्र और आभूषण के लिए दिए जाते हैं, और ?6,000 भोजन व टेंट आदि की व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया और नवविवाहित जोड़ों को उनके सुखी एवं सफल वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

### मुख्य अतिथियों का स्वागत ऐसे जैसे बेटों की बारात लेकर आए

योजना के आयोजक विभागीय भ्रष्टाचारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों की इस तरह आव भगत की जाती है जैसे कि सच में अपने बेटों की बारात लेकर आए हैं, महंगी मिठाइयां, ब्रांडेड कंपनियों के पेयजल, सहित मंच पर बैठने की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जाती है। अग्नि कुंड में बिना अग्नि प्रज्वलित किए लगवाए गए फेरे समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए गए मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अंतर्गत 210 युवक युवतियों की शादी हिन्दू रिति-रिवाज से कराया गया है जैसा कि सभी हिन्दू धर्मावलंबी जानते हैं सिंदूरदान की रस्म अदायगी से पूर्व हवन कुंड अग्नि प्रज्वलित कर वर वधू सात फेरे लेते हैं, कार्यक्रम में सात फेरों की रस्म अदायगी तो कराई गई परंतु बिना अग्नि प्रज्वलित किए ही , जैसा कि सभी जानते हैं हिन्दू विवाह पद्धति में अग्नि कुंड के सात फेरों का बड़ा महत्व है।

### दो दुल्हन और पांच दूल्हे, ये कैसा निकाह?

वहीं मुस्लिम समुदाय के 11 जोड़ों की शादी का सच जानते हैं, जहां सरकारी फ़ोटो ग्राफ़र द्वारा खींची गई तस्वीरें खुद-ब-खुद सच्चाई बयां कर रही है, तस्वीरें खुद बयां कर रही है कि दो दुल्हनों के बीच पांच दुल्हों को निकाह कुबूल कराया जा रहा है।

### आवेदन, जांच और विवाह संपन्न होने तक भ्रष्टाचार

योजना में सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई 51 हजार रुपए का बंदरबांट किस तरह किया जा रहा है, सिलसिलेवार जानते हैं। योजना में आवेदन से लेकर, विवाह समारोह संपन्न होने तक जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार का खेल जारी रहता है। आवेदन के पश्चात जांच प्रक्रिया में रिश्वतखोरी, विवाह समारोह संपन्न होने में जोड़ें को उपलब्ध कराए गए गृहस्थी के सामानों में रिश्वतखोरी, खान-पान,टेंट की व्यवस्था में जमकर धन उगाही।

### बड़ा सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार कोई नौकरी करती नहीं, जनता के टैक्स के पैसों से सभी योजनाओं का संचालन किया जाता है, परंतु योजना में खर्च किए जा रहे पैसे कहां कैसे खर्च किए जाते हैं इसकी खुफ़िया जांच क्यों नहीं कराई जाती है।

# सीएम योगी के जिले में मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार योजना

■ विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से महीनों से फ़र्जी तरीके से लगाई जा रही हाजरी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जहाँ एक तरफ केंद्र सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत काम दे रही है जिससे कामगार अन्यत्र जगहों पर पलायन न करे। वही ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो का जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नही किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।

ऐसा ही मामला गोरखपुर जनपद के विकासखंड गोला में प्रकाश में आया है जहां मनरेगा के तहत विगत कई महीनो से कराए जा रहे कार्यो में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की हाजिरी लगा लाखों का गोलमाल किया जा रहा है। जन एक्सप्रेस की टीम ने ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में हो रहे मनरेगा




कार्यो की पड़ताल की तो चौकाने वाला सच सामने आया।


ग्राम पंचायत पकड़ी में 9 दिसंबर को व विगत कई महीनों से भी व्यापक स्तर से एक ही कार्य तरैना पुल से ईट भट्टे तक मिट्टी कार्य कराया जाना दिखाया जा रहा है लेकिन कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं दिखा न ही श्रमिक, सूत्रो के हवाले से पता चला है कि इस पर कोई कार्य नहीं हुआ है । जबकि साइट पर दिखाया जा रहा है प्रतिदिन 15 मस्टरोल क्रमशः 6506 6507 6508 6509 6510 6511 6512 6514 6515 6516 6517 6518 6519 6520 6521 तथा हाजिरी प्रतिदिन लगभग 10 लोगो की लगाई गई है। कुल दिनों में लगभग हजारों श्रमिकों की हाजिरी लगी है ।

सवाल यह उठना लाजिमी है कि आखिरकार पूर्व में किए कार्यो को आज के दिन में बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई ?

घर बैठे सैकड़ो श्रमिकों की फ़र्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगा लाखो का गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियो के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो तक कार्यवाही सीमित रहती है या दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी होगी।

इस विषय के सम्बन्ध में जब ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) से पूछा गया तो मामले को टाल मटोल कर फोन को काट दिया ।

# गोरखपुर में मेडिकल छात्रा से दरोगा ने किया रेप



■ गोरखनाथ मंदिर में रचाई शादी, घर जाकर कुंडली में दोष का बनाया बहाना

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में एक मेडिकल छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। छात्रा से रेप एक दरोगा ने किया है। दरोगा उसे सिर्फ शादी का झांसा ही नहीं दिया बल्कि गोरखनाथ मंदिर में उसने शादी भी की। इसके बाद छात्रा संग रेप करके फरार हो गया। इतना ही नहीं छात्रा का आरोप है कि दरोगा ने उसे गाजियाबाद बुलाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म भी किया। दरोगा गाजियाबाद में तैनात है। जबकि, छात्रा यहां गोरखनाथ इलाके में किराए के कमरे में रहकर फिजियोथैरेपी की पढ़ाई करती है।

### फेसबुक से दोस्ती, फिर शादी का झांसा

कौड़ीराम की रहने वाली युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि 2023 में वह राजेंद्र नगर में किराए के कमरे में फिजियोथैरेपी की पढ़ाई कर रही थी, जहां उसकी फेसबुक पर आशीष से दोस्ती हुई। आशीष ने उसे दो मोबाइल नंबर दिए और धीरे-धीरे उनकी बातचीत बढ़ने लगी। आशीष ने शादी के लिए उसे प्रपोज किया, जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया और परिवार को इस बारे में सूचित किया। इस दौरान आशीष मुरादाबाद में अंबेडकर ट्रेनिंग सेंटर पर प्रशिक्षण ले रहा था। 6 जनवरी को वह गोरखपुर आया, जहां गोरखनाथ मंदिर में दोनों ने शादी की रस्म अदा की। शादी के बाद आशीष ने युवती के कमरे पर आकर शारीरिक संबंध बनाए और फिर मुरादाबाद लौट गया।

### गाजियाबाद बुलाकर किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

इसके बाद 24 मार्च को आशीष ने युवती को गाजियाबाद बुलाया, जहां दोनों न्यू पंचवटी कालोनी में आशीष के कमरे पर रहे। यहां उन्होंने 23 से 31 मार्च तक कई बार शारीरिक संबंध बनाए। फिर 29 अप्रैल को आशीष ने युवती को गाजियाबाद फिर से बुलाया, जहां उसने युवती के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया और उसकी आपत्तिजनक फोटो भी ली। आशीष ने युवती से कहा कि ये तस्वीरें षमेमोरीष् के लिए उनके पास रहेंगी।

### शादी से किया इंकार, दी जान से मारने की धमकी

इसके बाद, युवती के परिवार ने जुलाई में झांसी में आशीष के घर जाकर शादी की बात की, तो आशीष ने कुंडली में दोष होने का बहाना बना कर शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद जब युवती ने आशीष से संपर्क किया, तो उसने धमकी दी कि अगर उसने शादी का दबाव बनाया, तो वह युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो वायरल कर देगा।

### जांच जारी है साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी कार्रवाई - एसपी सिटी



एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि युवती की शिकायत के बाद गोरखनाथ थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है, और साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रा की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

फिलहाल, छात्रा की शिकायत पर गोरखनाथ पुलिस ने आरोपी दरोगा आशीष यादव के खिलाफकेस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किशोरी से रेप-नवजात की मौत का सच आया सामने

■ रेप कर किया प्रेग्नेंट, नवजात ने जन्म लिया तो उसे झाड़ियो में फेंक दिया

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में नवजात की मौत का सच सामने आ गया है। पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर गांव के ही 12वीं के छात्र नितिन गौड़ के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि नितिन ने किशोरी के साथ अवैध संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई।

बच्ची के जन्म के बाद, सामाजिक बदनामी के डर से किशोरी ने नवजात को झाड़ियों में फेंक दिया। गंभीर चोटों के चलते बच्ची ने 3 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस ने बताया कि नवजात की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। रिपोर्ट में यदि हत्या की पुष्टि होती है, तो हत्या का मामला भी दर्ज किया जाएगा। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार तोमर ने कहा, ष्इस मामले में दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।ष् पुलिस का कहना है कि बच्ची की मौत के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़िता के परिवार का दावा- किशोरी नाबालिग

किशोरी के परिजनों ने दावा किया है कि वह नाबालिग है। इस दावे के आधार पर आरोपी नितिन गौड़ पर पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने किशोरी की उम्र की जांच के लिए दस्तावेजों की पुष्टि शुरू कर दी है।

### 2 दिसंबर को मिली थी नवजात की लाश

यह मामला 2 दिसंबर का है। किशोरी ने नवजात को जन्म देने के बाद, लोकलाज के डर से, उसे 10 फीट ऊंचाई से झाड़ियों में फेंक दिया। नवजात को गंभीर चोटें आईं, और मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची के गले में चोट उसकी मौत का मुख्य कारण थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी इस बात की पुष्टि हुई है।

### आरोपी की भूमिका की हो रही जांच

जांच में यह सामने आया कि किशोरी का गांव के ही 20 वर्षीय नितिन गौड़ से संबंध था। पुलिस ने उसे पहले हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, लेकिन तहरीर न मिलने के कारण उसे छोड़ दिया गया था। अब, केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। साथ ही, डीएनए परीक्षण भी कराया जाएगा, ताकि सच्चाई को पूरी तरह उजागर किया जा सके।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई- एसपी दक्षिणी

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि नवजात की मौत के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति पर कार्रवाई होगी। पुलिस मामले की जांच तेजी से कर रही है, और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। ष्कानून के तहत पीड़िता को पूरा न्याय दिलाया जाएगा,ष् उन्होंने कहा।

### गांव में तनाव का माहौल



इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। लोग न केवल इस अमानवीय घटना से आक्रोशित हैं, बल्कि न्याय की मांग भी कर रहे हैं। पुलिस ने गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और मामले को जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया है।

जितेन्द्र कुमार एसपी साउथ

# गोरखपुर में सीएम योगी ने सुनी 150 लोगों की फरियाद

■ अवैध कब्जो पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार दोपहर गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर समस्या का समाधान तत्परता, पारदर्शिता और संतोषजनक तरीके से किया जाए। सीएम ने कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनता दर्शन कार्यक्रम गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने खुद जनता के बीच पहुंचकर एक-एक व्यक्ति की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार हर पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।



### कब्जों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी भी कमजोर या जरूरतमंद व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। अवैध कब्जा करने वालों और गरीबों को बेदखल करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, इलाज के लिए सहायता मांगने वालों को भी सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने इलाज से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

### गौसेवा बनी दिनचर्या का हिस्सा

गोरखनाथ मंदिर में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी परंपरागत दिनचर्या निभाई। मंगलवार सुबह उन्होंने गुरु गोरखनाथ और महंत अवेद्यनाथ की समाधि का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मंदिर की गोशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को गुड़ खिलाकर स्नेहिल अंदाज में उनके साथ समय बिताया। एक गाय के साथ खेलते हुए मुख्यमंत्री का यह दृश्य उनकी पशु-प्रेम भावना को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा प्रशासनिक और धार्मिक दोनों दृष्टियों से बेहद प्रभावशाली रहा। जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का भरोसा देकर उन्होंने जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता को दोहराया।

# जल निकासी समस्या का क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया तहसील क्षेत्र के गांव बेलवा और सेमरी गांव में बरसात की पानी की निकासी की मांग कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से ग्रामीण रखा था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक ने मंगलवार को गांव के समीप प्रेम नगर राजवाहा पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बी राम और उप जिला अधिकारी बैभव मिश्रा के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या को देखा और अधिकारियों को समस्या को समाधान करने का निर्देश दिया मौके पर अधिकारी समस्या के समाधान के लिए मौके पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जल निकासी करने के लिए रुट देखा और चिंहित किया गया। बता दें कि बेलवा रामजस और सेमरी गांव के ग्रामीण विधायक पीएन पाठक से बरसात का पानी गांव में जल जमाव रहने और



निकासी की समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा था जिसको लेकर विधायक पीएन पाठक ने उप जिला अधिकारी बैभव मिश्रा और अधिशासी अभियंता सिंचाई बी राम और अवर अभियंता अवधेश कुमार को साथ लेकर गांव के बाहर पहुंचे और जल निकासी के व्यस्था को चिन्हित किया गया और मौके पर अधिकारियों से वार्ता कर जल निकासी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया इस दौरान लोगों ने कहा कि कहा कि गांव में बरसात का पानी लग जाता है जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से हमें बहुत परेशानी होती है इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह अंधा पांडेय ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय विजयकांत मिश्रा सोमनाथ तिवारी मेंहदी हसन संजीव दूबे आदि मौजूद रहे।

# सर्विस लेन और नाले की समस्या होगी दूर: पीएन पाठक

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया के गोपालगढ़ के समीप प्लाई ओवर ब्रिज के समीप सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने व साथ ही साथ नाले का लम्बाई बढाने की मांग कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से स्थानीय लोगों ने किया था जिसको लेकर विधायक पीएन पाठक ने मंगलवार को मौके पर उप जिला अधिकारी कसया परितोष मिश्रा व एनएचाआई के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अली के साथ पहुंचे और समस्या को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से समस्या का समाधान अभिलम्ब करने का निर्देश दिया।



बता दें कि उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज के समीप नाला निर्माण कार्य को और आगे तक बढ़ाने और सर्बिस लेन की चौड़ाई करण कराने की मांग बहुत दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था स्थानीय लोगों द्वारा कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से इस समस्या को लेकर लिखित मांग किया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक पीएन पाठक ने उप जिला अधिकारी परितोष मिश्रा और एन एच आई के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अली के साथ मौके पर पहुंचे और समस्या को देखा और स्थानीय लोगों से समस्या की जानकारी हासिल किया और कारवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया विधायक पीएन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य को गति देने के लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे पूरे विधान सभा क्षेत्र में विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा अनिल प्रताप राव विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह शैलेन्द्र सिंह अमित मालवीय संजीव कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर में 22 दिसंबर को होगी मद्धेशीया कान्दू वैश्य महासभा की हूंकार महारैली

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जनपद में मंगलवार को जन सम्पर्क करने आये मद्धेशीय कान्दू बैश्य महासभा जनपद देवरिया के जिला सह-संयोजक अंगद मद्धेशिया ने पत्रकारों से बार्ता में कही जनपद में मद्धेशिया कान्दू हलवाई समाज को जागरूक करने हेतु मंगलवार को आये अंगद मद्धेशिया ने कहा कि 22दिसम्बर दिन रबिवार को गोरखपुर में हूंकार महारैली का आयोजन किया गया है इसी को सफल बनाने हेतु देवरिया कुशीनगर महराजगंज और गोरखपुर के शहरों व गांवों में मद्धेशिया कान्दू हलवाई बैश्य समाज के लोगों से लगातार संपर्क कर रहा हूं तथा संगठन से मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे समाज के लिए समर्पित है सरकार से मांग है कि संबिधान में जो अधिकार हमारे समाज के लिये मिला है उसे लागू किया जाय उद्योग धंधे नौकरी व्यापार और शिक्षा में आरक्षण की सुविधाएं लागू किया जाय।

# उरुवा ब्लॉक के मरचा और नारायणपुर को मिलेगा विवाह घर का तोहफा

जन एक्सप्रेस । उरुवा,गोरखपुर

विकासखण्ड उरुवा के ग्राम पंचायत मरचा और नारायणपुर को नए साल में भव्य बारात घर का निर्माण कराएगा। लोकार्पण भी साल के भीतर ही किया जाएगी इसकी तैयारी भी की जा रही है। इससे ग्राम वासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। ग्राम वासियों की ओर से इसके लिए न सिर्फ जमीन का चयन कर लिया गया है, बल्कि निर्माण के लिए प्राक्कलन भी तैयार करा लिया गया है। इसे इसी माह शासन में भेजकर स्वीकृति लेने की तैयारी में है.मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत नवंबर में शासन की ओर से विवाह घर का प्रस्ताव मांगा गया। लगभग 1 महीने से इसके लिए ग्राम वासियों की ओर से विभिन्न स्थान तय किया जा रहा था, जिस विभाग ने जगह चिन्हित कर दी है। मरचा गांव में 50 डेसिमल भूमि चिह्नित कर ली गई है। तो वही नारायणपुर ग्राम सभा में भी 50 - 80 डिसमिल जमीन चयनित किया गया।जमीन का चयन कर विभाग ने आधा काम कर लिया है। अब सिर्फ धनराशि स्वीकृत कराकर निर्माण शुरू कराना ही शेष है। इसके निर्माण का प्राक्कलन बनाने के कार्य में विभागीय अभियंता को लगा दिया गया है, जो मानचित्र निर्माण कर इसका आकार भी तय कर चुके हैं।



### कम होगा शादी विवाह का खर्च

विकासखंड उरुवा के मरचा और नारायणपुर में बरात घर न होने के चलते लोगों को मैरिज हाल और होटलों की बुकिंग आयोजनों के लिए करनी पड़ती है।इस अवसर पर डीपीआरओ गोरखपुर निलेश प्रताप सिंह , एडीओ पंचायत विनोद कुमार ,ग्राम पंचायत अधिकारी सदानंद ,ग्राम प्रधान मरचा हरीश त्रिपाठी उर्फ डब्लू बाबा, ग्राम प्रधान नारायणपुर संजय चंद, पुनीत चंद, मनीष यादव,भी मौके पर उपस्थित थे।

### 3.34 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान

डीपीआरओ निलेश प्रताप सिंह , ने बताया कि निर्माण के लिए स्थान चयन कर लिया गया है। निर्माण का जो माडल तैयार कराया गया है आज ग्राम सभा मरचा और नारायणपुर में जमीन चयनित किया गया है । उसके हिसाब से 3.34 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। अभी एक बार और लगने वाले धनराशि पर विचार के बाद स्वीकृत के लिए शासन को भेजा जाएगा।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित

## विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाना किया जाए सुनिश्चित - डीएम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

मंगलवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संचालित योजनाओं की डीएम द्वारा विस्तृत रूप से समीक्षा की गई।

उन्होंने मिशन कायाकल्प के तहत सभी 19 पैरामीटर से सभी विद्यालयों को संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया , कहा कि ऐसे विद्यालय को जो की एक या दो पैरामीटर से संतृप्त नही है , प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण कराते हुए संतृप्त करें। मिशन कायाकल्प में खराब प्रगति पर डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी हरैया सतघरवा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया।



उन्होंने विद्यालयों में कुल नामांकित छात्र - छात्राओं के सापेक्ष शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने , मिड डे मील में मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने निर्देश दिया कि आरटीई एक्ट का व्यापक प्रचार किया जाए , इसके लिए ग्रामों में चौपाल लगाकर आरटीई एक्ट की जानकारी प्रदान की जाए तथा एक्ट के तहत अधिक से अधिक बच्चों का एडमिशन प्राइवेट स्कूलों में कराया जाए।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाएं, समेकित शिक्षा, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का आधार वेरीफिकेशन , निपुण भारत योजना आदि की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने चिरगांव वाराणसी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । प्रतिभा कर वापस लौटे मेधावी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंध निदेशक द्वारा मंगलवार को सम्मानित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 10 दिसम्बर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर के छात्रों को 30 सितंबर 2024 से 5 अक्टूबर 2024 तक हरि बंधु इंटरनेशनल स्कूल चिरईगांव वाराणसी उत्तर प्रदेश मे आयोजित हुए ''बॉक्सिंग प्रतियोगिता'' मैं प्रतिभाग करने वाले मेधावी बच्चों को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी के नेतृत्व में बाक्सिंग कोच अमित राना की संरक्षता में बालक वर्ग की सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देते हुए सम्मानित किया गया। हरि बंधु इंटरनेशनल स्कूल वाराणसी के खेल मैदान में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के 30-35 किलोभार के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर वर्ग में कक्षा-6 से देव शुक्ला, कक्षा-7 से मोहम्मद सुहेल, साजन कुमार साहू, शिखर मिश्रा, विवेक गौतम ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई गेम 2024-25 युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त (एसजीएफआई) से संबद्ध भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के कक्षा-7 के शिखर मिश्रा को सीबीएसई गेम 2024-25 की तरफ से योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने सभी बांक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों का उत्सावर्धन किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

# सड़कों पर हुए अवैध अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के टांडा नगर पालिका परिक्षेत्र को भीषण जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से अवैध अतिक्रमणकारियों पर मंगलवार दूसरी पाली में नगर पालिका ने अभियान चलाया जिससे हड़कम्प मच गया। नगर पालिका टीम ने लगभग एक दर्जन अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूलते हुए भविष्य में अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दिया।टांडा नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से टांडा एसडीएम डॉ शशि शेखर, सीओ टांडा शुभम कुमार व अपर एसडीएम/प्रभारी ईओ नगर पालिका अरविंद कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में अतिक्रमण के खिलाफ बुल्डोजर अभियान चलाया गया।नगर पालिका कार्यालय से शुरू हुआ अभियान हयातगंज, जुबैर चौराहा, छोटी बाजार, कश्मिरिया आदि पर बुल्डोजर के सहारे अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान लगभग एक दर्जन अतिक्रमण कारियों से जुर्माना भी वसूला गया एवं भविष्य में पुनः अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दी गई।बताते चलेंकि टांडा नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ मुनादी भी कराई गया थी और उक्त अभियान अनवरत जारी रहने की उम्मीद है।



# संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को कार्यक्रम की शुरुआत महंत मिथलेश नाथ योगी, मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर एवं संत सर्वेश जी द्वारा महंत अवेद्यनाथ, महंत दिग्विजय नाथ, महाराज महाराणा प्रताप एवं मां सरस्वती के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.डीपी सिंह ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत अभिनंदन किया । अपने स्वागत भाषण में महंत मिथलेश नाथ के मार्गदर्शन में विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, संस्थापक सप्ताह समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, एकल एवं समूह नृत्य, नाटक एवं हास्य नाटिका जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

महिषासुर वध पर आधारित नाटक और शोले फिल्म पर हास्य नाटिका ने दर्शकों का विशेष मन मोहा। नन्हे मिन्हे प्रतिभागियों ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड 2023 में गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों को महंत मिथलेश नाथ जी महाराज एवं विधायक कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला ने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान और समझ विकसित करना आज के समय में आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र का गौरव बताया। महंत मिथलेश नाथ योगी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित न होकर, समाज की भलाई और व्यक्तित्व विकास में सहायक होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें प्रमुख रूप से एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. एसएन सिंह, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन, बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जन्मेजय सिंह, विजय सिंह, प्रवीण सिंह विक्की, अरुण गुप्ता, अशोक कुमार चौहान, डॉक्टर पी के सिंह, राधेश्याम वर्मा, सुखराज यादव सहित अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप नगद पुरस्कार प्रदान किए। संस्थापक सप्ताह समारोह की यह भव्य प्रस्तुति बच्चों के उत्साह, शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन के समर्पण को दर्शाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य उमानाथ पाण्डेय ने इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ, 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर परीक्षा केंद्र पर मंगलवार से स्नातक कक्षाओं के विषम सेमेस्टर की परीक्षायें प्रारंभ हुई। पहले दिन दोनों पालियों को मिलाकर 603 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को महाविद्यालय प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि 10 दिसंबर से विश्वविद्यालय की स्नातक कक्षाओं बीए,बीएससी, बीकॉम, बीबीए व बीसीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं । परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए विशेष आंतरिक सचल दस्ते के अतिरिक्त व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन प्रथम पाली की परीक्षा में बीबीए, बीसीए व बीकॉम की परीक्षा के साथ साथ बीए व बीएससी प्रथम सेमेस्टर की कंप्यूटर साइंस की परीक्षा में पंजीकृत 470 में से 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा में बीए 5ह्वद्ध सेमेस्टर मनोविज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 153 में से 149 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 04 अनुपस्थित रहे।

# विश्व शौचालय दिवस पर ग्राम प्रधानों को विकासखंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**

विश्व शौचालय दिवस पर ग्राम प्रधानों को विकासखंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सरकार भी विकास कार्यों पर धरातल पर कार्य कर रही है।जिसमे ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में प्रधानों का अहम योगदान रहा है। गांव में शौच मुक्त बनाने के लिए प्रधानों का अहम रोल रहा है। तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में विश्व शौचालय दिवस पर ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायत के शौचालय के रखरखाव व नियमित क्रियाकलाप को लेकर अच्छे कार्यों को लेकर प्रशित पत्र देकर सम्मानित किया। विकासखंड अधिकारी अनूप सिंह ने कहा की ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में ग्राम प्रधानों का अहम रोल रहा है। सभी के सहयोग से गांव को शौच मुक्त बनाया गया। गांव में सुंदर शौचालय निर्माण के साथ अच्छे ढंग से उसका क्रियाकलाप करना भी हम सभी का दायित्व है। इसी दायित्व को आगे भी बढ़ाने की सभी की जिम्मेदारी है। सरकार का उद्देश्य है कि गांव के विकास में धन की कमी कभी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्य मे गांव को शहर की तरह योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। गांव के विकास में सचिव व ग्राम प्रधान तालमेल से विकास को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। इसी तालमेल से विकास गांव को ऊंचाइयों पर ले जाएगा। ग्राम पंचायत जहानडीह जददापुर कनहरा लैबुडवा कनहरा शीतलापुर दांदव लालबोझी शिवानगर परसिया कला के ग्राम प्रधानों को प्रशसित पत्र दिया गया।एडीओ पंचायत के के श्रीवास्तव ने बताया की प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय निर्माण से कराया गया है। सरकार का उद्देश्य की गांव कब कोई भी बच्चा खुले में शौच न करें। साथ ही शौचालय को नियमित रूप से प्रयोग करके सरकार के इस उद्देश्य को सफल बनाएं। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि हेमंत कुमार मो उमर रामकेवल गणेश जायसवाल शहाबुद्दीन लक्ष्मी जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




## भाविप के गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन समारोह में चहके छात्र

**जन एक्सप्रेस/खुर्जा।** भारत विकास परिषद के बैनर तले मंगलवार को जैनिथ पब्लिक स्कूल में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापकों को शिक्षक सम्मान-पत्र भेंट किए गए। भाविप ने मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक राहुल राठी और प्रधानाचार्या गीता डेंग का शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया। मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मान प्रमाण-पत्र पाकर चहक उठे। भारत विकास परिषद की खुर्जा शाखा के बैनर तले आज जैनिथ पब्लिक स्कूल में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन समारोह का भव्य और दिव्य आयोजन किया गया। गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन समारोह का शुभारंभ भारत विकास की खुर्जा शाखा के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश अरोरा, सचिव सीए पीयूष तायल, संस्कार प्रमुख इंद्रजीत सिंह दुग्गल, प्रकल्प संयोजक महेश पौद्दार, अजीत मित्तल, डॉ. अनिल गुप्ता, प्रियदर्शन भारद्वाज, मुकेश रोहिल्ला, सुनील गुप्ता आदर्श, कुशाग्र अग्रवाल और जैनिथ पब्लिक स्कूल के निदेशक राहुल राठी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्जवलन करके किया। अतिथियों के स्वागत में स्कूल के अध्यापकों ने स्वागत गान और छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी।

# मानवाधिकार दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मानवाधिकार दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों को मानव के हितों की रक्षा का संकल्प दिलाया गया।

जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह व डॉ जितेन्द्र कुमार की अगुवाई में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 65 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। उपस्थित स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ने कहा कि मानवाधिकार दिवस 2024 की थीम ÷हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी÷ है। यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। यह नफरत, गलत सूचना और झूठ के खिलाफ आवाज उठाने की याद दिलाता है। इस दौरान स्वयंसेवियों को मानव के हितों की रक्षा हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार लाल , लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ पवन कुमार सिंह व धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी35 5जी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटो जी 35 5जी के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। लॉन्च के मौके पर, मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री टी.एम. नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा हमें किफायती 5जी सेगमेंट में गेम-चेंजिंग डिवाइस मोटो जी35 5जी को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। पूरे भारत में बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सर्वोत्तम 5जी अनुभव को सुलभ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। मोटो जी35 5जी सचमुच अत्याधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मनोरंजन और इमेजिंग, तथा शानदार डिज़ाइन का बेजोड़ संगम है जिसमें कोई समझौता नहीं किया गया है, और ये सारे फीचर्स बेमिसाल कीमतों पर उपलब्ध हैं। हमें पूरा यकीन है कि मोटो जी 35 5जी नए मानक स्थापित करेगा और देश भर में 5जी के प्रसार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। मोटो जी35 5जी में मौजूद बेहद दमदार बैटरी इसे कई दिनों तक पावर देने में सक्षम है, जो लंबे समय के प्लेलिस्ट, वीडियो कॉल और बिंज-वॉचिंग के लिए एकदम सही है। मोटो जी35 5जी तीन बेहद आकर्षक रंगों़ प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश के साथ लीफ ग्रीन और गुआवा रेड, तथा 3डी पीएमएमए फिनिश के साथ मिडनाइट ब्लैक में उपलब्ध होगा। यह इन-बिल्ट 4जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ सिर्फ़ एक मेमोरी वैरिएंट में उपलब्ध होगा। 16 दिसंबर, 2024 को दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट, मोटोरोला डॉट इन और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर मोटो जी35 5जी की बिक्री शुरू होगी। यह स्मार्टफोन सिर्फ़ 9,999 की कीमत पर उपलब्ध है।

# महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के विकास खंड जलालपुर के 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सावित्री बाई फुले नारी संघ द्वारा 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मानवाधिकार दिवस जिंदाबाद के नारे के साथ किया गया ।

रुदौली माफी और गुवापाकड़ में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन शिक्षण केंद्र सचिव पुष्पा पाल ने बताया कि इस वर्ष के मानवाधिकार दिवस की थीम ÷हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी÷ इस बात पर जोर देती है कि मानवाधिकार सिर्फ़ आकांक्षापूर्ण नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक साधन भी हैं। मानवाधिकारों की परिवर्तनकारी क्षमता को अपनाने से एक ज़्यादा शांतिपूर्ण, न्यायसंगत और टिकाऊ दुनिया बनाने में मदद मिल सकती है। अब समय आ गया है कि मानवीय गरिमा पर आधारित भविष्य के लिए विश्व स्तर पर कार्रवाई को फिर से शुरू किया जाए।

उन्होंने बताया कि आयोग ने नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम किया है। इसने सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों में मानवाधिकार-केंद्रित दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाने और विभिन्न पहलों के माध्यम से सार्वजनिक प्राधिकरणों और नागरिक समाज के बीच जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मानवाधिकार चर्चाओं को बढ़ावा देता है और नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठनों, मानवाधिकार रक्षकों, विशेषज्ञों, वैधानिक आयोग के सदस्यों, राज्य मानवाधिकार आयोगों और सरकारी अधिकारियों के साथ संवाद बनाए रखता है।

सार्वभौमिक अधिकार हम सभी में निहित हैं, चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। ये सबसे बुनियादी अधिकार - जीवन के अधिकार - से लेकर उन अधिकारों तक हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार।



आज जरूरत है हम सभी मिलकर अपने मानवाधिकार को संरचित करे . इसके बाद उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया जिसमें महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 112, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस -102, आकस्मिक दुर्घटना के एम्बुलेंस -108 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 है द्व कार्यक्रम में नारी संघ की बहने सुमित्रा, पूनम, रेखा, पूजा, बादामा, प्रमिला, शर्मिला के साथ संस्था के रामहित, पुनीता, सिद्धार्थ सिंह, हेमलता, उपस्थित रही ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश आतिथ्य सुविधाओं यथा रिसॉर्ट्स, होटल, लॉज, होम स्टे, धर्मशाला आदि में स्वच्छता के सुरक्षित प्रबन्धन के दृष्टिगत स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली पर अनुपालन कराये जाने के सम्बन्ध में समिति की बैठक कलेक्टेऊट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्री की धर्मशालाएं, होटल, होम स्टे आदि जैसी कई आतिथ्य सुविधाए हैं जो कि आवासीय सुविधा प्रदान करती हैं। ग्राम पंचायतों का यह महत्वपूर्ण उत्तर दायित्व है, आवासीय आतिथ्य सुविधाओं के परिसर के अन्दर व बाहर स्वच्छता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र ओडीएफ प्लस स्थिति प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए स्थानीय निकायों/ग्राम पंचायतों को सहयोग भी किया जाये। उन्होंने कहा कि आतिथ्य सुविधाओं की संचालक पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकसित करने के साथ साथ उनके प्रयोग करने एवं स्वच्छता, साफ सफाई पर जागरूकता सृजन करने में सहयोग करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि पर्यटन क्षेत्र की मुख्यध्धारा में स्थिरता और सुन्दर एवं स्वच्छ पर्यटन क्षेत्र, बेहतर और सुरक्षित स्वच्छता सुविधाएं और मल कीचड़ प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट को अलग करना और स्थायी फॉरवर्ड लिंकेज को बढ़ावा देना है। ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली शुरू में उन सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिन आतिथ्य सुविधाओं में रेस्तरा हों अथवा न हो, जिनमें कम से कम 5 या अधिक कमरें हो। आतिथ्य गृहों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रे वाटर प्रबंधन एवं मल कीचड प्रबंधन तथा सुरक्षित व्यवहार के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली में स्वच्छा से प्रतिभाग करना चाहिए तथा बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर किया जाये।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की धर्मशालाएं, होटल, होम स्टे आदि आतिथ्य संस्थाओं की सूची तैयार की जाये तत्पश्चात प्रदेश द्वारा चयनित हित धारकों के अवधारणा, प्रक्रिया और वांछित परिणाम हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम/कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही जनपद में ग्रीन लीफ रेटिंग के सत्यापन हेतु सत्यापन उप समिति का गठन किया जायेगा। उप समिति द्वारा रेटिंग निर्धारित की जायेगी एवं उप समिति द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार किया जायेगा। जिला समिति आतिथ्य गृह के लिए रेटिंग प्रमाण पत्र जारी करेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की बैठक जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन द्वारा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के कुल 217 फॉर्म प्रस्तुत किये गए जिसमे से 197 फॉर्म पात्र व 20 फार्मों के पुनः परीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। जनपद में कोई भी निराश्रित बच्चा इस योजना से लाभान्वित होने से वंचित न रह पाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संरक्षण अधिकारी, व अन्य उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से मां-बेटे की दर्दनाक मौत, तीन अन्य घायल



जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली क्षेत्र के पानीपत खटीमा मार्ग पर पीनना बाईपास के निकट कार की टक्कर से संगीता (36 ) पत्नी नरेश व उसके बेटे अवी (7) की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए।

तितावी थाने के गांव जसोइ निवासी महिला अपने बेटे व 18 वर्षीय बेटी काजल तथा पड़ोसी सचिन के साथ देवर संदीप की बाइक पर घर जा रही थी। बाइक संदीप चला रहा था। रास्ते में कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई जबकि अन्य तीनों बाइक सवार लोग घायल हो गए। घायलों को मेरठ भेजा गया है।

# प्रयागराज में गन्ना राज्यमंत्री एवं वन राज्यमंत्री ने किया रोड शो, उधोगपतियों से की मुलाकात






■ महाकुम्भ मेले में आने का दिया न्योता, मंत्रियों के पश्चिम बंगाल में प्रवास का दूसरा दिन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार एवं वन राज्यमंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने पश्चिम बंगाल में अपने प्रवास के दौरान दूसरे दिन प्रयागराज महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण दिये जाने के क्रम में रोड शो एवं प्रेस वार्ता कर विशिष्टजनों एवं उधोगपतियों को महाकुम्भ में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री गंगवार ने उत्तर प्रदेश के विकास के सम्बन्ध में चर्चा की और पश्चिम बंगाल के प्रमुख उधोगपतियों में रूपा क्लोदिंग के आवास पर बैठक कर महाकुम्भ प्रयागराज में सभी से भाग लेने एवं बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्री गंगवार एंव वन राज्यमंत्री अरूण सक्सेना पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली टेम्पल भी गये जहा माता के दर्शन आदि कियें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने फोन पर बताया की पश्चिम बंगाल का दो दिनी प्रवास सफल रहा जहा विशिष्टजनों से भेट कर उनकों प्रयागराज में होने वाले आगामी महाकुम्भ मेले की दिव्यता एवं भव्यता के वारे विस्तार से जानकारी दी और उधोगपतियों को महाकुम्भ के प्रति आकृष्ति किया। विशिष्टजनों एवं उधोगपतियों ने महाकुम्भ मेले में पहुचने का आश्वासन भी दिया।

# दस लाख रुपए और कार की मांग को लेकर विवाहिता को मार-पीट कर घर से निकाला, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपए और स्विफ्ट कार की मांग को लेकर विवाहिता को मार-पीट कर प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया है। पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी सहित पांच लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़ागांव निवासी रुचि गंगवार पुत्री राजबहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार जनपद खीरी के ग्राम व थाना मैगलगंज निवासी महेंद्र पाल के पुत्र विकास पटेल के साथ दिनांक 28 नवंबर 2023 को बीसलपुर के रायल गार्डन मैरिज हाल में संपन्न हुई। जिसमें उसके पिता ने 18 लाख रुपए खर्च किए। जिसमें 8 लाख रुपए ट्रांसफर, डेढ़ लाख रुपए लगन में सोने की चैन 128000 रुपए की दो सोने की अंगूठी, एक एक तोला की 140000 तथा अन्य घरेलू सामान उपहार स्वरूप भेंट किया।

विवाहिता जब अपनी ससुराल पहुंची तो तो पहली विदा में पति विकास पटेल, ससुर महेंद्र पाल, सास रंजना देवी, जेठ आकाश पटेल, जेठानी कंचन कम दहेज लाने के ताने मारते हुए प्रताड़ित कर दहेज में एक स्विफ्ट कार और दस लाख रुपए की नकदी की मांग करने लगे। जिस पर विवाहिता ने कहा कि अभी पिता ने शादी में 18 लाख रुपए खर्च किए हैं अब इतनी जल्दी और दहेज नहीं दे सकते।

इसी बात से नाराज़ होकर विवाहिता का पति कभी बुलाने नहीं आता। विवाहिता को उसके भाई या पिता ही ससुराल छोड़ने जाते और बुलाकर लाते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने दिनांक 9 सितंबर को मार-पीट करते हुए घर से निकाल दिया। सूचना मिलते ही विवाहिता के पिता ने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया।

किंतु वह लोग मानने को तैयार नहीं हुए और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति विकास पटेल, ससुर महेंद्र पाल, सास रंजना देवी, जेठ आकाश पटेल, जेठानी कंचन निवासी ग्राम व थाना मैगलगंज जनपद खीरी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, जेठ, जेठानी सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पानी के तेज बहाव ने मार्ग को किया खोखला

■ ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग को कई बार दिये शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पिछले दिनो नानग सागर से छोड़े गये पानी के तेज बहाव में भैसठा जलालपुर को जाने वाले मार्ग को अंदर से खोखला कर दिया जिससे आने जाने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार पीडब्लूडी विभाग को शिकायती पत्र देकर मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की। पिछले दिनों नानक सागर से अधिक मात्रा में छोड़े गये पानी ने क्षेत्र में तबाही मचा दी। गांव भैंसठा जलालपुर को जाने वाला मार्ग पानी के तेज बहाव में अंदर से खोखला हो गया। जो वाहन जाने पर अचानक खस जाता है। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान इश्तियाक अल्वी ने ग्रामीणों के साथ कई बार पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मार्ग मरम्मत करवाये जाने की मांग की। इस गांव के लिए जाने के लिए यही एक मात्र मार्ग है। यदि जल्द पीडब्लूडी विभाग ने मार्ग की मरम्मत नहीं करायी तो कभी भी बड़ा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता।

# मानवाधिकार दिवस को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल, पीलीभीत में मानवाधिकार दिवस को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवाधिकारों के महत्व को विद्यार्थियों तक पहुंचाना और उन्हें अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा और विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र छाबड़ा ने इस महत्वपूर्ण दिन के अवसर पर शुभकामनाएं दी और उनके जीवन में मानवाधिकारों के महत्व को समझाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों के महत्व को उजागर किया। छात्रों ने मानवाधिकारों से संबंधित विचारों और मुद्दों पर आधारित भाषण दिए, जिनमें उन्होंने इन अधिकारों के संरक्षण और सम्मान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने अपने संबोधन में बताया कि मानवाधिकारों का उल्लंघन केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे न केवल अपने अधिकारों को समझें, बल्कि दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करें।

विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र छाबड़ा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने छात्रों से यह अपील की कि वे समाज में समानता, स्वतंत्रता और न्याय की स्थापना के लिए हमेशा संघर्षरत रहें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम मानवाधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और इस दिशा में जागरूकता बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापक सचिन सक्सेना जी का योगदान रहा।

# बॉलीवुड एक्टर मुश्ताक खान का अपहरण

जन एक्सप्रेस । बिजनौर

कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण करने से पहले बिजनौर का गिरोह बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान से भी वसूली कर चुका है। लोगों को सम्मानित कराने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाने के बहाने मुश्ताक खान को बुलाया गया। बाकायदा मुंबई से दिल्ली तक का फ्लाइट टिकट भी कराया। दिल्ली एयरपोर्ट से लेने के लिए बिजनौर की स्कॉर्पियो पहुंची थी। मंगलवार को अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद खान के इवेंट मैनेजर शिवम यादव निवासी जोगेशपुरी वेस्ट मुंबई की तहरीर पर शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसमें कहा गया कि 15 अक्तूबर को मेरठ से राहुल सैनी ने मुश्ताक मौहम्मद खान से वरिष्ठ लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बात की। उक्त कार्यक्रम के लिए राहुल सैनी ने रकम का भुगतान किया और 20 नवंबर का मुबंई से दिल्ली के लिए एक फ्लाइट टिकट बुक कराया। 20 नवंबर को मुश्ताक खान को दिल्ली एयरपोर्ट से राहुल सैनी द्वारा बुक कराई गयी गाड़ी से रिसीव किया गया। उक्त गाड़ी मेरठ लेकर आने वाली थी। कैब में ड्राइवर के साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। उधर जैन शिकंजी के पास ड्राइवर ने गाड़ी रोक ली और दूसरी गाड़ी में बैठा लिया। हालांकि उक्त गाड़ी को भी पहली गाड़ी का ड्राइवर ही चला रहा था। गाड़ी के कुछ दूर चलने के बाद दो अन्य लोग भी सवार हो गए, जिसका मुश्ताक मौहम्मद खान ने विरोध किया। मगर आरोपियों ने आतंकित करते हुए अपहरण कर लिया और अज्ञात जगह पर ले गए। इसके बाद उनका मोबाइल लेकर एकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर लिए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुश्ताक खान का अपहरण करने के बाद बिजनौर लाया गया। यहां पर उन्हें दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह छूटकर मुश्ताक 23 नवंबर को भाग गए। मोहल्ला चाहशीरी में मुश्ताक खान को रखा गया था, जिनसे दो लाख रुपये वसूले गए।

# मुंबई में 14वें वन इंडिया अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए श्री प्रकाश शुक्ला






जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुजानगंज के ब्लाक प्रमुख पति श्रीप्रकाश शुक्ला को 9 दिसंबर, 2024 को मुंबई के मास्टर दीनानाथ मंगेशकर ऑडिटोरियम में 14वें वन इंडिया अवार्ड 2024 से सम्मानित ब्लांक क्षेत्र में विकास कार्यो में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हैदराबाद (तेलंगाना) की सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता श्रीमती माधवी लता कोम्पेला ने दिया। उन्हें यह पुरस्कार समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और योगदान के लिए मिला। श्रीप्रकाश शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सुजानगंज क्षेत्र के कुशमौल गांव के मूल निवासी हैं वे विकास खंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। मीडिया से बात करते हुए श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि ÷इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं आयोजक का आभारी हूं। मैं जरूरतमंद लोगों की मदद और सहयोग करने का संकल्प लेता हूं, भले ही समाज के प्रति मेरे दायित्व बढ़ गए हों। वन इंडिया अवार्ड की परिकल्पना 'माई होम इंडिया' के संस्थापक सुनील देवधर ने की है। सामाजिक कार्यकर्ता, तेलंगाना की भाजपा नेता और हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर उत्कृष्ट वक्ता, माधवी लता, पुरस्कार समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनके अलावा, मेघालय के गारो जनजाति के पारंपरिक हर्बल चिकित्सा के डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. विद्यानिष्ट मारक, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी और प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और माई होम इंडिया के अध्यक्ष डॉ. हरीश शेट्टी ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुरस्कार समारोह में हर कॉर्पोरेट और सामाजिक क्षेत्र के कुलीन वर्ग ने भाग लिया। ऑडिटोरियम खचाखच भरा हुआ था और माधवी लता और मनोज जोशी के भाषणों ने पूरे कार्यक्रम में लोगों की दिलचस्पी बनाए रखी। जिसकी सूचना श्री शुक्ल गृह जनपद में हुई तो क्षेत्रीय लोगों ने टेलीफोन के माध्यम से बधाई संदेश देना शुरू कर दिया और उनके शुभचिंतकों ने खुशी जताई।

# परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य उद्घाटन समारोह में बिखरी सतरंगी छटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46 वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन स्थान बी.आर.पी. इन्टर कालेज के मैदान में हुआ।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ. प्र. गिरीश चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय करंजाकला की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा पू. मा. विद्यालय महाराजगंज व गुरैनी, क0. विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

अतिथियों को बुके प्रदान कर व बैच लगाकर कैप पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने खेल से जुड़ने के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां शरीर में प्रवेश नही कर पाती है। बच्चे देश के भविष्य के निर्माण में कर्णधार है तो स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। खेल से बौद्दिक, शारीरिक क्षमता के विकास होने के साथ ही देश सेवा के प्रति समर्पण की भावना भी उत्पन्न होती है। प्रदेश मे मुख्यमंत्री के निर्देशन में गावों में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। मा0 राज्यमंत्री जी ने 46 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को शुभकामनाए दी और कहा कि एसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआती जीवन में खेल को आत्मसात कर लिया वह किसी भी परिस्थिति में उत्साहहीन नही हो सकता है। खेल को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। बच्चों को शुरूवात से ही खेल से जोड़ने के निर्देश दिया उन्होने कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से मुक्ति मिलती है।

मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, शिक्षा के साथ ही खेल को बढावा दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है बस उन्हे एक मंच मिलने की आवश्यकता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पहले ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताएं हुई थी उसके विजेताओं को तहसील वार टीम बनाकर आज जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हो रही हैं।

इस अवसर पर आकर्षक मार्च पास्ट निकाला गया। जिसमे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे तहसील वार प्रदर्शन कर रहे थे। मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने लिया।अतिथियों ने तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर व मशाल जलाकर खेलो का शुभारंभ किया। खेलो में लम्बी व ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती/ जूडो, बैडमिंटन, बालीवाल, जिम्नास्टिक, रंगोली, योग, एथलेटिक्स, गोला फेक/ डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक बालिकाये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

संचालन प्रीति श्रीवास्तव व नुपुर श्रीवास्तव ने किया।

जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व प्रियंका सिंह, राकेश यादव सहित सभी ब्लाको के व्यायाम शिक्षक प्रतियोगिताएं कराने मे लगे हुए हैं।

इस अवसर पर बी. आर. पी इ. का.के प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव, वित्त एंव लेखाधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, बीईओ नगर नीरज श्रीवास्तव, बसन्त कुमार शुक्ल, रमेश चन्द्र पटेल सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, राजू सिंह, डा संतोष कुमार तिवारी,,सै. मो. मुस्तफा, सभी जिला समन्वयक, सभी शिक्षक संघो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, एस. आर. जी, शिक्षक व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# रील बनाने के चक्कर में हत्या... पत्नी को ईंट से पीटा चाकू से गला रेता

जन एक्सप्रेस । मेरठ

लखवाया गांव में मंगलवार सुबह टैक्सी चालक राजू ने शक में अपनी पत्नी सीमा (30) की तीन बेटियों के सामने ईंट से वार कर और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इंस्टाग्राम पर रील बनाने और अनजान नंबर से कॉल आने पर सोमवार रात दंपती में झगड़ा हुआ था। सीमा के भाई दीपक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित शोभापुर चौकी क्षेत्र के लखवाया गांव निवासी विमला ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 11 वर्ष पूर्व प्रयागराज निवासी राजू पुत्र चहन सिंह से हुई थी। दोनों रोहटा रोड पर फाजलपुर में रहने लगे। दोनों के तीन बेटियां वंशिका (10), अंशिका (6) व प्रियांशी (3) हुईं। राजू टैक्सी चलाने का काम करता है। दो माह पूर्व राजू और सीमा तीनों बेटियों को लेकर उनके साथ गांव के बरात घर में रहने लगे। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक सीमा कमरे से बाहर नहीं आई तो उसने अंदर जाकर देखा। कमरे में सीमा का खून से सना शव फोल्डिंग पर पड़ा था। पास में ही पड़ी ईंट व चाकू पर खून लगा हुआ था। मां विमला की चीख सुनकर परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर दौड़े। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने परिजनों से पूछताछ करते हुए सबूत एकत्र किए। विमला ने बताया कि हत्यारोपी उसकी बेटी पर बेवजह शक करता था।

सीमा इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव थी।

## अवैध गन्ना खरीद पर ऊन मिल के प्रबंधकों समेत पांच पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर। गन्ना आवंटन के नियमों को ताक पर रखकर जौला से अवैध गन्ना खरीद मामले में शामली की ऊन चीनी मिल के प्रबंध निदेशक राणा इंद्र प्रताप सिंह, राणा वीर प्रताप सिंह, यूनिट हेड अवनीश कुमार समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। गन्ना विभाग की जांच में सामने आया कि पांच दिन से खरीदारी की जा रही थी। मौके पर दो हजार क्विंटल गन्ना भी टीम को मिला है। बुढ़ाना के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि गन्ना माफियाओं के जिले में सक्रिय होने की सूचना मिली थी। बुढ़ाना के जौला में कांधला रोड पर सोमवार देर रात टीम ने छापा मारा तो खाली प्लॉट में दो हजार क्विंटल गन्ना पड़ा मिला। बिना नंबर का 14 टायरा ट्रक में गन्ना लादा जा रहा था। टीम ने चालक साबिर से जानकारी ली तो उसने गन्ने को इस्लाम प्रधान की ओर से खरीदा जाना बताया। जांच में सामने आया कि गन्ने को ऊन चीनी मिल में सप्लाई किया जाना था। वादी की ओर से ऊन चीनी मिल के प्रबंध निदेशक राणा इंद्र प्रताप सिंह, राणा वीर प्रताप सिंह, यूनिट हेड अवनीश कुमार के अलावा कांधला क्षेत्र के जिड़ाना निवासी इस्लाम और कैराना के बसेड़ा निवासी चालक साबिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उत्तर प्रदेश गन्ना खरीद आदेश में प्रावधान है कि गन्ना अयुक्त के निर्देश के बिना कोई भी व्यक्ति या चीनी मिल दूसरी मिल के क्षेत्र से गन्ने की खरीद नहीं कर सकती है। गन्ना सुरक्षण आदेश पहले ही जारी कर दिया गया था।

# कागजों पर प्रधान ने कर दी खुदाई फोटो से फोटो लगाकर चला रहे काम

● आधा खानदान करता है मनरेगा में मजदूरी लेकिन कागज पर !

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



जादू देखने अक्सर लोग सिनेमा घर या सर्कस में जाते हैं लेकिन जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर स्थित दरियाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत कमौली में ग्राम प्रधान अपना जादू कागजों पर दिखा रहे हैं फोटो तो ऐसी की पूछो ना जो देखे वाह वाह करता रह जाए दरअसल कमौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि मनरेगा योजना के तहत इटोरा पुलिया से रामबाग तक पटाई का काम करा रहे है जिसकी मौके पर स्थिति देखी गई तो कागजों पर 30 से 40 मजदूर है और मौके पर जो कार्य कर रहे हैं उनकी संख्या मात्र तीन से चार है जिसकी शिकायत अधिवक्ता अंबुज श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी तथा मनरेगा उपआयुक्त को की है। इस दौरान जब अंबुज श्रीवास्तव से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने पहले भी शिकायत की है जिसमें ग्राम प्रधान के सगे पुत्र व सगे देवर की पत्नी, सगे देवर के लड़के, सगे ननद के लड़के मनरेगा में जमीन पर नहीं कागजों पर मजदूर बनकर पैसे निकला रहे है तथा राज्यवित्त का पैसा अपने सगे लड़के के नाम पर निकाल रहे हैं। आगे अंबुज श्रीवास्तव ने बताया फिलहाल मैंने शिकायत कर दी है उम्मीद करता हूं कि अधिकारी देखें और कार्रवाई करें ग्राम प्रधान तो कुछ काम करते नहीं उनके प्रतिनिधि ही सब कुछ संभालते हैं जिनका नाम अभय कुमार उर्फ पिंकू है जो मनरेगा में मजदूर भी है। यह तो सिर्फ दरियाबाद क्षेत्र के एक गांव का मामला है लेकिन ऐसे ही जिले में कई ब्लॉक और गांव है जहां पर इस तरह के जादूगर प्रधानों के कारनामे देखने को मिल जाते हैं

### प्रधान पुत्र कागजों पर बना मनरेगा मजदूर पीछे रिश्तेदार भी है

गांव में प्रधान के रिश्तेदार कागजों पर मनरेगा की मजदूरी कर रहे हैं और सोचने वाली बात तो यह है जो फोटो अपलोड की जा रही है वह देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही दिन का है बाकी मौके पर अधिकारी देखने तक नहीं जा रहे हैं?

# एसडीओ के नेतृत्व में रैली निकालकर ओटीएस योजना के प्रति उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



फतेहपुर। पावर कॉरपोरेशन की एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को मिल सके इसके लिए एसडीओ के नेतृत्व में मंगलवार को विद्युत खंड क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। और योजना के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। ज्ञात हो पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना के तहत किस्तों में बिल की अदायगी सुनिश्चित की है। जिसका आगाज़ विद्युत उपकेंद्र बेलहरा से रैली निकालकर प्रारंभ किया गया। जिसमे बेलहरा चौराहा, भटुवामऊ, बखरिया टोला सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः विद्युत उपखंड पर इसका समापन किया गया। रैली में ढोल नगाड़े की अलख जगाते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता शंभू नाथ ने बताया, कि सरकार की ओर से एक मुश्त समाधान योजना लाई गई है। जिसमे 10 हजार से अधिक बिजली बिल वाले बाकायेदार आसानी से बिल जमा कर योजना का लाभ उठा सके। योजना 15 दिसंबर 2024 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक लागू की गई। ताकि उपभोक्ता इसके माध्यम से अधिक से अधिक बकाया बिल जमा कर सके। योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए गांव-गांव में कैंप लगाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जिन बकायेदारों ने बिजली बिल योजना के तहत नहीं जमा किया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अवर अभियंता अनिल कुमार, निखिल गुप्ता, रामनाथ सोनू कुमार, अजीत श्रीवास्तव, अनूप कुमार, राजकुमार, हिमांशु, धनीराम, श्यामू, राजकिशोर, सर्वेश, विनोद, सहित विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सदमे से परिचालक की मौत, बेटे ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। परिवहन निगम बस में चेकिंग के दौरान एटीई की डांट से भयभीत परिचालक की सदमे से मौत हो गई। परिचालक के बेटे ने मसौली पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र मसौली के ज्योरी निवासी इंद्रेश कुमार ने मसौली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि मेरे पिता सुरेशचन्द्र सैनी उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बाराबंकी डिपो क्षेत्र लखनऊ में परिचालक के पद पर कार्यरत थे। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को अपनी ड्यूटी के लिए बाराबंकी से टिकैतनगर के लिए निकले थे। शहाबपुर टोल प्लाजा के निकट निरीक्षक अधिकारी रोडवेज द्वारा संकेत देकर रोका गया। टिकट बनाने की बात पर एटीआई अशरफ अली द्वारा हाथापाई व मारा पीटा गया व अवैध वसूली को लेकर धमकी एवं गालियां भी दी। नौकरी खा जाने का दवाब बनाने लगे। अत्यधिक दवाब के कारण परिचालक सुरेश चन्द्र सैनी भयभीत होकर गिर गया। जिनको कुछ यात्रियों एवं चालक अहमद द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# गैस रिफिलिंग के दौरान मारुति वैन में लगी भीषण आग, फायर फाइटर्स ने पाया काबू

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



**फतेहपुर।** नगर में मंगलवार सुबह मेन रोड पर एक दुकान में खड़ी मारुति वैन में अचानक लग गई। देखते ही देखते मारुति वैन आग का गोला बन गई। फायरकर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। वही आग लगने का कारण सिलेंडर रीफिलिंग बताया जा रहा है। घटना नगर में आजाद इंटर कालेज के पास बनी दुकानों में एक दुकान मोहल्ला ब्रह्मणी टोला वार्ड-2 निवासी मो0 एजाज के पास है। इस दुकान में वह मारुति वैन खड़ी करता था। सुबह करीब 10 बजे वह वैन निकालने आया था। इस दौरान स्टार्ट करते ही अचानक गाड़ी ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण करते हुए धू-धू कर जलने लगी। दुकान में लगी आग की लपटें और बाहर भीषण धुंआ ही धुंआ दिखायी दे रहा था। किसी तरह से एजाज ने भाग कर अपनी जान बचायी। घटना के बाद सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आसपास लोगों की सूचना पर पुलिस व फायर बिग्रेड की गाड़ी भी आ गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वैन पूरी तरह जल कर खाक हो चुकी थी। पड़ोसी दुकानदारों का कहना था कि वैन के एलपीजी सिलेंडर में रीफिलिंग की जा रही थी। जिसमे गैस रिसाव के चलते आग लग गई। अचानक हुए इस हादसे से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकान के बगल में ही लकड़ी व आटो सेल्स की दुकानें है। गनीमत यह रही फायर फाइटर्सो की कड़ी सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया वही लोगों का कहना है नगर क्षेत्र के चार पहिया वाहनों में बड़ी मात्रा में अवैध गैस रिफिलिंग की जाती है। जिस पुलिस प्रशासन आंख बंद कर एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

# डामरीकरण रोड पर ई-रिक्शा पलटा वृद्ध महिला का सिर फटा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बिना लाइसेंस के वह बिना पेपरों के सड़कों पर दौड़ रहे हैं ई रिक्शा जिससे आए दिन हो रही है। कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है आए दिन घटनाएं घट रही है बिल्हौर ककवन रोड क्रॉसिंग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाली डामरीकरण रोड पर उस समय घटना घटित हो गई जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से वृद्ध महिला व कुछ सवारियों को लेकर ई रिक्शा ककवन रोड रेलवे क्रॉसिंग 64 की ओर जा रहा था तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सौ मीटर की दूरी पर नेत्र अस्पताल के ठीक सामने कई महीनो से टूटे डामरीकरण रोड पर लगभग आधा फीट गहरा और 5 फीट लंबा गड्ढा हो जाने की वजह से ई रिक्शा चालक की लापरवाही के चलने से रिक्शा पलट गया जिसमें वृद्ध महिला सहित कई सवारियां व चालक दब गये आनंन-फानन में राहगीरों ने ई रिक्शे को सीधा कर घायल लोगों को बाहर निकाला जिसमें एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला का सर फट गया

जिसको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों ने पहुंचाया इलाज के बाद वृद्ध महिला अपने घर को वापस चली गई

परिजनों के साथ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार ने बताया कि आए दिन गर्भवती महिलाएं गिरकर चोहटिल होती हैं

प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# शहीद दिवस जैसे आयोजन ऐसी प्रेरणा देते हैं- आर.जगत साईं

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



आज देश का हर नागरिक अथवा देश सुरक्षित है तो इसका प्रमुख श्रेय भारतीय जवानों को है। जान की बाजी लगाकर देश की सरहदों की सुरक्षा करने वाले हर जवान हर जगह सम्मान होना चाहिए। शहीद दिवस जैसे आयोजन ऐसी प्रेरणा देते हैं। उक्त बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर आर जगत साईं ने अपने संबोधन में कही।

मुख्य आयुक्त खाद्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केवल एक दिन श्रद्धांजलि देने से काम नहीं चलेगा,बल्कि अमर शहीद बाजपेई की खूबियों को भी अपने जीवन में उतारना होगा। कार्यक्रम के संयोजक रोहिताष्व दीक्षित ने अपने उद्बोधन में अमर शहीद स्व शंकर दयाल बाजपेई के जीवन परिचय से लेकर उनके सेवाकाल तथा 10 दिसम्बर 1987को शहीद दिवस तक का ब्योरा विस्तार से बताया।

पूर्व विधायक शिवकरन सिंह की अध्यक्षता व हुमायूं नईम खां के संचालन में हुए इस शहीद दिवस मैथ के विशेषज्ञ रहे यू.सी चतुर्वेदी, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट, डी.जी.सी सिविल राम लखन शुक्ला, डा.पंकज जायसवाल, राजेश तिवारी, सुमंत चतुर्वेदी, रत्नेश गौतम, गजाली नोमानी, प्रमिला श्रीवास्तव, शाहीन अख्तर, रितेश सिंह नंदन एडवोकेट को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

छात्र छात्राओं में अंशिका अग्रवाल, अंश अग्रवाल, कीर्ति मौर्या, अरभ्या दीक्षित, दीपांशी, निधि, आलोक, शौर्य मिश्रा, विवेक कश्यप, ऋषभ चौधरी, देवांश जैन को भी संयोजक द्वारा सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जिला बार एसो के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन, सर्वेश बाजपेई, देवी प्रसाद बाजपेई, विनय बाजपेई, रवि बाजपेई, संजय वर्मा, अंकुर जैन, सरफराज वारसी, नितिन श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, रवि रंजन श्रीवास्तव, अरुण त्रिपाठी, निशात अहमद एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हार, जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है प्रतियोगिता में शामिल होना- संजय शुक्ल



जन एक्सप्रेस । बस्ती


बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को स्पेल-बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से 90 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्कर्ष मिश्र, सत्यम और सत्यम अव्वल रहे। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने बच्चों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया। प्रतियोगिता कक्षा तीन, पांच एवं कक्षा आठ के लिए आयोजित की गई। हिंदी एवं अंग्रेजी शब्दों के श्रुतलेख के आधार पर बच्चों को कक्षा वार प्रथम एवं द्वितीय स्थान दिया गया। जिसमें कक्षा तीन की प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय मकदी साऊँघाट के छात्र सत्यम, कक्षा पांच में प्राथमिक विद्यालय खरवनिया बनकटी के छात्र सत्यम तथा कक्षा आठ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरहपुर हरैया के छात्र उत्कर्ष मिश्र अव्वल रहे।

बच्चों को पुरस्कृत करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि प्रतियोगिता में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण प्रतिभाग करना होता है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि

हमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेते रहना चाहिए और लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी डॉ रविनाथ त्रिपाठी एवं नोडल प्रवक्ता कुलदीप चौधरी ने किया। डुप्रतियोगिता में डॉ.गोविंद प्रसाद, शशि दर्शन त्रिपाठी, कल्याण पाण्डेय, अलीउद्दीन, ऋचा शुक्ला, इमरान आदि ने सहयोग किया।

# 548 बच्चे अतिकुपोषित, एनआरसी में भर्ती सिर्फ तीन



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अब यह लापरवाही सिस्टम की है या फिर अभिभावकों की। भुगतना अतिकुपोषित बच्चों को पड़ रहा है। अतिकुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए जिला अस्पताल में 10 पलंग का एनआरसी बना हुआ है। जिले में 548 बच्चे अतिकुपोषित हैं, लेकिन एनआरसी में भर्ती सिर्फ तीन बच्चे ही हैं। यह आलम तब है, जब अभिभावकों को बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए 50 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं। जिले में कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों को चिह्नित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आरबीएसके की टीम लगाई गई है। इनकी रिपोर्ट के बाद बच्चों को जिला अस्पताल में संचालित एनआरसी में भेजा जाता है।

### 14 से 28 दिनों तक भर्ती रखे जाते अतिकुपोषित बच्चे

डीपीओ राजेश वर्मा ने बताया कि एनआरसी में बच्चों को कम से कम 14 और अधिक से अधिक 28 दिनों तक भर्ती किया जाता है। बच्चे के पोषित होने पर अभिभावक को 50 रुपये प्रतिदिन के दिए जाते हैं। साथ ही मां को साड़ी और बच्चे को खिलौने दिए जाते हैं।

### अभिभावक एनआरसी जाने को नहीं होते तैयार

बच्चों के कुपोषित होने के बावजूद कई बार अभिभावक एनआरसी में ले जाने को तैयार नहीं होते हैं। इस बारे में डीपीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की ओर से जिन बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाता है, उनमें से कई बार अभिभावक अपने बच्चों को पहले ही लेकर चले आते हैं। ऐसे में एनआरसी वाले उसे शून्य दर्शा देते हैं, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मेहनत पर पानी फिर जाता है।

# समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति पोर्टल पर लॉगिन कर केवाईसी पूर्ण करने के लिए दिए आदेश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव 10 दिसम्बर 2024 जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह ने बताया है कि पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2024-25 में सभी शिक्षण संस्थानों को अपने छात्रवृत्ति पोर्टल पर लॉगिन कर प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी को ई-केवाईसी पूर्ण करने के बाद आधार बेस बायोमेट्रिक पहचान की कार्यवाही दिनांक 10.12.2024 तक पूरा कराने का आदेश दिया गया उक्त के उपरान्त अभी तक पूर्वदशम कक्षा 9-10 के 152 विद्यालय, इंटरमीडिएट कक्षा 11-12 के 81 कालेज, दशमोत्तर डिग्री स्तर के 15 शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर न तो ई केवाईसी पूर्ण की गई है और न ही जिला समाज कल्याण विभाग से आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराया गया है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधित विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। निर्धारित समय पर कार्रवाई पूरी न करने पर मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी है। कार्रवाई पूरी न होने पर संस्थान व विद्यालयों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई प्रस्तावित करने की चेतावनी दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों की लापरवाही से छात्रों को सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 11.12.2024 को प्रधानाचार्य एवं नोडल का आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है,

यदि उक्त के उपरान्त शिक्षण संस्थान द्वारा कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है तो विद्यालयों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा।

## सर्द हवाओं के साथ रात में हुई बूंदाबांदी ने बढ़ाई ठिठुरन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। अमोलर। मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। पछुआ हवा चलने से सर्दी भी बढ़ गई है। सोमवार सुबह करीब चार बजे बूंदाबांदी भी हुई। इससे तापमान में गिरावट और गलन बढ़ने से लोग ठिठुरने लगे हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह जगह-जगह कोहरा की संभावना जताई है।

# महिला से 75 हजार की टप्पेबाजी, पुलिस ने टरकाया

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

महिला से 75 हजार की टप्पेबाजी में पुलिस दो दिन तक मामले को दबाए रही। अब महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसमें महिला ने बैंक कर्मचारी पर भी लोन के नाम पर पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। हालांकि इस वीडियो का संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करता है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बालापीर निवासी मुज्जन की पत्नी अफसाना ने एक प्राइवेट बैंक से 80 हजार रुपये लोन के लिए आवेदन किया था। शनिवार को वह बैंक से लोन का रुपये लेने गई। आरोप है कि बैंक कर्मचारी ने पांच हजार रुपये रिश्वत के काटकर अफसाना को 75 हजार रुपये दे दिए। अफसाना बैग में रुपये रखकर ई-रिक्शा से आ रही थी।

ई-रिक्शा चालक ने रास्ते में अफसाना को दूसरे ई-रिक्शे में बैठा दिया। उसमें विवाहिता व एक युवती उसके पास बैठ गए। महिला ने उसके बैग के ऊपर अपना बैग रख दिया। कुछ दूरी पर महिला व युवती ई-रिक्शा से उतरकर चले गए। अफसाना ने बैग खुला देखा। बैग के अंदर रखे 75 हजार रुपये चोरी हो चुके थे। अफसाना कोतवाली गई और आपबीती बयां की।

कोतवाली से उसको सरायमीरा चौकी भेजा गया। अफसाना चौकी में गइ।

## हादसों को रोकने के लिए पूर्वी बाईपास का समतलीकरण शुरू

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ। पूर्वी बाईपास नेशनल हाईवे पर जंक्शन का निर्माण होना है। इसके लिए एनएचएआई की अधिग्रहित की गई जमीन पर बनीं 18 दुकानों को पांच महीने पहले ध्वस्त करा दिया था।

तभी से यह स्थान ऊबड़-खाबड़ पड़ा था, जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे थे। हादसों को रोकने के लिए डीएम के निर्देश पर कार्यदायी संस्था समतलीकरण का काम शुरू करा दिया है। छिबरामऊ से गुजरे नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का काम पूरा हो चुका है। पूर्वी, पश्चिमी बाईपास पर जंक्शन और फर्रुखाबाद चौराहे पर गोल चक्कर का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। जून माह में पूर्वी बाइपास पर अधिग्रहित जमीन पर बनी दुकानों को एनएचएआई ने ध्वस्त करा दिया था, लेकिन कुछ दिनों बाद बरसात शुरू हो जाने के कारण जंक्शन निर्माण चालू नहीं हो पाया।

ध्वस्त दुकानों का मलबा हटने के बाद से पूर्वी बाईपास पर तालाब की तरह बन गया था। इस कारण यहां अक्सर हादसे हो रहे थे।

खंड विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप

# बीडीओ साहब नहीं आते ऑफिस, 3 महीने में मात्र 20 दिन ही ऑफिस आने का आरोप

■ विकास कार्य को नहीं मिल पा रही है गति बस्ती होटल में रहकर चलाते हैं ब्लॉक

जन एक्सप्रेस । दिलीप उपाध्याय/सोनू पाठक




बस्ती। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्ती के बावजूद भी उनके ऑफिसर सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला बस्ती जिले के बहादुरपुर ब्लॉक का जहां बीडीओ गणेश दत्त शुक्ला पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बहादुरपुर शैलेंद्र दुबे ने बीडीओ के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रमुख प्रतिनिधि का कहना है कि बीडीओ साहब पिछले 3 महीने में मात्र 20 दिन ही ब्लॉक पर आए हैं जिससे ब्लॉक के विकास कार्य बाधित हो रहे है। आरोप यह भी है कि बीडीओ साहब बस्ती जिले के एक निजी होटल में बैठकर ब्लॉक चला रहे हैं। प्रमुख प्रतिनिधि शैलेंद्र दुबे का कहना कि बीडीओ साहब व कर्मचारियों की मेहरबानी से पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार का ही बोलबाला है।बीडीओ साहब कुछ दलाल के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यहां तक बीडीओ बहादुरपुर गणेश दत्त शुक्ला के खिलाफ प्रधान संघ भी मोर्चा खोल चुका हैं, लेकिन बीडीओ के कार्य शैली में सुधार आने का नाम नहीं ले रहा है। वैसे भी बीडीओ गणेश दत्त शुक्ल का पुराना रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं रहा है रामनगर में तैनाती के दौरान इनके खिलाफ प्रधान संघ उनके कार्य से इतना अजिज हो गया था कि इनके खिलाफ बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया गया था, जिसके चलते बीडीओ साहब को रामनगर से हटाकर बहादुरपुर ब्लॉक में तबादला कर दिया गया था। लोग बताते हैं की बीडीओ साहब जहां भी जाते हैं इनका स्वागत वहां के प्रधान बीडीसी धरना प्रदर्शन करके करते हैं।

वहीं दूसरी तरफ बहादुरपुर बीडीओ गणेश दत्त शुक्ल ने पत्र के माध्यम बताया कि 20 करोड़ कार्य की जबरन स्वीकृति के लिए शैलेंद्र दुबे ने जान माल की धमकी दिए है। जिसको लेकर बीडीओ ने पुलिस अधीक्षक गोपाल चौधरी पत्र देकर अपने जान, माल सुरक्षा व कार्यवाही की मांग किया है।

इस मामले को लेकर जब बीडीओ साहब के सीयूजी नंबर 9454464728 पर पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन नंबर नॉट रीचेबल आ रहा था।इस संबंध में थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप ने बताया कि मुकदमा लिखा गया है जांच करके आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।वहीं प्रमुख प्रतिनिधि बहादुरपुर शैलेंद्र दुबे ने सारे आरोपों को निराधार बताया है। शैलेंद्र दुबे का कहना है कि मेरी लोकप्रियता व छवि धूमिल करने का खड्यंत्र किया जा रहा है।

# एक दिन में कई परीक्षाएं, स्कीम पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च को खत्म हो जाएंगी। कई परीक्षार्थियों की परीक्षा एक दिन में दो-दो विषय की कर दी हैं।

कई मुख्य विषय की परीक्षा में कम अंतर रखा गया है। शिक्षकों व शिक्षक संघ ने बोर्ड की ओर से जारी की गई समय सारणी पर सवाल उठाए हैं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संगठन का कहना है कि यह छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ है। वह संशोधन की मांग करेंगे। परीक्षार्थियों और शिक्षकों के अनुसार यूपी बोर्ड के घोषित परीक्षा कार्यक्रम में एक मार्च को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित एवं द्वितीय पाली में हाईस्कूल ऑटोमोबाइल और वाणिज्य विषय की परीक्षा रख है।

हाईस्कूल में छात्रों के लिए गणित अनिवार्य विषय है, अतः एक ही छात्र सुबह की पाली में गणित का पेपर देगा।

द्वितीय पाली में ऑटोमाबाइल या वाणिज्य का। चार मार्च प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल कृषि विषय का प्रश्न पत्र है।

इसी प्रकार प्रथम पाली में इंटर के वाणिज्य वर्ग के लिए लेखाशास्त्र विषय तथा द्वितीय पाली में इंटर के अर्थशास्त्र विषय का प्रश्न पत्र है।

हाईस्कूल में विज्ञान अनिवार्य विषय है, जो छात्र प्रथम पाली में विज्ञान की परीक्षा देंगे।

वे छात्र द्वितीय पाली में कृषि विषय का पेपर देंगे।

इसी प्रकार इंटर वाणिज्य वर्ग के छात्र सुबह की पाली में लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा देंगे एवं द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा देंगे। 11 मार्च को इंटर का प्रथम पाली में व्यावसायिक शिक्षा वर्ग के आई वर्ग के परीक्षार्थियों का चतुर्थ प्रश्न पत्र एवं उन्हीं परीक्षार्थियों का द्वितीय पाली में संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र रख दिया गया है।

12 मार्च को प्रथम पाली में इंटर का व्यावसायिक शिक्षा वर्ग के परीक्षार्थियों का पंचम प्रश्न पत्र एवं उन्हीं परीक्षार्थियों का द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय का पेपर है।

# राहुल ने पार्टी के सांसदों को दी नसीहत, बोले, इंडिया गठबंधन के नेताओं के बयान पर ना करें टिप्पणी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपनी पार्टी के सांसदों को कहा कि वे विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं के बयानों पर टिप्पणी करने से परहेज करें क्योंकि अगर कोई मुद्दा है तो उसे पार्टी नेतृत्व देखेगा। सूत्रों के अनुसार पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ बैठक में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सांसदों को जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राहुल गांधी की यह सलाह ऐसे समय में आई है, जब भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेता नेतृत्व के मुद्दे को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेता आक्रामक तरीके से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व सौंपने की वकालत कर रहे हैं।



सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने मंगलवार सुबह पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सांसदों से यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करें कि संसद की बैठकों से पहले पार्टी के विरोध प्रदर्शन में भी सभी मौजूद रहें, खासकर तब जब कांग्रेस अध्यक्ष इसमें भाग ले रहे हों। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के लोकसभा सदस्यों से कहा कि वे सहयोगी दलों के छोटे और मध्य स्तर के नेताओं के बयानों पर टिप्पणी नहीं करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी समूह में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस मुद्दों को सुलझाने में सक्षम है।

### 'अदाणी मुद्दे पर विपक्ष के विरोध से सरकार घबरा रही'

बता दें कि, शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने मंगलवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी इस बात पर चर्चा करने के लिए तैयार है कि क्या कांग्रेस के बाहर किसी को विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व करना चाहिए। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं ने भी अपनी नेता ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व देने की पैरवी की थी। राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी मुद्दे पर विपक्ष के विरोध से सरकार घबरा रही है और उन्हें लोगों के मुद्दे उठाते रहना चाहिए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने जोर देकर कहा कि वह चाहते हैं कि सदन चले ताकि विपक्ष की आवाज सुनी जा सके। माना जा रहा है कि वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सांसदों से विरोध के लिए नए नए सुझाव लाने का आग्रह किया है। बैठक के तुरंत बाद कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में अदाणी मुद्दे पर प्रदर्शन किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अरबपति गौतम अदाणी के कार्टून छपे काले झोले थे और आगे की तरफ मोदी अदाणी भाई भाई लिखा था।

## राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रमेश बोले, हमने केवल विपक्षी सदस्यों के अपमान के खिलाफ आवाज उठाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि पिछले 72 साल में यह पहली बार है जब विपक्षी दलों ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। यह दिखाता है कि स्थिति कितनी खराब हो चुकी है। जिस तरीके से राज्यसभा सभापति ने सदन को चलाया, उसने हमें यह अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर किया। सभी विपक्षी दलों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कहा गया है कि वह पक्षपाती हैं। रमेश ने कहा, यह व्यक्तिगत मामला नहीं है। हमने केवल विपक्षी सदस्यों के अपमान के खिलाफ आवाज उठाई है। विपक्षी दलों के सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप), द्रमुक, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी के सांसद शामिल हैं।

# केजरीवाल पर लगाया बड़ा आरोप

## दिल्ली चुनाव से पहले 'आप' को झटका, सीलमपुर से विधायक अब्दुल रहमान दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सीलमपुर से विधायक अब्दुल रहमान ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मुस्लिमों को लेकर आरोप लगाया है कि पार्टी ने सत्ता की राजनीति में उलझकर मुसलमानों के अधिकारों को नजरअंदाज किया, अरविंद केजरीवाल ने हमेशा जनता के मुद्दों से भागकर अपनी राजनीति की। इंसाफ और हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। जानकारों का मानना है कि वह अब कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। अब्दुल रहमान ने अपने इस्तीफे में लिखा है, यह फैसला मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन पार्टी के नेतृत्व और नीतियों में जिस तरह से मुसलमानों और अन्य वंचित समुदायों की उपेक्षा की गई है। उसके बाद यह मेरा नैतिक कर्तव्य बन गया है। पार्टी की स्थापना के समय मैंने इसे एक ऐसी पार्टी माना था, जो धर्म, जाति



और समुदाय से ऊपर उठकर जनता की सेवा करेगी। लेकिन बीते वर्षों में आम आदमी पार्टी ने बार-बार यह साबित किया है कि वह केवल वोट बैंक की राजनीति करती है और जब किसी समुदाय के अधिकारों की रक्षा की बात आती है, तो पार्टी चुप्पी साध लेती है। दिल्ली दंगों के समय आपकी सरकार का रवैया बेहद निराशाजनक रहा। दंगे के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए न कोई ठोस कदम उठाए गए, न ही कोई सहानभूति प्रकट की गई। झूठे आरोपों में फंसाए गए हमारे साथी ताहिर हुसैन को न पार्टी ने सिर्फ निष्कासित किया, बल्कि उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।

# राजगोपालाचारी की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वतंत्र सेनानी सी राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और भारत को आगे बढ़ाने के प्रयासों के लिए रामगोपालाचारी को हमेशा याद किया जाएगा। बता दें कि राजगोपालाचारी एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ राजनेता, वकील और देश के एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल भी थे। हालांकि, गवर्नर जनरल का पद आजादी के बाद समाप्त कर दिया गया था। राजगोपालाचारी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर स्मरण। उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और भारत को आगे बढ़ाने के प्रयासों के लिए याद किया जाता है। उन्होंने शासन, साहित्य और सामाजिक सशक्तिकरण पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके सिद्धांत हमें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करते हैं कि प्रत्येक भारतीय सम्मान से जीवन जिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को स्वाहिद दिवस के मौके पर कहा कि यह दिन उन लोगों के साहस और बलिदान को याद करने का दिन है जिन्होंने खुद को असम आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया। असम आंदोलन राज्य में अवैध अप्रवासियों के निर्वासन क मांग करने वाला एक स्वदेशी आंदोलन था। इस आंदोलन में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 10 दिसंबर को स्वाहिद दिवस के तौर पर मनाया जाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा, स्वाहिद दिवस उन लोगों को याद करने का दिन जिन्होंने खुद को असम आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया था।

# ई रिक्शा पलटा चालक समेत नागरिक हुए घायल

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद जनपद के तीन हिंडन परिक्षेत्र में इंदिरापुरम इलाके के कनावनी क्षेत्र में एक ई रिक्शा पलटने से रिक्शा चालक समेत अन्य लोग घायल हो गए है। कई के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना का कारण ए रिक्शा के अत्यधिक सवारियों को बैठाना और तेज गति बताया गया है। ट्रैफिक पुलिस की अनदेखी का परिणाम जनता भुगत रही है।

शहरों और कस्बों में ई-रिक्शा और साइकिल रिक्शा की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह स्थिति सवारियों की सुविधा बढ़ाने के बजाय कई बार दुर्घटनाओं और यातायात जाम का कारण बन रही है। ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी प्रमुख है।

प्रशासन द्वारा रिक्शा की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने के कारण इनकी संख्या में अनावश्यक वृद्धि हो



रही है । जिससे अधिक कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने से रिक्शा का संतुलन बिगड़ता है, जो दुर्घटना का प्रमुख कारण बनता है। कई रिक्शा चालक बिना उचित प्रशिक्षण के वाहन चलाते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते। जो दुर्घटना के मुख्य कारक बन रहे हैं।

# अभूतपूर्व आपदा थी कोरोना महामारी

## टीकाकरण ने बचाई जानें, सुप्रीम कोर्ट में बोला केंद्र



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोरोना महामारी एक ऐसी आपदा थी, जैसे पहले कभी नहीं देखी गई और टीकाकरण ने लाखों लोगों की जान बचाई। सरकार ने यह जवाब तब दिया, जब जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ दो लड़कियों की कथित रूप से टीकाकरण से मौत को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी पेश हुए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी एक अभूतपूर्व आपदा थी। इस पर लड़कियों के परिजनों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कोलिन गोंसाल्विस ने जवाब दिया, हम इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। हम विवाद नहीं कर रहे हैं। याचिका दोनों लड़कियों (18 वर्षीय और 20 वर्षीय) के परिजनों की ओर से दायर की गई है। उनका कहना है कि कोविशील्ड टीके की पहली डोज लेने के बाद लड़कियों को गंभीर प्रतिकूल प्रभावों (एईएफआई) का सामना करना पड़ा।

### टीकाकरण ने बचाई लोगों की जान: एएसजी ऐश्वर्या भाटी

भाटी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कोविड टीकाकरण के पहलुओं को समग्र रूप से देखा था और एईएफआई फैसला दिया था। उन्होंने कहा, अंत में यह संतुलन का सवाल है। कोरोना महामारी एक अभूतपूर्व आपदा थी और टीकाकरण ने महामारी के दौरान जीवन बचाए हैं। हमारे पास एक मजबूत नियामक तंत्र है।

### सरकार को चार हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश

उन्होंने यह भी दलील दी कि 2021 में यूरोपीय देशों ने कोविशील्ड टीके के इस्तेमाल पर रोक लगा थी, क्योंकि यह खतरनाक था। पीठ ने गोंसाल्विस से कहा कि वे इस आवेदन की एक प्रति तीन दिन के भीतर केंद्र के वकील को दें। कोर्ट ने भाटी से कहा, हम आपको आवेदन पर जवाब देने के लिए समय दे रहे हैं, उसके बाद हम पूरे मामले को सुनेंगे। सरकार को चार हफ्ते के भीतर इस आवेदन पर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद मामले पर अगली सुनवाई होगी।

### मामला टीकाकरण से प्रतिकूल प्रभावों को लेकर है: वरिष्ठ वकील गोंसाल्विस

गोंसाल्विस ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ताओं ने टीकाकरण के बाद अपनी बेटियों को खो दिया। इसके जवाब में पीठ ने कहा, कोर्ट ने इसे माना है, अब हमें इसे निपटाना होगा। इसके बाद भाटी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2022 में इस याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था और सरकार का जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर है। हालांकि, गोंसाल्विस ने कहा कि यह मामला टीकाकरण से जुड़े नुकसान का है, जिसमें उपचार के उपायों का खुलासा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने एक आवेदन दायर किया था, जिसमें सरकार से टीके के प्रतिकूल प्रभावों और उनके उपचार की जानकारी देने की मांग की गई थी।

# कुवैत के बैंक ने केरल की नर्सों पर लगाया 700 करोड़ का कर्ज न चुकाने का आरोप, प्राथमिकियां दर्ज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कुवैत के एक प्रमुख बैंक ने केरल के विभिन्न थानों में शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि राज्य के 1,400 से अधिक लोगों ने कुवैत में काम करते समय जो बड़े कर्ज लिए थे, उन्हें चुकाने में विफल रहे हैं। इनमें अधिकांश नर्सें शामिल हैं। इन ऋणों की राशि करीब 700 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बैंक के मुताबिक, कुवैत में काम करने के बाद ऋण न चुका पाने वाले ज्यादातर लोग कुवैत से अपने गृह राज्य लौट आए या फिर अन्य देशों में चले गए। इसलिए कुवैत के बैंक केएससीपी (कुवैत शेयरहोल्डिंग कंपनी) ने केरल पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राज्य में 10 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। इनमें से आठ प्राथमिकियां एर्नाकुलम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और एक कुट्टयम में दर्ज की गई हैं। ये मामले बैंक के उप




प्रबंधक मोहम्मद अब्दुल वेसी कामरान की शिकायत के बाद दर्ज किए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर मामले पिछले महीने दर्ज किए गए और इन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 406, 420, 120-बी, 34 आदि के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### अधिकांश नर्सों ने कोरोना महामारी के दौरान ऋण लिए

बैंक को कानूनी मदद देने वाले वकील थॉमस जे. अनक्कुलुंकल ने इसे बड़ी धोखाधड़ी बताते हुए कहा कि इन लोगों ने बैंक से 75 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक के कर्ज लिए थे। उन्होंने बताया कि कुवैत के सरकारी अस्पतालों में काम करने वाली अधिकांस नर्सों ने कोरोना महामारी के दौरान ऋण लिया था और ये ऋण उन्होंने अपने वेतन प्रमाण पत्रों के आधार पर प्राप्त किए थे। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 1,400 से ज्यादा लोगों ने करीब 700 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान नहीं किया।

### 'बैंक का भरोसा हासिल करने के लिए पहले लिए छोटे ऋण'

वकील ने आगे बताया कि इन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी की। ये लोग पहले छोटे ऋण लेते थे और उन्हें बिना किसी परेशानी के चुका देते थे, जिससे वे बैंक अधिकारियों का भरोसा हासिल कर लेते थे। बाद में वे बड़े ऋण लेते, जिनकी राशि 75 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक होती और इनकी किस्तें भी दो-तीन बार समय पर चुकाते। इसके बाद वे छुट्टी के बहाने कुवैत से अपने अपने गृह राज्य वापस जाते और फिर कभी वापस नहीं लौटते या बाकी किस्तों का भुगतान नहीं करते।

### 'गृह मंत्रालय के सामने उठाया मुद्दा'

उन्होंने बताया कि कुवैत के बैंक ने इस मामले को भारत के गृह मंत्रालय के सामने उठाया, जो इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहा है। वकील ने कहा, बैंक के पास इन लोगों के पासपोर्ट की जानकारी और घर के पते थे, इसलिए उन्हें ढूंढना और शिकायत दर्ज करना मुश्किल नहीं है।

### 'कई अन्य देश भी दर्ज करा सकते हैं इसी तरह की शिकायतें'

वकील ने यह भी कहा कि केवल कुवैत ही नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया के अन्य कई संस्थानी भी इसी तरह की धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं और वे भी इसी तरह शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कर्ज न चुकाने वाले लोगों के उस दावे को भी खारिज किया कि उन्होंने कोरोना महामारी के कारण नौकरी खोने के बाद ऋण की किस्तें चुकाने में असमर्थता जताई थी। वकील ने कहा कि यह एक झूठा बहाना है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच जारी है और कुछ कर्ज न चुकाने वाले लोगों ने राशि वापस करने की इच्छा जताई है।



## गाजियाबाद नगर निगम चुनाव 17 दिसंबर और मतगणना 19 को

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा 26 नवंबर 2024 के आदेश के अनुसार नगर निगम के वार्ड संख्या 19 और वार्ड 21 का उप निर्वाचन हेतु समय सारणी निर्धारित कर दी गई है। मतदान हेतु 17 दिसम्बर व मतगणना हेतु दिनांक 19 दिसम्बर की तारीख निर्धारित है। नगर निगम गाजियाबाद के वार्ड 19 और वार्ड 21 के प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय चुनाव सम्बन्धी सम्मेलन, सभा, रैली, जुलूस की अनुमति जारी करने हेतु उप जिलाधिकारी सदर, गाजियाबाद को नामित किया गया है। नियुक्त अधिकारी निर्वाचन लड़ने लड़ने वाले प्रत्याशियों को अनुमति जारी करने की कार्यवाही करेंगे। निर्वाचन के बाद यह आदेश स्वतः निष्प्रभावी हो जाएंगे। ज्ञात हो कि दोनों वार्डो के निर्वाचित सदस्यों के निधन के उपरांत चुनाव हो रहे हैं।

# एक हैं तो सेफ हैं के मुद्दे ने बदली सियायत

## हिंदू आक्रोश रैली के रूप में आने लगे परिणाम

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद सहित पूरे देश प्रदेश में में आयोजित हिंदू आक्रोश रैली को भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के संदर्भ में देखा जाए तो यह एक व्यापक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है, जो हिंदू राष्ट्रवाद और समुदाय आधारित ध्रुवीकरण पर आधारित है। भाजपा अक्सर अपने राजनीतिक एजेंडे में हिंदू हितों और धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता देती रही है, और ऐसी रैलियां इसी दिशा में प्रयासों का हिस्सा हैं। गाजियाबाद सहित अन्य जिलों और राज्यों में आयोजित विभिन्न संगठनों के संयुक्त आह्वान पर आयोजित हिंदू आक्रोश रैली का मुख्य उद्देश्य वैश्विक रूप से हिंदू समुदाय के साथ कथित अन्याय, धार्मिक असंतुलन, और लव जिहाद या धर्मांतरण जैसे मुद्दों को उठाना है।

इसका मकसद हिंदू समुदाय के भीतर एकता और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाना होता है। जिसका लाभ भाजपा को महाराष्ट्र के चुनाव हो या उत्तर प्रदेश का उपचुनाव खूब सफलता के साथ देखने को मिला है। भाजपा लंबे समय से हिंदुत्व और धार्मिक ध्रुवीकरण को अपनी राजनीति के मुख्य बिंदु के रूप में उपयोग करती रही है। गाज़ियाबाद जैसे इलाके, जो उत्तर प्रदेश और दिल्ली के पास स्थित हैं, में भाजपा का मजबूत प्रभाव है । गाज़ियाबाद जैसे क्षेत्र, जहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय का मिश्रण है, भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं। रैली के माध्यम से स्थानीय हिंदू वोटों को एकजुट करने की कोशिश होती है। भाजपा अक्सर ऐसी रैलियों का उपयोग अपने राष्ट्रीय हिंदुत्व एजेंडे को मजबूत करने के लिए करती है। भाजपा और उससे जुड़े उसके आनुषंगिक संगठनों ने हिंदू आक्रोश रैली जैसी गतिविधियों के जरिए खुद को हिंदू धर्म और संस्कृति के रक्षक के रूप में पेश किया है । जिसका प्रत्यक्ष लाभ भी दिख रहा है। ऐसे आयोजनों में अक्सर धार्मिक नेताओं और भाजपा समर्थक नेताओं की उपस्थिति होती है, जो लोगों को यह संदेश देने की कोशिश करते हैं कि भाजपा हिंदू धर्म के साथ खड़ी है। इन मुद्दों को भावनात्मक रूप से पेश कर हिंदू समुदाय को भाजपा के पक्ष में लामबंद करने की कोशिश की जाती है । हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा फ्रंट पर भले आकर नहीं खेल रही हो लेकिन उसके इस दांव ने दक्षिण में भी भारतीय जनता पार्टी के इस विचार की बीज बो दिया है। जिसका असर दक्षिण राज्यों के आगामी चुनावों में भाजपा को मिल सकता है। जिस प्रकार से भाजपा ने शिवसेना के विघटन के बाद उसके मूल मुद्दे को अपना बनाया और भारी सफलता अर्जित किया वह पूरे देश में प्रधानमंत्री के नारे एक है कि तो सेफ के कथन को सार्थक सिद्ध करता है।

# 'बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए करें हस्तक्षेप'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू समुदाय से जाति समूहों में न बंटने और एकजुट रहने की भी अपील की है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शनकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए रामगिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ तुरंत बड़ा कदम उठाने की जरूरत है। बता दें कि, ये प्रदर्शन सकल हिंदू जनजागरण समिति की तरफ से आयोजित किया गया था।

### बांग्लादेश में हिंदू अत्याचारों के कारण पीड़ित हैं

इस दौरान धार्मिक नेता रामगिरी महाराज ने कहा, %बांग्लादेश में हिंदू अत्याचारों के कारण पीड़ित हैं। यहां तक कि हिंदू महिलाओं को भी नहीं बख्शा जा रहा है। मंदिरों और बुद्ध विहारों में तोड़फोड़ की जा रही है। सनातन धर्म किसी भी समुदाय से नफरत नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान इस्कॉन ने बांग्लादेश के लोगों को भोजन कराया, लेकिन अब वे संगठन के खिलाफ हो गए हैं।

### सभी को अपने पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता

रामगिरी महाराज ने कहा कि हर किसी को अपनी पसंद का धर्म अपनाने की स्वतंत्रता है। इस साल की शुरुआत में हिंदू संत ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया था, जिसके कारण पूरे महाराष्ट्र में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, मंगलवार को मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ और परभणी शहरों और बीड जिले के कुछ गांवों में बांग्लादेश की स्थिति को लेकर प्रदर्शन हुए। शिवसेना विधायक बालाजी कल्याणकर नांदेड़ में एक हिंदू संगठन की तरफ से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। बीड जिले के परली शहर और परभणी शहर में शांतिपूर्ण बंद रहा। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये। पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को कथित तौर पर निशाना बनाये जाने के खिलाफ नागरिक समाज के सदस्यों ने विरोध जुलूस का आह्वान किया था। अधिकारियों ने बताया कि विरोध-प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित हुआ और यात्रियों को असुविधा हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, %हमने विरोध जुलूस के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।




### 'बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन दुर्भाग्यपूर्ण'

इधर पश्चिम बंगाल में इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा कि, आज मानवाधिकार दिवस है। बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र जागेगा और देखेगा कि बांग्लादेश में क्या हो रहा है। बहुत सारे चरमपंथी नरसंहार का खुला आह्वान कर रहे हैं। भारत सरकार प्रयास कर रही है। विक्रम मिसरी भी कल वहां गए थे, लेकिन बांग्लादेश सरकार को ही ऐसे चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।

### हिंदुओं पर अत्याचार बंद होना चाहिए: रामगिरी

रामगिरी महाराज ने आगे कहा कि, कुछ मतलबी लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। वे भारतीय संविधान पर विश्वास करने का आह्वान कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो सर तन से जुदा जैसे नारे क्यों लगाए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जातियों में नहीं बांटा जाना चाहिए। सरकार को बांग्लादेश में अन्याय और अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अगर सरकार ऐसे फैसले नहीं ले सकती तो समुदाय को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, हिंदुओं पर अत्याचार बंद होना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)